


सुप्रभात | रांची, शुक्रवार 09.05.2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 292 | khabarmantra.net | * * नगर संस्करण। पेज : 12

## पाक के दुस्साहस पर चला सुदर्शन चक्र घर में घुस कर मारा

# पाकिस्तान धुआं-धुआं

## लाहौर, रावलपिंडी पर किया सीधा हमला, एफ-16 समेत तीन फाइटर जेट मार गिराया, पायलट कब्जे में

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की ओर से किये गये तमाम हमलों को नाकाम करते हुए भारतीय सेना ने लाहौर और रावलपिंडी पर सीधा ड्रोन अटैक कर दिया है। शहरों में ड्रोन हमले से अफरा-तफरी मची हुई है। भारत ने पाकिस्तान के तीन सबसे अपडेटेड फाइटर जेट एफ-16 और दो जेएफ-17 को मार गिराया। ये जेट भारत पर हमले की कोशिश कर रहे थे। इसके अलावा पाकिस्तान की आठ मिसाइलों और सौ से अधिक ड्रोन को भी मार गिराया। इसके साथ ही भारतीय फौज पाकिस्तान की सीमा में घुस गयी है।

इससे पहले पीएम मोदी को जवाबी कार्रवाई के बारे में ब्रीफ किया गया था। उन्हें बता दिया गया है कि जवाब में भारत क्या कार्रवाई करेगा। भारतीय सेनाओं की ओर से पीएम्र मोदी को ब्रीफ कर दिया गया है। पूरी कार्रवाई की निगरानी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल निगरानी कर रहे हैं।

पाकिस्तान ने अबतक भारत के 5 सैन्य ठिकानों पठानकोट, उधमपुर, कठुआ, सांबा और कालू चाक में सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से अटैक करने की कोशिश की, जिन्हें भारतीय सेना ने ढेर कर दिया है। जम्मू यूनिवर्सिटी के पीछे वाले गेट के पास भारतीय सेना ने पाकिस्तान के तीन ड्रोन को मार गिराया।

### हाई अलर्ट, छुट्टियां रद्द

जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और गुजरात के बाद दिल्ली सरकार ने अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। यह इस लिए किया गया है ताकि ऐसे समय में लगातार समन्वय बना रहे। सीमावर्ती इलाकों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सीमावर्ती इलाकों में ब्लैक आउट कर दिया गया है। उड़ाने रोक दी गयी हैं।

## पाक में घुसी हमारी फौज, जैसलमेर से निकले चार फाइटर जेट



### नौसेना ने भी संभाल ली कमान

भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के 9 आतंकी अड्डों को मिट्टी में मिलाने के बाद से ही दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। भारतीय हमले में करची बंदरगाह भी तबाह हो गया है। पाकस्तान को करारा जवाब देने के लिए भारतीय नौसेना का पश्चिमी कमांड पाकिस्तान की ओर कूच कर गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुख से लगातार संपर्क में हैं। गृह मंत्री अमित शाह भी सलातार तीनों सेना के अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं।

### पाक के सभी डिफेंस सिस्टम नाकाम

भारत के जवाबी हमले में लाहौर, सियालकोट, कराची का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो गया। जंग के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने अर्द्धसैनिक बलों के डीजी से बात की। जवाबी कार्रवाई का जायजा लिया और सख्त जबाव देने का आदेश दे दिया है। भारत के काउंटर अटैक के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। लाहौर, इस्लामाबाद, कराची और बहावलपुर में सायरन बज रहे हैं। तमाम शहर अंधकार में डूबे हुए हैं। पाकिस्तान के सबसे अपडेटेड एयरबोर्न वॉर्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम को तबाह कर दिया है। यह डिफेंस सिस्टम पाकिस्तान की निगरानी और युद्ध नियंत्रण क्षमताओं का एक अहम हिस्सा माना जाता है।

### पाक संसद में रोने लगा सांसद कहा- अल्लाह हिफाजत करे

भारत की की स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान की संसद में डर का माहौल साफ दिखा। पूर्व सैन्य अधिकारी और सांसद ताहिर इकबाल संसद में बहस के दौरान रो पड़े। रोते-रोते बोले, अल्लाह इनकी हिफाजत करे। इकबाल का यह बयान चीख-चीख कर बता रहा हैं, कि सिंदूर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान हुकूमत डरी हुई है।

### रावलपिंडी स्टेडियम तबाह

भारतीय हमले में पाकिस्तान के रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम तबाह हो गया है। हमले के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बॉर्ड ने मैच स्थगित कर दिये हैं। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम पीएसएल टूनार्मेंट की मेजबानी कर था।

### 14 पाकिस्तानी जवानों को उड़ाया

भारत और पाकिस्तान युद्ध के बीच, पाकिस्तान के बीच बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) भी एकश्न में आ गया है। बीएलए ने पाकिस्तानी सेना की गश्ती गाड़ी को उड़ा दिया। बीएलए के इस आईईडी हमले में 14 पाकिस्तानी सैनिक मारे गये। धमाका इतना ताकतवर था कि गाड़ी का नामोनिशान मिट गया। यह हमला बलूचिस्तान के अशांत क्षेत्र में हुआ।

**बड़ा आतंकी रऊफ अजहर ढेर :** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय वायुसेना के सटीक हवाई हमलों में जैश-ए-मोहम्मद का ऑपरेशनल प्रमुख और 1999 के आइसी 814 विमान अपहरण का मास्टरमाइंड अब्दुल रऊफ अजहर भी मारा गया। भारत का सबसे बड़ा दुश्मन रऊफ पुलवामा से संसद हमले तक का मास्टरमाइंड था। यह ऑपरेशन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया।

## कराची, लाहौर और रावलपिंडी समेत 12 शहरों में घुस कर मारा

### पाक की वायु रक्षा प्रणाली को मिट्टी में मिला दिया

### इस्लामाबाद, लाहौर कराची, एयरपोर्ट बंद सुदर्शन चक्र एस-400 बना भारत का रक्षा कवच


**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाये पाकिस्तान की नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। बुधवार- गुरुवार की देर रात पाकिस्तान की ओर से भारत के कई सैन्य ठिकानों पर कायराना हमले की कोशिश की जिसे भारत ने नाकाम कर दिया है। इस दौरान भारत का एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने सुरक्षा कवच (सुदर्शन चक्र) बन कर अपना जलवा दिखाया और पाकिस्तान की ओर से आ रहे कई ड्रोन को नष्ट कर दिया।

जबरदस्त पलटवार करते हुए भारत ने दुश्मन देश के एयरडिफेंस सिस्टम को नष्ट करते हुए पाकिस्तान के 12 शहरों में जबरदस्त ड्रोन हमला कर दिया। पाकिस्तान के विभिन्न शहरों में हुए धमाकों ने देश को हिलाकर रख दिया। (शेष पेज 11 पर)

### धमाके से दहला पाकिस्तान, हाहाकार

पाकिस्तान के लाहौर और कराची सहित 6 बड़े शहरों में ड्रोन हमलों की पुष्टि ने देश की सुरक्षा व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। कराची को सेना ने अपने कब्जे में ले लिया है। अब तक कराची, लाहौर, गुंजरावाला, चकवाल, घोटकी और उमरकोट में कुल 12 ड्रोन धमाके हो चुके हैं, जिससे कई इलाकों में इमरजेंसी जैसे हालात हैं।





## ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है और रहेगा

### सर्वदलीय बैठक में बोले रक्षा मंत्री-कई आतंकी ठिकाने अभी बचे हैं



### सभी दलों ने कहा, हम साथ हैं

सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, संकट के समय में हम सरकार के साथ हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की संकट की घड़ी में हम सरकार पर कोई दबाव नहीं डाल रहे हैं और राष्ट्र हित में सरकार के साथ खड़े हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने सरकार को पूरा समर्थन दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजु ने कहा कि राजनीतिक दल जनता की आवाज होते हैं और सभी नेता एक स्वर में बोल रहे हैं और यह सरकार की सफलता है। लगातार घटनाक्रम हो रहा है इसीलिए अधिकारियों को बैठक में नहीं बुलाया गया है।

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को बुलायी गयीसर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। अभी ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं होनेवाला है, जबतक कि आतंकियों के सभी ठिकाने मटियामेट नहीं कर देते। उन्होंने कहा कि इस एयरस्ट्राइक में कम से कम 100 आतंकी मारे गये हैं। बुधवार रात भारतीय सेना की एयरस्ट्राइक में पाकिस्तान और पीओके में कम से कम 9 आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूत हो गये हैं। आतंकियों के कम से कम 12 ऐसे ही ठिकाने अभी बचे हुए हैं। सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। सभी नेताओं को पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ ठिकाने पर की गयी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गयी।

**मुंहतोड़ जवाब देंगे :** रक्षा मंत्री राजनाथ का यह बयान पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद शुरू इस ऑपरेशन के सन्दर्भ में आया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन की प्रकृति के कारण, इस समय कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की जा सकती। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान की ओर से लगातार मिल रही खुफिया जानकारी और सीमा पर संभावित खतरों के मद्देनजर ऑपरेशन जारी रखना आवश्यक समझा जा रहा है। यह ऑपरेशन भारत की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर है और किसी भी तरह के खतरे से निपटने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर पाकिस्तान हमला करेगा तो भारत जवाबी हमला करेगा। (शेष पेज 11 पर)

### कार्टून कोना




## कैबिनेट से 34 प्रस्ताव मंजूर : राज्यकर्मियों का डीए दो फीसदी बढ़ा

# बालू घाटों की नीलामी अब जिला प्रशासन करेगा

### जेएसएमडीसी का अधिकार खत्म किया गया

### डीएसपीएमयू का नाम वीर बुद्धु भगत किया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने अब कटेगरी टू और थ्री के 464 बालू घाटों की नीलामी का अधिकार जेएसएमडीसी से छीन लिया गया है। गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इन बालूघाटों की नीलामी का अधिकार जिला प्रशासन को दे दिया गया। इसके लिए सरकार ने झारखंड सैंड माइनिंग रूल 2025 का गठन किया है। कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में 34 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। विश्ववद्यालय अधिनियम में संशोधन करते हुये डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीयूएम) का नाम बदलकर वीर बुद्धु भगत विश्वविद्यालय करने का फैसला लिया गया।

**राज्यकर्मियों को लाभ :** राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों के महंगाई भत्ते में दो फीसदी की वृद्धि कर दी है। अब इन्हें एक जनवरी 2025 के प्रभाव से 53 फीसदी की जगह 55 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। अब सरकारी कर्मियों को निगरानी स्वच्छता प्रमाण ऑनलाइन एचआरएमएस के तहत जमा करना होगा। इसी के आधार पर कर्मियों को प्रोन्नति दी जायेगी। यह एक महीने तक के लिये वैध रहेगा।

### रिम्स में प्राध्यापकों के पद सृजन की स्वीकृति

रिम्स में प्राध्यापक के 16 और सहायक प्राध्यापक के 34 छाया पद सृजन की स्वीकृति दी गयी। झारखंड फार्मासिस्ट नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई। रिम्स में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान की स्थापना और संचालन के लिये 103 पदों के सृजन की स्वीकृति गई। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, एमजीएम, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज और मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियालिटी के लिये 168 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के लिये 299 करोड़ 30 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। हॉस्पीटल मैनेजमेंट इंफोरमेशन के लिये भारच संचार निगम लिमिटेड और सीडेक को मनोनित किया गया है।

**पुलिस ट्रेड संवर्ग नियमावली मंजूर :** कैबिनेट की बैठक में झारखंड पुलिस ट्रेड संवर्ग नियमावली की स्वीकृति दी गयी। इसके तहत पुलिस में जलवाहक, मैकेनिक, बढ़ई जैसे पदों पर स्थापित कर्मियों की भी प्रोन्नति हो सकेगी। कर्मियों को हवलदार के पद पर प्रोन्नति मिलेगी। (शेष पेज 11 पर)

## 800 करोड़ का जीएसटी घोटाला

# झारखंड व बंगाल के नौ ठिकानों पर इडी की रेड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आठ सौ करोड़ जीएसटी घोटाला मामले को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड के रांची, जमशेदपुर और पश्चिम बंगाल में कुल नौ ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। ईडी सूत्रों के मुताबिक झारखंड और बंगाल के नौ स्थानों पर रेड करने की पुष्टि की गयी है।

रांची में एक बड़े बिल्डर के कांके रोड स्थित आवास पर भी इडी की कार्रवाई की गयी। रांची में एक बड़े बिल्डर के कांके रोड श्रीराम गार्डेन स्थित विवेक नारसरिया के आवास पर भी इडी द्वारा कार्रवाई की जा गयी है।

### क्या है पूरा मामला

ईडी के आधिकारिक सूत्रों ने बताया प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार की सुबह झारखंड और बंगाल में जीएसटी चालान बनाने में फजीर्वाड़े से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत छापेमारी की है। रांची, जमशेदपुर और कोलकाता में कम से कम नौ स्थानों पर ईडी की तरफ से छापेमारी की जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

# पीएम जनमन के तहत 24,104 करोड़ रुपए से सुधरेगा आदिम जनजातीय परिवारों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति : मुख्य सचिव

## राज्य स्तर पर कन्वर्जेंस एवं परिवार/गांव स्तर पर गैप की पहचान पर दिया जोर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए जगुआ) एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) की राज्यस्तरीय शीर्ष कमेटी की बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मुख्य सचिव सभागार में हुई। इसमें जनजाति परिवारों और जनजाति बहुल गांवों को बुनियादी सुविधाओं से पूर्ण कर उनके सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत झारखंड के 7139 गांवों के लगभग 49.76 लाख



जनजातीय लोगों के समग्र विकास के लिए कार्ययोजना का सूत्रण कर कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य सचिव ने केन्द्र एवं राज्य स्तर पर कन्वर्जेंस एवं परिवार/गांव स्तर पर गैप की पहचान तथा संबंधित मंत्रालय से बजटीय आवंटन की प्राप्ति में तेजी लाने पर बल दिया गया, ताकि लक्ष्य की प्राप्ति निर्धारित समय-सीमा के अंदर सुनिश्चित की जा सके। प्रशासी विभाग द्वारा सभी विभागों के लिए एक गाइडलाईन बनाने के परिप्रेक्ष्य में भी कार्रवाई किया जाना अपेक्षित होगा। विभागीय पदाधिकारी को छत्तीसगढ़, ओडिशा आदि राज्यों से संपर्क कर तत्संबंधी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभागवार योजना की गहन समीक्षा की गई, जिसमें संबंधित विभाग द्वारा योजना की स्वीकृति/भौतिक उपलब्धि के परिप्रेक्ष्य में की गई कार्रवाई से अवगत कराया गया। मुख्य सचिव द्वारा प्रशासी विभाग को निदेश दिया गया कि वे अपने स्तर से भारत सरकार से प्राप्त पत्र/निदेशों के आलोक में सभी विभागों को तत्संबंधी कार्रवाई के लिए पत्र निर्गत करें।

पीएम जनमन के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 से आगामी 03 वर्षों के लिए कुल 24,104 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। इसमें केन्द्रांश 15,336 करोड़ रुपए एवं राज्यांश 8,768 करोड़ रुपए है। मुख्य सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना, जल जीवन मिशन, मेडिकल मोबाईल यूनिट, विद्युत ग्रिड, आंगनबाड़ी केन्द्रों, वन धन विकास केन्द्र इत्यादि की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि तत्संबंधी प्रगति प्रतिवेदन/आवंटन आदि के संबंध में सभी विभाग भारत सरकार से पत्राचार कर योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाना सुनिश्चित करें। बैठक में पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, महिला एवं बाल विकास विभाग विभाग के सचिव मनोज कुमार, कृषि सचिव ए सिद्दिकी, स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंहश्रम सचिव जितेन्द्र सिंह, एनआरएचएम के अभियान निदेशक अबू इमरान समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अब सामान्य भविष्य निधि पर मिलेगा 7.1 फीसदी ब्याज

**रांची।** झारखंड सरकार ने सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ/जनरल प्रोविडेंट फंड) पर मिलने वाले ब्याज दर की घोषणा कर दी है। अब जीपीएफ पर 7.1% की दर से ब्याज मिलेगा। यह दर 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी होगी। भारत सरकार के वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। बताते चलें कि इसका लाभ उन सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा, जो जीपीएफ में पैसे जमा करते हैं।

**क्या है वित्त विभाग का आदेश :** वित्त विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि केंद्र सरकार की तरह राज्य में भी जनरल प्रोविडेंट फंड पर 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक 7.1% की दर से ब्याज मिलेगा। यह ब्याज दर केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा तय की गयी है, जिसे झारखंड सरकार ने भी मान लिया है। आदेश में कहा गया है कि भविष्य में केंद्र द्वारा जो ब्याज दरें तय होंगी, वे झारखंड में भी वैसे ही लागू होंगी।

# झारखंड के अस्पताल होंगे हाईटेक और वाई-फाई युक्त : स्वास्थ्य मंत्री

## डॉ. अंसारी का आभार प्रकट-कहा, मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि से झारखंड की सेहत को नई राह

- कैबिनेट ने स्वास्थ्य मंत्री के रोडमैप को दी स्वीकृति
- डजिटल हेल्थ और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को मिली हरी झंडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से गुरुवार को महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कई बड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा तैयार स्वास्थ्य क्षेत्र के रोडमैप पर कैबिनेट की मुहर लग गई है। इस अवसर पर मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता के कारण ही आज झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नए युग की ओर अग्रसर हो रहा है। डॉ अंसारी ने कहा कि मेरा एकमात्र लक्ष्य झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। बतौर डॉक्टर, मैं व्यवस्था की जमीनी जरूरतों को समझता हूं और लगातार उसी दिशा में काम कर रहा हूं। अब बदलाव धरातल पर दिखने लगे हैं।



**मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना को मंजूरी :** मंत्री ने बताया कि झारखंड सरकार ने 300 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध रूप से डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को लागू करना है। योजना के तहत मैनेज्ड वाइ-फाइ, सीसीटीवी युक्त कमांड एंच कंट्रोल सेंटर और एचएमआइएस की व्यवस्था सी-डैक द्वारा की जाएगी। साथ ही एबीडीएम के सभी घटकों को शामिल किया जाएगा। रिम्स रांची में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान की स्थापना के लिए 103 पद सृजित किए गए हैं। इससे नेत्र चिकित्सा सेवाएं और दृष्टिहीनों का पुनर्वास सुदृढ़ होगा। वहीं, राज्य के पांच मेडिकल कॉलेजों (धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, दुमका, पलामू) में सुपर स्पेशियलिटी विभाग के लिए 168 पद स्वीकृत किए गए हैं। इससे विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी। डॉ अंसारी ने स्पष्ट किया कि यह सभी निर्णय राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली को तकनीकी रूप से सशक्त, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि व्यवस्था में व्यापक सुधार समय मांगता है, लेकिन सरकार की मंशा और प्रयास पूरी तरह स्पष्ट हैं-स्वस्थ झारखंड, सशक्त झारखंड।

# पाकिस्तानियों की कारस्तानियों का जवाब भारतीय सेना शौर्य से देगी : बंधु तिर्की

## कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल आतंक के खिलाफ सरकार के साथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि पाकिस्तानी आतंकवादियों को उनकी कायराना हरकत का जवाब भारतीय सेना अपने शौर्य, बहादुरी, बुद्धिमत्ता और दिलेरी के साथ देगी। श्री तिर्की ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हमला कर 26 लोगों की हत्या के जिम्मेदार पाकिस्तानी आतंकियों और उनके आकाओं को सटीक जवाब मिला है। लेकिन जिस प्रकार से भारत-पाक नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा गोलीबारी करने के साथ भारत के 16 शहरों को निशाना बनाने की जैसी असफल कोशिशे की गयी है उसे देखकर लगता है कि पाकिस्तान अपनी करस्तानियों



से बाज नहीं आनेवाला है।

श्री तिर्की ने कहा कि विशेष रूप से पूँछ और उसके आसपास के क्षेत्रों में पाकिस्तानी गोलीबारी गंभीर चिंता की बात है क्योंकि इसमें भारत की बेशकीमती जाने जा रही है। श्री तिर्की ने कहा कि ताजा घटनाक्रम में 15 भारतीयों की मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा में पाकिस्तान द्वारा की जा रही गोलाबारी का मुँहतोड़ जवाब देने में भारतीय सेना सक्षम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया कि ऑपरेशन सिंदूर का शौर्य गौरव की बात है लेकिन सीमा क्षेत्रों में भारतीयों की जान बचाना भी बेहद जरूरी है।

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य को देश का हर व्यक्ति सलाम करता है और तिरंगे के अद्भुत गौरव को बरकरार रखने में हमारी सेना सक्षम है। श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश की मजबूती, एकता और अखंडता के साथ ही भारतीय सेना के सशक्तिकरण को हमेशा सबसे ऊपर रखा है क्योंकि कांग्रेसी मानसिकता के हर व्यक्ति के लिये पहले देश और फिर पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय सेना का जो सशक्त और दूरदर्शी स्वरूप नजर आ रहा है उसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह आदि का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि हर भारतीय जान बहुत अधिक कीमती है और उसे बचाना बहुत अधिक जरूरी है। इसपर सरकार से समझौता नहीं करने का आग्रह करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल का सरकार को पूरा समर्थन है। लेकिन यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि भाजपा के अनेक नेता और प्रवक्ता अपने-आप को इस रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे हैं जैसे देश और इस पर हुए हमले की चिंता केवल उन्हीं को है। जबकि कांग्रेस पार्टी के सभी शीर्षस्थ नेताओं ने बार-बार यह खुलकर कहा है कि कांग्रेस के लिये पहले देश और फिर पार्टी है। अभी पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डों को नष्ट करने के पीछे भी कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के दबाव ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

## शाह की झारखंड यात्रा टली, पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक स्थगित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की झारखंड यात्रा टल गयी है। श्री शाह को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की 27वीं बैठक में शामिल होने के लिये रांची आना था। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक 10 मई को रांची में होनी थी। इस बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। सभी संबंधित राज्यों को सूचित कर दिया गया है कि 10 मई को प्रस्तावित बैठक को स्थगित कर दिया गया है। बैठक की नयी तारीख बाद में जारी की जायेगी। दरअसल, 10 मई को प्रस्तावित होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारी जोरों से हो रही थी। मुख्य सचिव अलका तिवारी लगातार इसकी जानकारी ले रही थीं। गृह मंत्री अमित शाह को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करनी थी। उनका 9 मई को ही रांची आने का कार्यक्रम था। बैठक में बतौर उपाध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी उपस्थित रहना था। इसके अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार के



उप मुख्यमनंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी को भी बैठक में शामिल होना था।

**हो चुकी थी बैठक की पूरी तैयारी :** मुख्य सचिव अलका तिवारी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार समेत वरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिये गये थे। पश्िम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आने की पुष्टि नहीं हुई थी। झारखंड में प्रशासनिक तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी थी। रांची नगर निगम के प्रशासक ने एयरपोर्ट रोड से लेकर रातू रोड, कडरू, अरगोड़ा व अन्य क्षेत्रों में सफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया था।

# महिला के पेट से निकाला गया 7.5 किलोग्राम का स्प्लीन ट्यूमर

## झारखंड को गौरवान्वित करने वाले डॉ अली जैद अनवर को जल्द मिलेगा सम्मान : डॉ इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की स्वास्थ्य सेवा में सुधार और उत्कृष्टता को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा उठाए गए ठोस कदम अब परिणाम दिखने लगा है। इसी कड़ी में गुरुवार को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉ अली जैद अनवर ने चिकित्सा क्षेत्र में एक अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने एक महिला मरीज के पेट से 7.5 किलोग्राम वजनी स्प्लीन ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालकर दो विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं।

**डॉक्टर होंगे सम्मानित, बढ़ायेंगे उनका मनोबल :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ



अंसारी ने इस पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक डॉक्टर की सफलता नहीं, बल्कि झारखंड की स्वास्थ्य प्रबंधन और कार्य संस्कृति की जीत है। मैंने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि जो डॉक्टर ईमानदारी से काम करेंगे, उनका सम्मान निश्ित है। डॉ अनवर इसका सटीक उदाहरण है ,ऐसे डॉक्टरों को सम्मानित करना और उनका मनोबल बढ़ाना मेरी जिम्मेदारी है।

**किसी तरह लापरवाही को बर्दाश्त नहीं :** डॉ अंसारी ने बताया कि अब तक विश्व में किसी महिला के शरीर से निकाला गया सबसे बड़ा स्प्लीन 2.5 किलोग्राम का था, जबकि डॉ अनवर द्वारा निकाले गए स्प्लीन का वजन 7.5 किलोग्राम है। यह न केवल एक चिकित्सीय चमत्कार है, बल्कि झारखंड की बढ़ती मेडिकल क्षमताओं का प्रमाण भी है। उन्होंने कहा कि मैं डॉक्टर ही नहीं बल्कि एक सच्चा स्वास्थ्य सेवक हूं। मेरी प्राथमिकता झारखंड के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है। मैं विभाग को दुरुस्त करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा हूं। उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने में समय लग सकता है, लेकिन वह हर ईमानदार प्रयास का स्वागत करेंगे और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### इस ऐतिहासिक सर्जरी ने दिलाई है नई पहचान

स्वास्थ्य मंत्री श्री अंसारी ने कहा कि मैं आलोचना से डरता नहीं, बल्कि उसे सुधार का अवसर मानता हूं। व्यवस्था को रातों-रात नहीं बदला जा सकता, लेकिन हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं। इस ऐतिहासिक सर्जरी ने यह साबित कर दिया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक सर्जरी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने के लिए आवेदन कर दिया है। इस सफलता ने झारखंड को चिकित्सा मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है।

# झामुमो का प्रस्तावित राज्यव्यापी आंदोलन स्थगित : विनोद

### झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि देश की सीमाओं पर उत्पन्न स्थिति को देखते हुये पार्टी ने लिया निर्णय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सत्तारूढ़ झामुमो ने सरना आदिवासी धर्मकोड को जनगणना कॉलम में शामिल कराने की मांग को लेकर 09 मई को प्रस्तावित राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के माध्यम से बताया कि देश की सीमाओं पर उत्पन्न स्थिति को देखते हुए पार्टी ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड अपनी



पूरी ताकत के साथ देश के बहादुर जवानों के साथ खड़ा है। सीमा पार से संचालित आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

इससे पहले, झामुमो ने ऐलान किया था कि जब तक सरना आदिवासी धर्मकोड को लागू नहीं किया जायेगा, तब तक झारखंड में जनगणना की इजाजत नहीं दी जायेगी। झारखंड विधानसभा ने 11 नवंबर 2020 को एक विशेष सत्र में सर्वसम्मति से सरना आदिवासी धर्म कोडश का प्रस्ताव पारित किया था। सरना धर्म कोड के प्रस्ताव का उद्देश्य 2021 की जनगणना में सरना और आदिवासी धर्म को मानने वालों को एक अलग धार्मिक पहचान दिलाना है। सरना धर्म के अनुयायी प्रकृति पूजक होते हैं और वे स्वयं को हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं मानते। प्रस्ताव पारित होने के बाद इसे केंद्र सरकार को भेजा गया था। लेकिन केंद्र की ओर से अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों, सचिवों और केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों को राज्यव्यापी आंदोलन को लेकर दिया गया निर्देश वापस ले लिया गया है।

## खबर एक नजर में

### निस्तार मिंज की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**रांची।** 46.10 करोड़ रुपये के कृषि घोटाले में आरोपी तत्कालीन कृषि निदेशक निस्तार मिंज की मुश्किलें बढ़ गई है। उनकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने बीते 26 अप्रैल को याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। मामले में अब जल्द ही आरोप गठित किया जायेगा। मालूम हो कि अदालत ने निस्तार मिंज की डिस्चार्ज याचिका मार्च 2021 में खारिज कर दी थी। इसके बाद उस आदेश को रद्द कर दिया गया और मामले में पुनः सुनवाई प्रारंभ हुई थी। निस्तार मिंज ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 16 मई 2019 को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी। इसी मामले में तत्कालीन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, नलिन सोरेन, वी जयराम समेत अन्य आरोपी है। 2003-05 में बीज और कृषि उपकरण की खरीद आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किये बगैर मनपसंद कंपनी से किया गया था। इसकी जांच एसीबी ने साल 2009 में प्राथमिकी दर्ज कर प्रारंभ की थी। उस जांच में 46.10 करोड़ का घोटाला का मामला सामने आया था।

### दुनिया पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करे: राजेन्द्र

**रांची।** पाकिस्तानी सेना लगातार एलओसी के पास के गांवों को निशाना बना रहा है तोप और मोर्टार से हमला कर निर्दोष भारत की आम जनता की हत्या कर रहा है। वहीं, ऑपरेशन सिन्दूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सिर्फ आंतकवादी अड्डे को निशाने पर लिया है। प्रसाद ने कहा कि पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों को पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने हत्या कर घृणित और अक्षम्य काम किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि दुनिया पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करे।

### तस्करी के आरोपी के खिलाप्फ आरोप तय

**रांची।** अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत में डोडा तस्करी मामले में आरोपी हरियाणा निवासी राकेश विश्नोई के खिलाफ आरोप तय किया गया। साथ मामले में अभियोजन पक्ष को साक्ष्य प्रस्तुत करने की तारीख 13 मई निर्धारित की है। आरोपी पर 4018 किलो डोडा की तस्करी करने का आरोप है। गुप्त सूचना के आधार पर नामकुम पुलिस ने रांची-टाटा मार्ग पर ट्रक ड्राइवर राकेश विश्नोई को 13 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया था। मामले को लेकर एनडीपीएस की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### 10 माह बाद भी नहीं निकला जेपीएससी का रिजल्ट : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने प्रतिवर्ष जेपीएससी परीक्षा कराने का वादा किया था। लेकिन, स्थिति यह है कि मुख्य परीक्षा के 10 महीने बीत जाने के बाद भी आज तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा कि छात्रों द्वारा महीनों तक आंदोलन किये जाने के बाद जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति की गयी, तो अभ्यर्थियों के बीच थोड़ी आस जगी। लेकिन, नवनियुक्त अध्यक्ष रिजल्ट निकालने की दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पाये हैं। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत ने जेपीएससी में भ्रष्ट अधिकारियों और अपने चाटुकारिता करने वाले नेताओं के परिजनों को नियुक्त कर इसे पंगु बना दिया है। आयोग के सदस्य सिर्फ अपना वेतन उठा रहे हैं। जबकि लाखों छात्र दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

### ऑपरेशन सिंदुर के बाद कांग्रेस का तिरंगा यात्रा आज



**रांची।** पहलगाम आंतकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के आंतकी ठिकाने पर की गई निर्णायक और साहसिक कार्रवाई के मद्दे नजर सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा शाम 4.30 बजे कांग्रेस भवन से अलबर्ट एक्का चौक तक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में निकाली जाएगी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि आतंकवाद के विरूद्ध सभी निर्णायक कदमों में कांग्रेस पार्टी भारतीय सेना के साथ एकजुटता के साथ खड़ी है और हम अपने जाबाज सैनिकों के साहस दृढसंकल्प और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हैं। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने तमाम अग्रणी मोर्चा, विभाग, के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, मंत्री विधायक, सांसद, जिलाध्यक्ष से आग्रह किया है कि तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर हमारी भारतीय सैना का मनोबल बढ़ायें।

### जेएससीए चुनाव के लिए 18 को डाले जायेंगे वोट जेएससीए सत्र 2025-28 का इलेक्शन शेड्यूल जारी

रांची। जेएससीए यानी झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के आगामी सत्र 2025-28 के चुनावी कार्यक्रम का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव के लिए नामांकन 9 से 13 मई को दिन के दो बजे तक किया जायेगा। 13 मई को तीन बजे के बाद स्क्रुटनी होगी। इसके बाद कैंडिडेट्स के नाम पब्लिश किये जायेंगे। वहीं, 14 मई को दिन के 11 बजे से एक बजे तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन यानी 14 मई को दिन के दो बजे फाइनल प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया जायेगा। 18 मई को वोट डाले जायेंगे। इस रोज सुबह साढ़े आठ बजेसे 9 बजे तक यानी 30 मिनट तक प्रत्याशी अपना वोट डालेंगे। इसके बाद 9 बजे से दिन के एक बजे तक मतदाता अपने वोट डालेंगे। वहीं, 18 मई को ही दो बजे चुनाव के रिल्ट का घोषणा कर दी जायेगी। बताते चलें कि इस चुनाव में 718 वोटर्स कैंडिडेट्स की हार-जीत का फैसला करेंगे। इनमें 633 लाइफ मेंबर, 9 संस्थान, 24 क्लब और 29 स्कूल शामिल हैं।

स्पीड न्यूज



## आज होने वाला झामुमो का धरना स्थगित

**जमशेदपुर।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 9 मई को जमशेदपुर में प्रस्तावित झामुमो का धरना प्रदर्शन रद्द कर दिया गया है। इस बात की जानकारी गुरुवार को साकची में 6 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झामुमो के नेताओं ने दी है। झामुमो के नेताओं ने बताया कि सरना धर्म कोड की उनकी पुरानी मांग है। इसी को लेकर पार्टी की केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर यह धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाना था। लेकिन सीमा पर युद्ध के हालत होने की वजह से पार्टी की केंद्रीय समिति के निर्देश पर ही कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। कल गुरुवार को यह कार्यक्रम नहीं होगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख श्री बाघराय मार्डी, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, सुनील महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो, जिला परिषद की चेयरमैन बारी मुर्मू, पिंटू दत्ता, संदीप चक्रवर्ती, प्रीतम हेंब्रम भी थे।

## शिकायत के बाद डीसी ने तुड़वायी पूरी सड़क



**जमशेदपुर।** आरसीडी विभाग के द्वारा बालीगुमा के बगान एरिया में बन रहे पीसीसी रोड की मोटाई कम और घटिया निर्माण होने की शिकायत पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह ने उपायुक्त को किया था उपायुक्त ने मामले का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी रोड को जेसीबी लगाकर उखाड़वाते हुए प्राक्कलन के अनुसार बनाने की बात कही। विकास सिंह ने उपायुक्त को भ्रष्टाचार में विराम लगाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर तो बस एक झांकी है : सुबोध



**जमशेदपुर।** जनता दल (यूनाइटेड) पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान में स्थित कई आतंकी ठिकानों को तबाह करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के भुज समेत 15 शहरों पर मिसाइल से हमला करने की नापाक कोशिश की जिसे भारत के एस 400 मिसाइल ने हवा में ही मार गिराया। इस जवाबी कार्रवाई से भारतीय सेना ने अपने दक्ष सैन्य शक्ति और उन्नत तकनीकी क्षमता का परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त कर उसे चारों खाने चित्त कर दिया है। इस साहसिक कदम के लिए सेना के शौर्य को हर भारतवासी सलाम करता है।

## मां के लिए खुद का परफ्यूम बनायें

**जमशेदपुर।** मां की खुशबू सुकून और यादों से भरी होती है। इस मदर्स डे को खास बनाने के लिए टाइटन वर्ल्ड एक अनूठी पहल कर रहा है। 10 और 11 मई को जमशेदपुर सहित देशभर के 163 से अधिक टाइटन वर्ल्ड स्टोर्स में विशेष परफ्यूम मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें उपभोक्ता अपनी मां के लिए खुद का परफ्यूम तैयार कर सकेंगे।

## शंकोसाई के वृद्ध की सड़क दुर्घटना में मौत

**जमशेदपुर।** शंकोसाई मांगो राजीव पथ के रहने वाले छोटू लाल उम्र 65 शरण सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## तारापोर स्कूल कैबिनेट ने ग्रहण की शपथ

**जमशेदपुर।** तारापोर स्कूल में 8 मई, 2025 को आयोजित अलंकरण समारोह एक महत्वपूर्ण दिन था, क्योंकि कक्षा 9 से 12 तक के स्कूल कैबिनेट के नव निर्वाचित सदस्यों को औपचारिक रूप से नियुक्त किया गया और उन्हें उनकी भूमिकाएं और ज़िम्मेदारियां सौंपी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत एक गंभीर आह्वान और औपचारिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

# शाबाश... रेडक्रॉस दिवस पर जमशेदपुर में 741 यूनिट रक्तदान

- रेडक्रॉस की पूर्वी सिंहभूम इकाई का मानवता के कार्य में सक्रिय भूमिका बेंचमार्क : नानोती
- नियमित रक्तदान करने वाले 50 परिवारों को रेडक्रॉस ने दिया विशेष सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस भवन में भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा आज रक्तदान महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें 741 रक्तदाताओं ने आज भीषण गर्मी के बीच रक्तदान किया। इससे आने वाले समय के लिए रक्त के जरूरतमंदों के एक नया जीवनदान मिलेगा।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन टाटा स्टील एवं निप्पन स्टील की संयुक्त उपक्रम जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक अभिजीत अविनाश नानोती, जिला के डीडीसी श्री अनिकेत सचान, रेड क्रॉस की उपाध्यक्ष व एसडीएम शताब्दी मजूमदार, जमशेदपुर ब्लड बैंक की सचिव नलिनी राममूर्ति, शिविर के संयोजक कृष्ण मुरारी गुप्ता, रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष विकास सिंह, यूसीआईएल के जीतेश कुमार, समाजसेविका पूरबी घोष, सारिका सिंह, रेड क्रॉस के पेट्रन शंकरलाल गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने किया।

शिविर के उद्घाटन सत्र में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने अपने सम्बोधन में कहा कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानवसेवी कार्यों में टीम भावना नजर आती है। जिस अच्छे तरीके से कार्य संपन्न किये जाते हैं, उसके पीछे आपसी सहयोग के साथ एक अच्छे टीम लीडर का नेतृत्व नजर आता है। कहा कि शायद ही इतने बड़े पैमाने में रक्तदान शिविर कहीं लगता हो, यह जमशेदपुर और रेड क्रॉस की विशेषता है कि लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर उन्हें रक्तदान शिविर तक लाते हैं ताकि हर जरूरतमंद को समय पर रक्त प्राप्त हो सके।



रेडक्रॉस के रक्तदान शिविर में रक्तदान करते लोग।

मौके पर जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक अभिजीत अविनाश नानोती ने कहा कि टाटा समूह पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से अपने सामाजिक उत्तरदायित्व की नींव को मजबूत कर रहा है और यही उसकी ताकत है। कहा कि समाज के साथ चलना ही सही मायने में समग्र विकास है। कहा कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के कार्य मानवता से जुड़े हैं और यह एक अंतर्राष्ट्रीय ब्रान्ड है, जो कि इस क्षेत्र में कार्यों को बखूबी कर रहा है। जेसीएपीसीपीएल को खुशी है कि वो रेड क्रॉस के साथ मिलकर अनेकों सामाजिक कार्यों में सहभागी है।

मौके पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के प्रति जिम्मेवारी अहसास कराते हुए एसडीएम शताब्दी मजुमदार ने कहा कि हमें यह ध्यान रखना है कि हर रक्तदाता को रक्तदान के बाद जो जरूरी देखभाल है वह उन्हें प्राप्त हो ताकि वे भी औरों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें और रक्तदान का यह माहौल उत्सव जैसा है, जहां इतने लोग आकर स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं। उन्होंने रेड क्रॉस की पूरी टीम को अपनी शुभकामना दी।

कार्यक्रम में इस वर्ष 3 मार्च को 2900 से अधिक रक्तदान करने का कीर्तिमान स्थापित करने वाला टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह को अतिथियों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर रेड क्रॉस के सामाजिक कार्यों से इस वर्ष प्रभावित श्री कृष्ण मुरारी गुप्ता ने जहां रेड क्रॉस की पेट्रन सदस्यता हासिल की। वहीं उन्होंने अपनी पत्नी मालती गुप्ता के साथ रेड क्रॉस के रक्तदान महायज्ञ में रक्तदाताओं के साथ 54वीं विवाह वर्षगांठ केक काटकर मनाया तथा कहा कि आयोजन में रक्तदाताओं को उपहार उनकी ओर से प्रायोजित किया जायेगा। श्री कृष्ण मुरारी गुप्ता के इस अंदाज की सभी ने प्रशंसा की। श्री कृष्ण मुरारी गुप्ता के साथ उनके सहयोगी श्री गणेश राव, उनके पुत्र प्रशान्त गुप्ता एवं परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम मानवता की सेवा का दूसरा नाम है।

# अमित अग्रवाल के आवास पर ईडी का छापा, गिरफ्तार

### जीएसटी घोटाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरबों रुपये के जीएसटी घोटाले को लेकर जीएसटी इंटेलीजेंस और ईडी की संयुक्त टीम ने आज जुगसलाई के बिजनेस मैन अमित अग्रवाल के आवास पर दबिश दी।

यह कार्रवाई जमशेदपुर, रांची के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के कुल 9 ठिकानों पर एक साथ की गई। दिन भर चली कार्रवाई के बाद शाम में ईडी की टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच करवाने के बाद अमित अग्रवाल को ईडी की टीम उन्हें रांची लेती गयी। संयुक्त कार्रवाई में अमित अग्रवाल के घर से जांच टीम को एक लाख रुपये नकद, कई महत्वपूर्ण कागजात जब्त किये गये हैं।

बता दें कि रांची से आई ईडी और जीएसटी की 8 सदस्य टीम के साथ बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान शामिल थे। दबिश के दौरान टीम ने किसी को भी घर से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई करोड़ों का जीएसटी घोटाला मामले को लेकर हो रही है।



अमित अग्रवाल को एमजीएम अस्पताल में मेडिकल चेक अप करवाने के बाद निकलती ईडी की टीम।

# डायन के नाम पर प्रताड़ित महिला पहुंची पद्मश्री छुटनी महतो के पास

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत मोतीनगर की कौशल्या महतो नामक विधवा महिला को उसके पड़ोसी मंगल घोष व उसकी पत्नी द्वारा डायन होने का आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे भयभीत महिला ने आदित्यपुर थाना व पद्मश्री छुटनी महतो को आवेदन देकर न्याय व सुरक्षा की गुहार लगायी। गुरूवार को बीरबांस स्थित परिवार परामर्श केंद्र पहुंची पीड़िता ने बताया कि पड़ोसी मंगल घोष की मां का कुछ दिन पूर्व निधन हो गया है। उसके बाद से ही मंगल द्वारा उसे डायन कहकर प्रताड़ित करने लगा। इसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। वहीं बुधवार सुबह उसका घर से निकलने वाला रास्ता को भी मंगल ने घेराबंदी करना शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर मारपीट करने लगा। उक्त घटना से पीड़ित परिवार के सदस्यों में भय का माहौल बन गया है। वहीं मंगल ने बताया कि घर के बगल में एक मंदिर है, जिसका जमीन को कौशल्या महतो द्वारा घेरने का प्रयास कर रही है। मेरे नेतृत्व में बस्ती के लोगों ने विरोध शुरू किया तो झूठा आरोप लगाकर फंसाने का प्रयास कर रही है। शिकायत पाकर आदित्यपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर में

### श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने मनायी रविंद्र जयंती



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन ने गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की 164 वी जयंती मनायी। इसकी मुख्य अतिथि समाजसेवी अल्पना भट्टाचार्य थी। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत भाषण, नृत्य नाटक तथा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा टैगोर के जीवन के महत्वपूर्ण क्षणो को प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ भाव्या भूषण ने अल्पना भट्टाचार्य को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्रीमती भट्टाचार्य ने रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन एवं शैक्षिक दर्शन पर प्रकाश डाला और कहा कि शैक्षिक संस्थानों को रविंद्र नाथ टैगोर जी के आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए। साथ ही पढ़ाई किसी बंद कमरे में नहीं बल्कि प्रकृति में करवाई जाए तो बच्चे काफी कुछ सीख पाने में सक्षम होंगे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रकार के नृत्य, गान और नाटक प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम मे सहायक प्राध्यापक तथा बडी संख्या मे बीएड और डीएलएड के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### छोटा गोविंदपुर काली मंदिर में अखंड कीर्तन कल

**जमशेदपुर।** श्रीश्री सार्वजनिक काली मंदिर रेलवे फाटक छोटागोविंदपुर में 10 मई को दिन के 12.30 बजे से अखंड कीर्तन होने जा रहा है। अखंड कीर्तन का मंत्र है-हरे रामा, हरे कृष्णा, रामा रामा हरे हरे, हरे कृष्णा हरे हरे... है। अखंड कीर्तन में भाग लेने के लिए पश्चिम बंगाल के झारग्राम, पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला, चाकुलिया, हुरलुंग और काड़ाडुबा से कीर्तन मंडली आ रही है। इस अवसर पर रामायण पाठ में 20 व्यक्ति और हवन में 20 व्यक्ति बतौर जजमान भाग लेंगे। पूरा कार्यक्रम 24 घंटे अखंड चलेगा। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष मिहिर चंद्र गोप, महासचिव शशिभूषण प्रसाद, विनोद गोप, चंद्रमा सिंह, प्रमोद कुमार, राज जी, गणेश प्रसाद महतो, नग नारायण प्रसाद, जगदीश गोप, सुधीर कुमार मिश्र, पल्टू गोप, राजू सिंह, उर्मिला देवी, मु नमुन देवी आदि लोग जुटे हुए हैं। यह जानकारी महासचिव शशि भूषण प्रसाद ने दी है।

### सेंट मेरिज स्कूल में इंटर स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट

**जमशेदपुर।** गुरुवार को सेंट मेरिज इंग्लिश हाई स्कूल के तत्वाधान में 6वां फादर जेराल्ड मार्टिन डिसूजा मेमोरियल इंटर स्कूल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट 2025 का आयोजन किया गया है। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि काशीडीह हाई स्कूल के प्राचार्य, फ्रांसिस जोसेफ ने दीप प्रज्वलित और साथ ही रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा टूर्नामेंट का शुरू होने की घोषणा की गई। अंत में गुब्बारे आसमान में छोड़कर उद्घाटन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य फादर वरणन डिंसूजा ने सभी अतिथियों के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों से आए हुए खिलाड़ियों, उनके कोंच, मैनेजर एवं टूनार्मेंट के सभी आयोजकों का अपने हृदय से स्वागत किया। प्राचार्य फादर वरणन डिंसूजा ने अपने संबोधन में कहां कि यह टूर्नामेंट जेराल्ड मार्टिन डिसूजा की स्मृति में आयोजित किया जाता है। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य, युवाओं में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। स्कूलों के बीच खेल प्रतियोगिता को प्रोत्साहित एवं छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना आदि शामिल है। ज्ञात हो कि इस टूर्नामेंट में कुल 14, स्कूलों की टीमें भाग लेंगी और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं के साथ- साथ उपप्राचार्य फादर पेत्रुस गुड़िया और सिस्टर अंजलि , की गरिमापूर्ण उपस्थिति बनी रही। अंत में विद्यालय गीत और राष्ट्रगान के साथ इस टूर्नामेंट का आगाज हुआ।

### मदर्स होम पब्लिक स्कूल में एसपीएल चुनाव संपन्न



**जमशेदपुर।** मानगो जाकिरनगर स्थित मदर्स होम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के बीच चुनावी प्रक्रिया के अंतर्गत अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने के तर्ज पर गत वर्षों की भांति इस बार भी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। एसपीएल (स्टुडेंट पीपुल लीडर) का चुनाव पिछले दस दिनों से जारी था। छह प्रतियाशी चुनावी मैदान में थे। आज अंतिम दिन विद्यार्थियों ने बेलेट पेपर द्वारा अपने मत दे कर अपना चुनाव किया। कुल 258 वोटरस मे सीनियर कक्षा के छह प्रतियाशी मौदान मे थे। छात्रों के ग्रुप मे 148 मतों से मो अयान (10 वीं कक्षा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्कूल के रस्र' बने जबकि दूसरे स्थान पर 112 मत पा कर छात्रा रबिया रिजवान (10 वीं कक्षा) उप बनी। मौके पर चार विभिन्न हाउसेस (रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस व येलो हाउस) के नेताओं के नामों की भी घोषणा की गई जिस मे शाजीफा शकील, मो. माज, अतिका, तश्फीन अंसारी, (नावें कक्षा), नईमा रेयाज, आलिया शब्बीर, काशिफ खान, हुजैफा कलाम, (आठवीं कक्षा) के नाम शामिल हैं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन मे शिक्षक मो सरफराज, अदीबा शिराजी, सी. आर दास ने मुख्य भूमिका अदा की। स्कूल के डायरेक्टर नबील मोहम्मद ने नवनिर्वाचित अयान व राबिया को बैच लगा कर शुभकामना दी। मौके पर अंजुम आरा, साबरा परवीन, मो खुर्शीद आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनी पूल पार्टी



**जमशेदपुर।** पूल में गर्म दिनों में पानी के साथ खेलने से ज्यादा मजेदार कुछ नहीं हो सकता। स्विमिंग पूल आराम करने और गर्मी से बचने के लिए एक बेहतरीन जगह है। छोटे बच्चों में वाटर प्ले गतिविधियां उनके मोटर कौशल को मजबूत करती हैं, संतुलन बनाती हैं और बच्चे की आगे बढ़ने क्षमता और संचालन करने की क्षमता को बढ़ाती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए शेन इंटरनेशनल स्कूल ने छोटे बच्चों के लिए एक पूल पार्टी का आयोजन किया और बच्चों का उत्साह और जोश इस कार्यक्रम के लिए देखने लायक था। पूल साइड को गुब्बारों और झंडों से सजाया गया था। पार्टी में माहौल जोड़ने के लिए रंगीन छतरियों के साथ टेबल की व्यवस्था की गई थी। रंग-बिरंगे स्विम सूट पहने नन्हे-मुन्ने बच्चे आए और ध्यान रखते हुए शिक्षकों ने उनके नन्हे-नन्हें हाथों को पकड़ कर उन्हें पानी में छपाछप करने के लिए अंदर ले गये।

# सिटीजन फोरम ने जेडएफ के एमडी को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सिटीजन फोरम (जेसीएफ) और आदित्यपुर लघु उद्योग संघ (एएसआईए) ने जेडएफ कमर्शियल व्हीकल कंट्रोल सिस्टम लिमिटेड के एमडी श्री पी कनियप्पन को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और सकारात्मक सामाजिक प्रभाव के लिए सम्मानित किया। कंपनी ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर ट्रैफिक कंट्रोल सिग्नल लाइट लगाकर सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात के बुनियादी ढांचे में सुधार की पहल की। इससे यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हुआ और सड़क अनुशासन में सुधार हुआ। श्री कनियप्पन ने जोर देकर कहा कि कंपनी द्वारा किए गए सीएसआर कार्यों के स्तंभों में से एक सड़क के बुनियादी ढांचे में सुधार और परिवहन नेटवर्क को और अधिक कुशल बनाना है।

# झारखंड-बिहार में रिलायंस जियो ने जोड़े 3.70 लाख नये ग्राहक

- एयरटेल और वोडा आइडिया को भी बढ़त, बीएसएनएल को लगा झटका
- 5जी एफडब्लुए सेगमेंट में रिलायंस जियो की 93 फीसदी हिस्सेदारी, मार्च 2025 की ट्राई रिपोर्ट जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ट्राई ने मार्च 2025 का कंज्यूमर मार्केट शेयर का आंकड़ा जारी कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस जियो नए ग्राहकों को जोड़ने के मामले में टॉप पर है। भारती एयरटेल समेत वोडा आइडिया को भी बढ़त मिली है जबकि पब्लिक सेक्टर के बीएसएनएल को अपने मौजूदा ग्राहकों को खोना पड़ा है।

मार्च 2025 में बिहार टेल्कम सर्किल में रिलायंस जियो ने रिकार्ड 03.70 लाख नए ग्राहकों को जोड़ा है। फरवरी 2025 में जियो के पास 04 करोड़ 13 लाख 61 हजार 261 ग्राहक थे जो मार्च में बढ़कर 04 करोड़ 17 लाख 30 हजार 845 हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक बिहार-झारखंड में बीते मार्च महीने में एयरटेल को भी 02.01 लाख नए ग्राहकों को जोड़ने के मामले में बढ़त मिली है। फरवरी 2025 में एयरटेल के पास 04 करोड़ 08 लाख 95 हजार 126 ग्राहक थे जो मार्च में बढ़कर 04 करोड़ 10 लाख 96 हजार 191 हो गया है।

ट्राई रिपोर्ट के अनुसार बिहार टेल्कम सर्किल में वोडा-आइडिया को भी बीते मार्च महीने में 70 हजार 808 नए ग्राहकों की बढ़त मिली है। फरवरी 2025 में वोडा-आइडिया के पास 76 लाख 56 हजार 740 ग्राहक थे जो मार्च में बढ़कर 77 लाख 27 हजार 548 हो गया है।

# बिल्ला को कमेटी से बाहर करें भगवान सिंह : कुलविंदर सिंह

- अपराध मुक्त राजनीति चाहते हैं या अपराध युक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने केंद्रीय गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान भगवान सिंह से कहा है कि यदि वे पाक साफ हैं और अपराध की राजनीति नहीं करते हैं तो गुरचरण सिंह बिल्ला को अविलंब महासचिव पद से मुक्त करें क्योंकि उनकी अग्रिम जमानत अर्जी नामंजूर हो चुकी है और अब उनका जेल जाना तय है।



गुरुचरण बिल्ला से गले मिलते सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह।

उनके फैसले से यह तय हो जाएगा कि वर्तमान एवं नई पीढ़ी को वह किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। उनके लिए इम्तिहान का समय है यदि गुरुद्वारा एवं सिख राजनीति को अपराध मुक्त रखना चाहते हैं तो गुरचरण सिंह बिल्ला को पद से हटाना ही होगा। कुलविंदर सिंह के अनुसार भगवान सिंह की फितरत है कि वह बिना अपराधियों के नहीं रह सकते हैं।

# भव्य श्याम महोत्सव की तैयारी जोरों पर, 11 को भालुबासा में होगा कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्री श्याम भक्त मंडल, भालूबासा द्वारा आगामी 11 मई, रविवार को आयोजित होने वाले भव्य श्याम महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक कार्यक्रम स्थल भालूबासा स्थित हरिजन स्कूल मैदान में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुरारी अग्रवाल ने की। उन्होंने जानकारी दी कि महोत्सव का शुभारंभ सुबह 8 बजे श्याम अखंड ज्योति पाठ से होगा, जिसमें 501 महिलाएं सामूहिक रूप से भाग लेंगी। रात्रि 8.30 बजे से भजनों की अमृतवर्षा (संकीर्तन) का आयोजन किया जाएगा। मंडल के संयोजक पवन अग्रवाल ने कहा कि सामूहिक प्रयास से इसको ऐतिहासिक रूप दिया जायेगा।

# 750 बच्चों ने औद्योगिक इकाइयों, प्रशिक्षण संस्थाओं, जू आदि का किया शैक्षणिक भ्रमण

### प्रोजेक्ट अन्वेषण 2.0

- शैक्षणिक यात्रा का यह अनुभव बच्चों के भविष्य की नींव रखेगा : अनन्य मित्तल
- प्रशासन की अभिनव पहल ने युवाओं को दिलायी तकनीकी एवं औद्योगिक ज्ञान की अनुभूति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**






औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण करते छात्र-छात्राएं और टाटा जू का भ्रमण करने के पश्चात छात्र-छात्राएं ग्रुप फोटो करवाते हुए।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गयी प्रोजेक्ट अन्वेषण की पहली कड़ी जनवरी माह में 15 विभिन्न विद्यालयों के 450 विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी। अब इस अभिनव पहल का दूसरा चरण अन्वेषण 2.0 और भी व्यापक स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 11 प्रखंडों से चयनित 25 सरकारी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के 750 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विद्यार्थी प्रातः अपने-अपने विद्यालय प्रांगण से उत्साह और ऊर्जा के साथ रवाना हुए तथा शहर में स्थित नौ प्रमुख संस्थानों का भ्रमण किया जिनमें **JNTVTI, NTTF, TSTI (MCC), Russi Mody Centre of Excellence, Tata Zoological Park, JRD Tata Sports Complex, Tata Motors, Indo-Danfish Tool Room (Adityapur) AüSX NML-CSIR** प्रमुख थे।

इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी प्रशिक्षण, वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं, औद्योगिक प्रक्रियाओं, अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं एवं टाटानगर के ऐतिहासिक महत्व से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। सभी संस्थानों में विद्यार्थियों का पंजीकरण, संस्थान प्रतिनिधियों द्वारा परिचय सत्र और संक्षिप्त प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देकर उनके परिवहन की समुचित व्यवस्था की गयी थी।


## स्पीड न्यूज

### भारतीय सेना ने दिया सख्त संदेश



**मनातू (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी के मनातू मंडल अध्यक्ष अंतू यादव ने कहा है कि भारतीय सेना का पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक पाकिस्तान को भारतीय सेना का करारा जवाब है। 21वीं सदी का भारत है घुस कर मारेगा। ऑपरेशन सिंदूर से इस चरणबद्ध हमले से भारतीय सेना ने सख्त जवाब दिया है और ऐसे आतंकवादी जो कि भारत की शांति और सुरक्षा को भंग करना चाहते हैं ऐसे लोगों को जिंदा दफन कर दिया है।

### सीओ ने चौकीदारों के साथ की बैठक



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी ने गुरुवार को अंचल कार्यालय के सभागार में क्षेत्र के चौकीदारों के साथ एक बैठक की। जिसमें अवैध खनन, विधि व्यवस्था, भूमि विवाद जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अवैध खनन रोकना व कानून व्यवस्था को मजबूत करना था। सीओ ने अवैध खनन से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए चौकीदारों को अवैध खनन की गतिविधियों पर नजर रखने तथा सूचना तुरंत देने को कहा।

### सीता +2 उवि में किया गया मूल्यांकन




**हरिहरगंज पलामू।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची ने उत्कृष्ट विद्यालय, आदर्श विद्यालय तथा पीएम श्री विद्यालय के प्रमाणीकरण कार्यक्रम के तहत नियुक्त पदाधिकारी मनोरमा देवी ने गुरुवार को सीता प्लस टू उच्च विद्यालय का मूल्यांकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के आधारभूत संरचनाओं सहित प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल व अन्य व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ी प्रयोगशालाओं की विधिवत जांच की। वहीं छात्र-छात्राओं के बौद्धिक स्तर के जांच को लेकर ओएमआर से परीक्षा ली गयी। मौके पर प्राचार्य डॉ अजय राय, डॉ नागदेव यादव, डॉ राजकुमार, नीरज सिंह, डॉ ऋषिकेश कुमार, कपिल कुलश्रेष्ठ भी थे।

### चापानल मरम्मत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड में बढ़ती गर्मी को देख प्रशासन ने खराब चापाकलों और जलमीनारों की मरम्मत के लिए दल तैनात किया है। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि पलामू डीसी के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी बंद पड़े चापाकल और जलमीनारों की मरम्मत कार्य शीघ्र करवाना है। कहीं अगर चापाकल खराब है तो शिकायत मोबाइल नंबर 8709498654 पर दर्ज करा सकते हैं।

### बोलेरो-बाइक की भिड़ंत में चालक गंभीर



**नीलांबर पीतांबरपपुर।** थाना क्षेत्र के मुंदरिया स्थित डाल्टनगंज-पांकी मुख्य मार्ग पर सुबह करीब 9:30 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर विक्रम शील दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंच स्थिति का जायजा लिये। घायल को लोगों की मदद से एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। वहीं वाहन जब्त कर गहन जांच शुरू कर दी है।

### पारिवारिक विवाद में महिला ने लगायी फांसी



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाने क्षेत्र के कधवन केवाल टोला में बुधवार की देर शाम एक 50 वर्षीय महिला का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों की मानें तो पारिवारिक विवाद से तंग महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची रेहला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि कधवन के केवाल टोले पर शंकर भुइयां की पत्नी लालती देवी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद आ रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

### खेत में सांप के जोड़े की अठखेलियां



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड मुख्यालय सतबरवा में बबलू लाइन होटल के समीप सड़क किनारे खेत में सांप का जोड़ा अठखेलियां (प्रेमालाप) करते नजर आया। करीब दो घंटे तक दोनों सांप एक दूसरे से लिपटकर खेलते रहे। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। हालांकि शाम हो जाने के बाद दोनों घनी झाड़ियों की तरफ चले गये। कई लोगों ने इस घटनाक्रम को अपने कैमरे में कैद किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

### बिजली चोरी में छह पर प्राथमिकी दर्ज



**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र में बुधवार को बिजली चोरी के विरुद्ध विद्युत विभाग जपला ने छापेमारी अभियान चलाया। इसका नेतृत्व सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो ने किया। विभाग ने विभिन्न गांवों में जांच की, जिसमें बिजली की अवैध उपभोग करते 6 उपभोक्ता पकड़े गये। इस दौरान माली के बलराम शर्मा, सरस्वती देवी, गोपाल महतो, लाल बिहारी राम, मनोज कुमार और सरजू रवि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बिजली विभाग ने इनपर 36 हजार जुर्माना भी लगाया है।

### एसडीओ ने जानी पेयजल की समस्याएं



**छतरपुर पलामू।** एसडीओ आशीष गंगवार के कुशल नेतृत्व में छत्तरपुर प्रखंड के पंचायत मुरूमदाग में पेयजल समस्या एवं उसके समाधान के लिए गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण किया गया और ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। पंचायत मुरुमदाग में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने एसवीएस के तहत ग्राम चिल्हो कला में 5 और भिकही में 9 जलमीनार बनवाये थे (क्षमता 4000 लीटर) जिसमें से अधिकतम खराब पाये गये। पीएचईडी विभाग के जेई कुंदन कुमार को 10 दिनों के अंदर सभी जलमीनारों की मरम्मति करवा लेने का निर्देश संबंधितों को दिया है।

# पलामू एक्सप्रेस से डालटनगंज से पटना का आवागमन सुगम होगा : बीडी राम

- जो मैं करता हूं वही कहता हूं : सांसद बीडी राम
- 10 से पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात 10:05 में आगमन एवं 10:10 में प्रस्थान



विष्णुदयाल राम, पलामू सांसद।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद बिष्णुदयाल राम ने कहा कि 10 मई से पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347 बरकाकाना से पटना वाया डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि 10:05 में आगमन एवं 10:10 में प्रस्थान होगी। उन्होंने कहा कि उक्त ट्रेन का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पूर्व में रात्रि 12:30 बजे आगमन एवं 12:35 में प्रस्थान होने से विशेषकर पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को पटना के लिए आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सांसद ने कहा कि उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का समय सारणी में परिवर्तन करने का अनुरोध किया था। आज समय सारणी में परिवर्तन करने हेतु रेलवे द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के समय सारणी में परिवर्तन करने की मांग यहां की जनता के द्वारा लगातार की जा रही थी। अब पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को डालटनगंज से पटना की आवागमन सुगम होगी। उन्होंने कहा कि जो करते हैं वहीं कहते हैं। सांसद ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।

# छतरपुर के खोढ़ी में भाजपा नेत्री स्मिता की पहल पर लगा 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

- जनता के समस्या समाधान को लेकर हैं संकल्पित : स्मिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर प्रखंड के ग्राम खोढ़ी में भाजपा नेत्री स्मिता आनंद के पहल पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। इससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। मौके पर भाजपा नेत्री सुश्री स्मिता ने कहा कि विगत दिनों पलामू संसदीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान 26 अप्रैल को छतरपुर प्रखंड के ग्राम खोढ़ी के ग्रामीणों ने जानकारी दी थी कि विगत 6 महीने से 25 केवीए ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण उक्त गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। जनता की कठिनाइयों को देखते हुए उन्होंने पलामू बिजली विभाग के महाप्रबंधक से बात कर उक्त स्थान पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया। उक्त स्थान पर ट्रांसफार्मर लगने से ग्राम खोढ़ी की जनता में खुशी है और सभी ने सुश्री स्मिता के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता के समस्या समाधान को लेकर वे संकल्पित हैं। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को सभी सुविधा मिले इसे लेकर प्रयासरत्त हैं।



ट्रांसफार्मर लगने की खुशी में जुटे छतरपुर खोढ़ी के ग्रामीण व अन्य।

## प्रशासन द्वारा संचालित निगम की बलि ना चढ़ जाये मेरीन ड्राइव

# कोयल रिवर फ्रंट की दुर्दशा पर निगम मौन क्यों: अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर के कार्यकाल में निर्मित कोयल रिवर फ्रंट जिसकी कई बार तारीफ नगर विकास विभाग के बैठकों में उच्च पदाधिकारियों ने की, जिसके हजारों रील ब्लॉगर्स ने बनाकर देश विदेश तक शहर की छवि को बदलने का काम किया। जहां शहर में अपने घर आये अतिथियों को लोग ले जाना नहीं भूलते, अब बहुत जल्द विकास विरोधी तत्वों की एक साजिश और रणनीति के तहत ग्रिल के बाद कल रात कैनोपी तोड़ इसके अस्तित्व को समाप्त करने में लगे हैं और निगम मात्र मूकदर्शक बन बैठा है। जबकि शहर की सुरक्षा के लिए चपे चप्पा लाखों खर्च कर कैमरा लगाये गये हैं।



आज मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर स्वयं कोयल रिवर फ्रंट जाकर टूटे कैनेपी को देखते हुए अपने निजी कर्मियों को बुलाकर बनाने का आदेश देते हुए कहा कि शहर के रखरखाव को मैं अगर निजी स्तर से ना देखूं तो धीरे-धीरे शहर की खूबसूरती विलुप्त हो जायेगी। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य है ग्रिल तोड़ते हुए लोग पकड़े जाते हैं। थाना से नोटिस भी जाता है लेकिन सरकारी संपत्ति नष्ट करने का केस या फाइन तक नहीं होता पता करने पर बताया जाता है कि ऊंची पैरवी के कारण सभी को शांत होना पड़ता है। प्रथम महापौर ने कहा कि अगर अब भी निगम इसी तरह मौन रहा तो मेरे कार्यकाल का पारित ग्रीन जोन, लता मंगेशकर चौक, चैनपुर सूर्य मंदिर उद्यान जिसका निर्माण तेजी से चल रहा है जिसका अस्तित्व समाप्त होने में कोई समय नहीं लगेगा सिर्फ निगम का पैसा बर्बाद होकर रह जायेगा। प्रथम महापौर ने नगर आयुक्त से अनुरोध किया है जितनी दिलचस्पी शहर को सुंदर बनाने में ली जा रही है निगम को एक टीम बनाकर रखरखाव भी करना होगा।

## विधायक आलोक चौरसिया ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

# पथ निर्माण से आवागमन के साथ आर्थिक विकास को मिलेगी गति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर / चैनपुर पलामू।** सदर प्रखंड क्षेत्र के पोलपोल पंचायत के शिवबेल गांव में बड़का पत्थर से धमधमवा जगन सिंह के घर से स्कूल होते हुए ओरंगा नदी तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य प्राकलित राशि 2.25 करोड़ की लागत से बनने वाली कालीकरण पथ का शिलान्यास विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने किया। मौके पर विधायक श्री आलोक ने कहा कि यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि विधानसभा क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति देगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार से जोड़ने का कार्य करेगी। वहीं विधायक आलोक कुमार चौरसिया के इस कार्य से ग्रामीणों में काफी उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि बेहतर पथ किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होता है। मौके पर अमलेश चौरसिया, भीष्म चौरसिया, ज्वाला प्रसाद चौरसिया, राणा प्रताप सिंह, भरदुल सिंह, अर्जुन सिंह, सुशील सिंह, डा शमीम, जगन सिंह, जवाहर पासवान, योगेन्द्र सिंह, गुड्डू राजनाथ, सीमा समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।



सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते डालटनगंज विधायक।

### दो अज्ञात युवकों ने महिला की लूटी चेन

**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम हिसरा बरवाडीह में एक महिला से दो अज्ञात युवकों ने चेन छिनकर फरार हो गये। इसकी जानकारी देते हुए अविनाश शुक्ला ने पाटन थाना में आवेदन देकर थाना प्रभारी से चेन लूटनेवाले युवकों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है। श्री शुक्ला ने कहा कि छह मई को मेरे घर के पास दो युवक अचानक गेट खटखटाये। गेट से उनकी मां रिया देवी बाहर आयी। इस दौरान युवक कुछ सामान दिखाने लगे। सोना चांदी साफ करने के नाम पर युवकों ने मां के गले से चेन खिंचकर बाईक से चलते बने। उनकी मां के द्वारा हल्ला मचाने पर अगल बगल के लोग वहां पहुंचे तब तक दोनों युवक भागने में सफल रहे। भुक्तभोगी श्री शुक्ला ने पाटन थाना प्रभारी से चेन चोरों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# प्रसिद्ध बराही धाम में भूमि पूजन को लेकर ट्रस्ट ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

- बराही धाम की दुर्गा मंदिर विश्व विख्यात बनेगा
- पंचायत प्रतिनिधि बढ़ चढ़कर के करें सहयोग : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के बराही धाम में विश्व का सबसे ऊंचा 551 फिट का दुर्गा मंदिर एवं 151 फिट का नवग्रह मंदिर का भूमि पूजन 14 मई को होगा। इसे लेकर हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष सह ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में विधायक संजय सिंह यादव ने पंचायत प्रतिनिधियों को मंदिर निर्माण कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी।



विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विश्व विख्यात मंदिर निर्माण क्षेत्र वासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को 14 मई को भूमि पूजन कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। उन्हें बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई केंदीय मंत्री पहुंचेंगे।

# पूर्व सैनिक युद्ध में फिर से अपनी सक्रियता दिखाने को पूरी तरह तैयार: डॉ कर्नल संजय

- पूर्व सैनिक सेना के आदेश की प्रतीक्षा में, युद्ध में फिर से अपनी सक्रियता दिखाने को तैयार : डॉ कर्नल संजय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** कश्मीर घाटी में अठाईस निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने भारत को पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े फैसले लेने को बाध्य कर दिया है। पाकिस्तानी सेना ने आज तक पाकिस्तान को पूर्णतः प्रजातांत्रिक देश बनने ही नहीं दिया और आज भी पाकिस्तान में अप्रत्यक्ष रूप से ऑटोक्रेटिक शासन कर रहा है। इस बार भारत पाकिस्तान से आर पार की लड़ाई के मूड में है। अपने साहसी करवाई के लिए भारतीय सेना बधाई के पात्र हैं। वर्ष 1971 के बाद पहली बार भारत ने अपनी आक्रामकता दिखाते हुए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित आतंकी कैम्प और एयर डिफेंस सिस्टम को बर्बाद कर दिया जो हमारी भारतीय सेना की आधुनिकता का परिचय है। उक्त बातें पूर्व सैनिक डॉ कर्नल संजय सिंह ने कही। श्री सिंह ने कहा कि सभी पूर्वसैनिक पाकिस्तान को बर्बाद करने के लिए कटिबद्ध भारतीय सेना के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से फिर से अपनी सक्रियता दिखने के लिए तैयार हैं।

### प्रखंड स्तरीय कैरम में अनुज को प्रथम स्थान



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड स्तरीय कैरम खेल टैलेंट प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय उच्च विद्यालय तुर्क तलेया खेल शिक्षा शिक्षक साकेत कुमार शुक्ल के नेतृत्व में कैरम खेल में शिरकत कर छात्र अनुज कुमार ने प्रखंड स्तरीय अंडर 17 कैरम प्रतियोगिता 2025-26 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार का नाम रौशन किया। वहीं इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा शिक्षक साकेत कुमार शुक्ल ने बताया कि खेल भी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण भाग है जिसमें प्रतिभा का अनंत स्थान प्राप्त कराता है। हमें शिक्षा को खेल के साथ जोड़कर करने में बौद्धिक क्षमताओं में काफी बिकास होता है। इस कार्यक्रम में बीपीओ नीरज कुमार, खेल शिक्षा शिक्षक साकेत कुमार शुक्ला, सभी शिक्षा कर्मी, खिलाड़ी उपस्थित थे।

### पीपरा में नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**हरिहरगंज पलामू।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, पिपरा के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के सहयोग से नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली पिपरा बाजार में निकाली गयी, जिसमें बच्चों ने हाथों में नशा विरोधी स्लोगन वाले पोस्टर एवं बैनर लेकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से आमजन को नशा छोड़ने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया गया। रैली के उपरांत स्कूली बच्चों को पिपरा थाना परिसर में लाया गया, जहां उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली, यातायात नियम, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, पुलिस-पब्लिक संबंध, डायल 112 सेवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# डॉ कौशल किशोर को विस अध्यक्ष और वित्त मंत्री ने किया सम्मानित

- रांची के वीएनआर होटल में आयोजित किया गया जोहार टॉक्स कार्यक्रम
- डॉ कौशल पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए अबतक 71 बार सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ रांची।** रांची के होटल बीएनआर में मंगलवार को जोहार टॉक्स कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्य के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक पहलुओं पर केंद्रित उक्त आयोजन में सत्ता और विपक्ष के कई दिग्गज नेताओं, मंत्रियों, विशेषज्ञों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मंच पर केवल राजनीति ही नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में स्पीकर रविंद्र नाथ महतो, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, श्रम मंत्री संजय यादव, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को सम्मानित किया।

### ट्रेनों के समय सारणी में बदलाव



**मोहम्मदगंज पलामू।** बरकाकाना पटना अप पलामू एक्सप्रेस 13347 के आगमन और प्रस्थान की बदली हुई समय सारणी जारी कर दी गई है। इस पर खुशी व्यक्त करते हुए रेल उपभोक्ताओं ने इस दिशा में सफल और सकारात्मक पहल के लिए सांसद विष्णु दयाल राम के प्रति आभार व्यक्त किये हैं। बदली समय सारणी के अनुसार स्थानीय स्टेशन पर अब इस ट्रेन का आगमन व प्रस्थान रात्रि 2.22/2.24 की जगह 23.45/23.47 बजे ही होगा।

# एसडीओ ने किया नरसिंहपुर पथरा व महुगावां के दर्जनों चापाकल मरम्मत कार्य का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत नरसिंहपुर पथरा व महुगावां में दर्जनों खराब बंद पड़े चापाकल का मरम्मत कार्य का सत्यापन अनुमंडल पदाधिकारी ने किया। जलस्तर के गिरावट के गिरावट को देखते हुए सभी खराब बंद पड़े चापाकल को मरम्मत कर चालू किया गया। जिसका सत्यापन करते हुए एसडीओ सुलोचना मीणा ने निर्देश दिया है कि 15 वें वित्त से लगे सभी जलमीनार व चापाकल का मरम्मती कार्य करें। चापाकल खराब होने की शिकायत मुखिया मीना देवी पति व्यास राम चौरसिया ने दो दिन पहले पेयजल विभाग के पास किया था। इस बाबत गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी, चैनपुर बीडीओ प्रदीप दास, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, पीएचईडी के कनीय अभियंता सतीश कुमार पथरा बाजार में सरयू गुप्ता के कपड़ा दुकान पास, मटखान पास, टेंपो स्टैंड के पास सहित अन्य जगहों पर महीनों से बंद पड़े चापाकल का निरीक्षण किया।



## सदर थाना पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ की छापेमारी

# सुआ से भारी मात्रा में शराब बरामद

- सदर थाना क्षेत्र में अवैध कार्य करने वाले सुधर जायें नहीं तो होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी संतोष गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने इन दिनों अवैध शराब बिक्रेता के खिलाफ नकेल कसने की तैयारी में है। सदर थाना अंतर्गत ग्राम सुआ में पुलिस ने अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान सुआ स्थित एक किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। यह दुकान हरि ठाकुर द्वारा संचालित किया जाता है। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस ग्राम सुआ पहुंचकर छापेमारी अभियान में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। उन्होंने कहा कि शराब बिक्रेता भागने में सफल रहा है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने किराना दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है इसमें गॉड फादर 08 पीस, 8 पीएम ब्लैक शराब 04 पीस, स्टेरलिंग रिजर्व चार पीस, रॉयल स्टेज 05 पीस, रॉयल चैलेंज व स्टेरलिंग रिजर्व शराब एक -एक पीस, रॉयल स्टेज व 8 पीएम ब्लैक 750 एमएल दो-दो पीस, गोड फादर 650 एमएल 40 पीस शामिल है। पुलिस ने शराब बिक्रेता के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत सदर थाना में मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने कहा कि सदर थाना पुलिस अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है कहा कि अवैध कारोबार करने वाले सुधर जाये नहीं तो कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आमलोगों से अनुरोध किया है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दें ताकि कार्रवाई की जा सके।



छापेमारी में जब्त शराब दिखाते थाना प्रभारी व अन्य।

# लेस्लीगंज थाना में आरके +2 उवि के विद्यार्थियों को नशा, डायल 112 व गुड टच-बैड टच की दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लेस्लीगंज (पलामू)।** पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर लेस्लीगंज थाना की ओर से गुरुवार को एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन थाना परिसर के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में आरके +2 उच्च विद्यालय, लेस्लीगंज के करीब 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक कुरीतियों एवं अपराधों से बचाव के लिए जागरूक करना था।

थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता और उनकी टीम ने विद्यार्थियों को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट, नशा उन्मूलन, डायल 112 सेवा, गुड टच-बैड टच, और पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में सरल भाषा में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि नशा युवाओं को मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से किस प्रकार नुकसान पहुंचाता है।

उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के तहत लागू कानूनी प्रावधानों को भी उदाहरणों के माध्यम से समझाया। डायल 112 सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है और किसी भी आपात स्थिति में नागरिक त्वरित सहायता प्राप्त कर सकते हैं। 'गुड टच और बैड टच' विषय पर संवाद करते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि यह जानकारी बच्चों को अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग बनाने में सहायक है। कार्यक्रम के अंत में खुले संवाद सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता से प्रश्न पूछे।




लेस्लीगंज थाना परिसर में जुटे स्कूली बच्चे व थाना के कर्मचारी।

# जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने अपनाया सख्त रुख, दी चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-75 पर लगातार लग रहे जाम की समस्या को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय और थाना प्रभारी आकाश कुमार ने रमना के मुख्य मार्ग और गली-मुहल्लों का दलबल के साथ निरीक्षण कर दुकानदारों, व्यवसायियों और वाहन चालकों को सड़क अतिक्रमण मुक्त रखने की सख्त हिदायत दी। प्रशासन की यह कार्रवाई हाल ही में दो घंटे से अधिक समय तक लगे जाम और उसकी वजह से यात्रियों व स्थानीय लोगों को हुई भारी परेशानी के बाद की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि दुकानदार अपने ग्राहकों को दुकान परिसर में ही वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराएं ताकि सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों से जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। सीओ विकास पांडेय और थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि मुख्य सड़क के अलावा मोहल्लों और गलियों की सड़कों को भी यातायात के लिए खुला रखा जाए। लावारिस हालत में खड़े वाहनों को जप्त करने की चेतावनी देते हुए बताया गया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने दुकानदारों को निर्देश दिया है कि माल ढुलाई के लिए बड़े वाहनों का उपयोग सुबह या देर शाम के समय करें ताकि यातायात में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस दौरान अधिकारियों ने नियमित निगरानी की बात भी कही।


निरीक्षण के दौरान सीओ व थाना प्रभारी

## फामेर्सी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी



बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने 8 मई गुरुवार को फामेर्सी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा मार्च 2025 में आयोजित की गई थी। घोषित परीक्षा परिणाम में समीर राजा और फुजैल अशरफ ने संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्थान प्राप्त करते हुए 8.59 एसजीपीए अंक हासिल किए। दोनों छात्र प्रथम स्थान पर रहे। वहीं खुशी कुमारी ने 8.55 एसजीपीए के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर अनीश राज भगत और सूर्यकांत कुमार पासवान रहे, दोनों ने 8.28 एसजीपीए प्राप्त किए।

**पिता की पुण्यतिथि पर विवेक ने पत्नी संग किया रक्तदान, दी सच्ची श्रद्धांजलि**

**गढ़वा।** कसौधन समाज के सक्रिय सदस्य विवेक कश्यप ने अपने पिता की प्रथम पुण्यतिथि को विशेष रूप से मनाते हुए समाज सेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने गढ़वा ब्लड बैंक में अपनी पत्नी अर्चना कश्यप के साथ मिलकर रक्तदान किया। यह विवेक कश्यप का 14वां और अर्चना कश्यप का चौथा रक्तदान था।

स्पीड न्यूज

## फाइलेरिया रोगियों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण


वितरण करते लोग

**भवनाथपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया (हाथी पांव) रोग से पीड़ित मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस पहल का नेतृत्व एमटीएस विद्यानंद प्रजापति ने किया। किट में डेटॉल साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, टब, मग, तौलिया सहित कई उपयोगी सामग्री दी गई, जिससे मरीज अपने संक्रमित अंगों की नियमित देखभाल कर सकें।

इस अवसर पर एमटीएस विद्यानंद प्रजापति ने उपस्थित लाभुकों को अंगों की सफाई और नियमित दवा सेवन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन उपायों से फाइलेरिया ग्रसित अंग में संक्रमण को रोका जा सकता है। विशेषकर मानसून के समय मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में समय रहते तैयारी करना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में अस्पताल कर्मी, सहिया और काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नहाने के दौरान डूबा नाबालिग, 24 घंटे बाद मिला शव


उपस्थित लोग

**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सुखलदरी वाटरफॉल में मंगलवार को नहाने के दौरान एक नाबालिग युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान खाला गांव निवासी जलील अंसारी के 15 वर्षीय पुत्र तबरेज अंसारी के रूप में हुई है। उसका शव बुधवार को स्थानीय गोताखोर राजेश परहिया और उनकी टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद कनहर नदी के गहरे पानी से बरामद किया। मंगलवार को तबरेज अपने गांव के चार दोस्तों के साथ सुखलदरी वाटरफॉल नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्तों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन नाकाम रहने पर वे घबराकर गांव लौट आए और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और धुरकी पुलिस को घटना से अवगत कराया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस और ग्रामीणों ने रातभर सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार को स्थानीय गोताखोरों की मदद से तबरेज का शव पानी से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया है।

# डीसी ने जारी किया कंप्यूटर ऑपरेटरों का तबादला आदेश

### 13 मई तक योगदान नहीं देने पर होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंड संसाधन केंद्रों में तीन वर्षों से अधिक समय से कार्यरत लेखापाल- सह- कम्प्यूटर ऑपरेटरों का तबादला किया है। यह स्थानांतरण लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मियों के पारदर्शी और संतुलित वितरण के उद्देश्य से किया गया है।

स्थानांतरित कर्मियों में कांडी से मझिआंव प्रदीप कुमार शुक्ला, रमना से डंडई प्रेम नीलम समद, रमकंडा से चिनिया मानिक चंद गुप्ता, नगर उंटारी से खरौंधी चंदन कुमार, गढ़वा से रमकंडा प्रभाकर कुमार सिन्हा, भवनाथपुर से धुरकी ब्रह्मदेव राम, चिनिया से मेराल मनुज कुमार सहाय, डंडई से नगर उंटारी राकेश कुमार तिवारी, धुरकी से रमना अरुण कुमार गुप्ता, मझिआंव से कांडी राकेश रौशन तिर्की, रंका से गढ़वा अभय कुमार, भंडरिया से बरडीहा धनंजय प्रसाद गुप्ता तथा मेराल से रंका धनंजय प्रसाद गुप्ता शामिल हैं।


डीसी शेखर जमुआर

डीसी ने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी-सह-समन्वयक सुनिश्चित करेंगे कि स्थानांतरित कर्मी 12 मई तक अपने नवपदस्थापित प्रखंड संसाधन केंद्र में योगदान कर दें। मई माह का मानदेय भी अब उन्हें नई पदस्थापना वाली जगह से ही मिलेगा। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि सभी कर्मियों का अद्यतन योगदान प्रतिवेदन 13 मई को उपलब्ध कराएं। किसी कर्मी द्वारा स्थानांतरण आदेश का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में 13 मई को उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

# दो अलग-अलग सड़क हादसे, चार युवक गंभीर रूप से घायल


घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के मझिआंव-खरसोता मुख्य सड़क एवं कांडी थाना क्षेत्र के पतिला-सुंडीपुर मुख्य सड़क पर दो अलग-अलग मोटरसाइकिल दुर्घटनाओं में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना कांडी थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव के समीप घटी, जहां एक मोटरसाइकिल बिजली के खंभे से टकरा गई। इस दुर्घटना में नैनाबार गांव निवासी शिव बच्चन राम (25) और पतीला गांव निवासी राजकुमार राम (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी दुर्घटना मझिआंव थाना क्षेत्र के बुढ़ीखांड़ गांव स्थित बांकी नदी के पास हुई, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में करकटा गांव निवासी धनंजय कुमार (30) और रकसही गांव निवासी पंचम कुमार (22) घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से महावीर मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल मझिआंव लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धनंजय गढ़वा जा रहे थे जबकि पंचम तिलक समारोह से लौट रहे थे। दुर्घटना के समय सभी सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही मझिआंव थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने एसाआई नसीम अंसारी के नेतृत्व में पुलिस टीम को बुढ़ीखांड़ दुर्घटना स्थल पर भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मंडल डैम निर्माण को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक


बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** मंडल डैम परियोजना के शेष निर्माण कार्यों को लेकर गुरूवार को समाहरणालय सभागार में डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी दीपक कुमार पांडेय, उप निदेशक पिटीआर प्रजेश जेना, एसी राज महेश्वरम, एसडीओ रंका रुद्र प्रताप, डीएफओ साउथ एबिन बेन्नी एब्राह्म, बीडीओ बड़गड़ अमित कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, डूब क्षेत्र संघर्ष समिति के प्रतिनिधि, ग्रामीण, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका व जेएसएलपीएस के समन्वयक उपस्थित थे। बैठक में मंडल डैम निर्माण से प्रभावित बड़गड़ प्रखंड के मदगड़ी च पंचायत के 6 गांवों के पुर्नवास और मुआवजा वितरण से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। डीसी श्री जमुआर ने कहा कि सभी प्रभावित परिवार पुनर्वास के लिए चिन्हित स्थान पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने बाहरी हस्तक्षेप और अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी समस्या या रुकावट की स्थिति में जिला प्रशासन को तत्काल सूचित करें। डीसी ने कहा कि मंडल डैम क्षेत्र के विकास और जनहित में यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके सफल क्रियान्वयन में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि डैम परियोजना से प्रभावित कुल 780 परिवारों को सरकार द्वारा एक-एक एकड़ भूमि के साथ-साथ दो किस्तों में 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है।

# 6757 मछुआरों को मिलेगा सामूहिक दुर्घटना बीमा का लाभ

### पीएमएमएसवाई के तहत योजना समाहित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत अब जिले के मछुआरों को भी सामूहिक दुर्घटना बीमा का लाभ मिलेगा। इस संबंध में डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई, जिसमें कुल 6757 सक्रिय मछुआरों की सूची को बीमा योजना के तहत अनुमोदित किया गया। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज कापसे ने जानकारी दी कि भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही ग्रुप एक्सीडेंट इंश्योरेंस स्कीम को अब पीएमएमएसवाई के इंश्योरेंस ऑफ फिशर कंपोनेंट में समाहित कर दिया गया है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग के वे सभी सक्रिय मछुआरे लाभान्वित होंगे, जो निबंधित मत्स्यजीवी समितियों या मत्स्य पालन से जुड़ी अन्य मान्य श्रेणियों में शामिल हैं। योजना के लाभ स्वरूप मृत्यु अथवा पूर्ण अपंगता की स्थिति में 5 लाख रुपये का बीमा भुगतान, आंशिक अपंगता पर 2.5 लाख रुपये तक का लाभ, अस्पताल खर्च हेतु अधिकतम 25,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। बीमा दावों के त्वरित निपटारे के लिए राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड में एक विशेष कोषांग का भी गठन किया गया है। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि एवं मत्स्य पालक उपस्थित थे।



# 50 से अधिक जंगली हाथियों का झुंड देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत

### विधिक सेवा प्राधिकार की टीम सक्रिय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर रंका प्रखंड के बिश्रामपुर पंचायत अंतर्गत पिपराडामर गांव में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी और पीएलवी कृष्णानंद दुबे की दो सदस्यीय टीम ने ग्रामीणों से संपर्क कर जंगली हाथियों के खतरे को लेकर जानकारी जुटाई और सतर्कता बरतने की अपील की। गांव की वार्ड सदस्य अनुपा कच्छप और उनके पति गोविंद लकड़ा द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार को सूचित किया गया था कि करीब 50 से अधिक हाथियों का झुंड खुथवा मोड़, पिपराडामर, बास्कटियां के जंगलों में देखा गया है, जो पिपराडामर डैम में पानी पीने के लिए भी आ रहा है। इससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है और बच्चों, महिलाओं तथा किसानों को काफी परेशानी हो रही है। लोग खेतों और जरूरी कार्यों के लिए वैकल्पिक रास्तों का उपयोग कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद विधिक सेवा प्राधिकार की टीम तुरंत हरकत में आई और रंका रेंजर विजय कुमार सिंह, पंचायत गार्ड शशिकांत कुमार सहित वन विभाग के अन्य अधिकारियों से संपर्क किया। हालांकि डीएफओ से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल बंद पाया गया। वर्तमान में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की टीम हाथियों को भगाने में लगी है। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने बताया कि यदि हाथियों को हटाने में सफलता नहीं मिलती है, तो अगली कार्रवाई की जाएगी और आदिवासी ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ग्रामीणों को सतर्क रहने और वन विभाग की सलाह का पालन करने की अपील की गई है।


हाथियों का झुंड


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/HAZARIBAG /11 /2025-26 ,PR संख्या– 351646 Building (25-26)-D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 351926 (Building)25-26*D



**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002

Reverse e-Auction Procurement Notice through GeM Portal

Letter No.-kha.up.ni.01-namak-9/25- 651 Date : 07/05/2025

**Selection Of Bidder For Supply Of Free Flow Refined Iodized Edible Salt (As Per FSSAI Norms) For 1st Quarter (April 2025 to June 2025) Of Financial Year 2025-26 By e-Tender Through E-Bid Followed By Reverse Auction on GeM Platform.**

| Bid Details | |
|---|---|
| GeM Bid No. | GEM/2025/B/6208355 Dated: 07-05-2025 |
| Earnest Money Deposit (EMD)/Bid Security | Rs. 42.75 Lakh as EMD (margin money) in the form of Demand Draft issued from any scheduled commercial bank in the name of " Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Ranchi " in the office of Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand, Ranchi, 3rd JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi – 834002 before last date of submission of bid documents. |
| Document Sale Date & Timing i.e Last Date & time for downloading RFP from website http://jharkhand.gov.in/food & GeM portal | From 07-05-2025 to 22-05-2025 |
| Online Bid Submission Period | From 07-05-2025 to 22-05-2025 |
| Pre-Bid Meeting | 14-05-2025 at 01:00 pm through google meet (https://meet.google.com/jer-qtko-yyc) |
| Date of Auction | Will be published after technical evaluation |
| Nameand concerned person for Correspondence | Mr. Dilip Tirkey Mobile no.- 9470520458 email- directorfood18@gmail.com |

Sd/- Director (Directorate of Food & Consumer Affairs)

PR 351918 Directorate of Food and Consumer Affairs (25-26)_D



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

निविदा सूचना संख्या: एमईसीएचसीकेपी-25-26-06, दिनांक 07.05.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में आरओएच के दौरान वैगनों की मरम्मत। **निविदा मूल्य:** रु. 3,45,57,911.78। **ईएमडी:** 3,22,800। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **निविदा खुलने का स्थान:** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदाएं वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-137)



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (विधि शाखा)**

–: आम सूचना :–

निदेशानुसार, एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में प्रतिबंधित सूची से विमुक्त करने हेतु दायर विविध वाद संख्या–11/2025 रोहित राणा बनाम् राज्य सरकार से संबंधित वाद की सुनवाई उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में की जा रही है।

अतः प्रश्नगत् वाद से संबंधित प्रस्तावित भूमि पर यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा अथवा आपत्ति हो, तो वे उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में उक्त वाद की आगामी निर्धारित तिथि दिनांक 27.05.2025 को उपरोक्त भूमि से संबंधित आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित् करेंगे।

| राजस्व ग्राम का नाम | पुलिस थाना | थाना न० | खाता संख्या | प्लॉट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| लराबाद | जयनगर | 03 | 04 | 71 |

प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा, कोडरमा

PR 351953 District(25-26).D



**कार्यालय झुमरीतिलैया नगर परिषद**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/02/2025-26 Date – ......................

| क्रं0 सं0 | मद् का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नागरिक सुविधा | Construction Of RCC Drain From Kanhaiya Misthan Hotal To Corner Of Ganesh Market At Ward No.-10. | 19,35,500 | 38,750 | 5000 | 4 Month |

1. Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 19.05.2025 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.05.2025 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 27.05.2025 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 7355223187
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0), दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 351969 (Urban Development) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-03/2025-26

पत्रांकः–390 दिनांक :–8.5.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि– | 16.05.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 17.05.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17.05.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे। |
| 5. | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0....चतरा का कार्यालय। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0....चतरा का कार्यालय। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aluminium Partition work of 4 Room at 1st Floor, 4 Room at 2nd Floor and Fixing Wire mesh at 2nd Floor Verandah of 22 Court Building Chatra. | 17,78,600.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Old Hajat For Creche Facilities Centre and Installation of Motor and Pipe Line For Hajat at 22 Court Building Chatra. | 5,37,350.00 | 11000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 3. | Painting Work at Maa Bhadra kali Mandir | 10,70,100.00 | 22000.00 | 2500.00 | 01 Months |

नोटः–निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट् पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.351998 Building(25-26):D

# जैसे को तैसा...

संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से बयान आया है। दोनों पक्षों को अधिकतम संयम बरतने की सलाह दी गई है। साथ ही कहा गया है कि तनाव का स्तर कम करने की कोशिश की जाए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का हस्तक्षेप और सुरक्षा परिषद के बंद कमरे में हुआ सलाह-मशविरा अंतर्राष्ट्रीय जगत की चिंता को ही रेखांकित करता है। इसमें दो राय नहीं कि अब तक भारत की ओर संयमित प्रतिक्रिया ने स्थिति को और बिगड़ने से रोकने में मदद ही की है। हालांकि, दंडात्मक कार्रवाई के लिये देश के भीतर बढ़ती मांग ने दिल्ली पर सैन्य विकल्पों पर विचार करने का दबाव जरूर डाला है। हालांकि देश के दीर्घकालीन हितों के मद्देनजर कूटनीतिक प्रयासों से समस्या के समाधान की कोशिश की जानी चाहिए। भारत को अब तक सॉफ्ट कंट्री ही माना जाता है जो काफी कुछ बर्दाश्त कर प्रतिकार नहीं करता है। आतंकी संगठन इसका बेजा लाभ उठा रहें थे और पड़ोसी देश भी। लेकिन इस हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जाता कि आंतरिक दबाव के चलते यदि सैन्य विकल्पों को प्राथमिकता दी जाती है, तो कालांतर इससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की शुरूआत हो सकती है। यह भी एक हकीकत है कि ऐसे मौके पर जब आतंकवादियों के क्रूर हमले में मारे गए लोगों के परिवार शोकाकुल हैं और जनता आक्रोशित है, संयम का आह्वान किसी को रास नहीं आएगा। एक सैन्य टकराव न केवल इस उपमहाद्वीप को अपनी गिरफ्त में ले सकता है, बल्कि दशकों तक इस क्षेत्र को अस्थिर भी बनाये रख सकता है। लेकिन देश के पास कोई दूसरा विकल्प भी नहीं था। आतंकी पाकिस्तान की मदद से घटना को अंजाम देकर भाग जाते थे। अब युद्ध की स्थिति बनती दिखायी दे रही है इसके लिये पाकिस्तान बड़ा दोषी है जिसको एक बड़ा झटका लग सकता है। भारत अब हार्ड कंट्री बन चुका है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9


**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ऑपरेशन सिंदूर ने बता दी पाक को औकात





- प्रियंका सौरभ

**'तो' हम गर्व से कह सकेंगे 'एक था पाकिस्तान'**

'एक था पाकिस्तान' यह केवल तीन शब्द नहीं, बल्कि यह उन अनगिनत कुर्बानियों, टूटे सपनों और संघर्षों की कहानी है, जो भारतीय सभ्यता के दिल में गहरे तक समाई हुई हैं। जब हम यह वाक्य सुनते हैं, तो न केवल एक भूगोल का जिक्र होता है, बल्कि पूरी जड़ें, एक परिवार, एक संस्कृति, और एक सपना जो कभी हमारे अपने हिस्से में था, उभर आता है। यह तीन शब्द उस दर्द, उस पीड़ा और उस उम्मीद का प्रतीक हैं जो विभाजन के समय के लाखों नागरिकों के दिलों में जीवित रहे। यह उस विभाजन का प्रतीक है, जिसने दिलों को तोड़ा और घरों को उजाड़ा।

### विभाजन की पीड़ा

1947 का विभाजन महज एक भूगोल का बंटवारा नहीं था। यह दिलों का बिखराव था, यह जड़ों की टूटन थी, यह एक सभ्यता के विनाश का दौर था। उस समय लाखों परिवारों ने अपने घरों को खो दिया, अपने रिश्तों को खो दिया, और अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी खो दिया। विभाजन के समय जो नफरत और हिंसा फैली, उसने कई परिवारों को कभी न खत्म होने वाली कड़वाहट दे दी। एक तरफ हिंदू और मुस्लिम एक-दूसरे के दोस्त थे, और दूसरी ओर वे अचानक दुश्मन बन गए, सिर्फ एक रेखा, एक खींची हुई सीमा, के कारण।

नफरत और भेदभाव की दीवारों को गिराना आसान नहीं होता, लेकिन क्या यह संभव नहीं है?

### एकता और शांति का सपना

अगर हमें वास्तव में 'एक था पाकिस्तान' को एक साकार रूप देना है, तो हमे एकता की भावना को और भी मजबूत करना होगा। हमें यह समझना होगा कि शांति और स्थिरता की असली ताकत हमारी एकता में है, न कि हमारे भूतकाल में। हमें यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान केवल एक भूगोल का नाम नहीं है, बल्कि यह भी उन दर्दनाक घटनाओं का गवाह है, जो कभी हमारे देश के हिस्से हुआ करती थीं।

### धर्म, जाति और सांस्कृतिक पहचान के मुद्दे

हमारे समाज में विभाजन के बाद भी कई सवाल उठते हैं, जिनका जवाब हमें खोजने की जरूरत है। धर्म, जाति और भाषा के नाम पर हमारी पहचान को कैसे बचाएं? भारत एक बहु-सांस्कृतिक देश है, जहां विभिन्न जातियां, धर्म, और भाषाएं एक साथ रहती हैं। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सभी का समृद्ध इतिहास एक समान है, और विभाजन हमें केवल अलग करने का काम करता है। भारत में धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता ने हमेशा हमें अपनी शक्ति और पहचान दी है, और हमें इसे अपनी एकता की नींव के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

### आंतरिक बंटवाराः हमारे अंदर का पाकिस्तान

यह अत्यंत दुखद है कि हम खुद भी आंतरिक बंटवारे का शिकार हो गए हैं। धर्म, जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर जिस तरह से हमारे समाज में घृणा और भेदभाव फैल रहा है, वह हमारे सपनों को कमजोर कर रहा है। अगर हमें 'एक था पाकिस्तान' का सपना साकार करना है, तो हमें खुद के भीतर की नफरत और अंधविश्वास को खत्म करना होगा। क्या हम अभी भी धर्म, जाति और क्षेत्र के आधार पर एक दूसरे से नफरत करेंगे? क्या हम अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति को भूलकर केवल असहमति और घृणा की राजनीति करेंगे?

### सैनिकों का बलिदान और उनकी भूमिका

हमारे सैनिक हर दिन अपनी जान की बाजी लगाते हैं ताकि हमारे घरों में शांति बनी रहे। जब वे सीमा पर खड़े होते हैं, तो वे केवल एक राष्ट्र की रक्षा नहीं कर रहे होते, बल्कि उनकी बीवी, उनकी मां, और उनके बच्चे भी उनकी सुरक्षा की कामना करते हैं। हमें यह समझना होगा कि सैनिकों का बलिदान केवल उनका नहीं, बल्कि उनके परिवारों का भी होता है। इन परिवारों का दर्द वही समझ सकता है जो खुद इसे महसूस करता है। जब एक सैनिक अपने घर से निकलता है, तो उसका परिवार जानता है कि वह शायद कभी लौटकर न आए। उनकी वीरता और कड़ी मेहनत के बिना हमारा देश सुरक्षित नहीं रह सकता। हमें उनके बलिदान को सम्मान देना होगा, क्योंकि वे हमारे असली नायक हैं।

> आखिर में, सिंदूर की सौगंध एक प्रतीक है – वह प्रतीक जो हमें यह याद दिलाता है कि हम अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए हर कुबार्नी देने को तैयार हैं। यह सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि एक वादा है कि हम अपने देश की रक्षा के लिए हर प्रकार का बलिदान देने को तैयार हैं। यही हमारे सैनिकों की वीरता का असली प्रतीक है।

### हमारी जिम्मेदारी और दायित्व

हमें अपनी अगली पीढ़ी को यह समझाना होगा कि वे नफरत की राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट हो। शांति, सद्भाव और एकता में शक्ति है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे बच्चे एक ऐसे समाज में पले-बढ़ें, जो प्रेम, भाईचारे और समझ के सिद्धांतों पर चलता हो।

### नफरत की दीवारें तोड़ना

आखिरकार, 'एक था पाकिस्तान' का सपना तब पूरा होगा जब हम नफरत की दीवारों को गिरा पाएंगे और समझदारी, भाईचारे और सहयोग की नदियां बहा सकेंगे। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि कोई भी सरहद हमें अलग नहीं करती। हमारी जड़ें एक हैं, हमारी संस्कृति एक है, और हमारा इतिहास भी एक है। जब हम अपने भीतर के भेदभाव और नफरत को खत्म करेंगे, तभी हम अपने देश को एकजुट कर पाएंगे। हमें यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान एक देश नहीं, बल्कि एक भूतकाल है, जिसे हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास के पन्नों में ही छोड़ सकते हैं।

### सिंदूर की सौगंध

आखिर में, सिंदूर की सौगंध एक प्रतीक है - वह प्रतीक जो हमें यह याद दिलाता है कि हम अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए हर कुबार्नी देने को तैयार हैं। यह सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि एक वादा है कि हम अपने देश की रक्षा के लिए हर प्रकार का बलिदान देने को तैयार हैं। यही हमारे सैनिकों की वीरता का असली प्रतीक है। यह हमारे दिलों में वह प्रेरणा है, जो हमें कभी भी मुश्किलें आने पर अपने देश के लिए लड़ने की ताकत देती है। इस सपने को सच करने के लिए हमें न केवल बाहरी दुश्मनों से, बल्कि अपने भीतर की नफरत से भी लड़ना होगा। तभी एक दिन हम गर्व से कह सकेंगे - हां, 'एक था पाकिस्तान', और हम थे, हैं, और रहेंगे - एक, अखंड, अविनाशी भारत। हमारा भारत सदियों तक एकजुट और मजबूत रहेगा, जब हम हर मुश्किल के बावजूद अपनी एकता को बनाए रखेंगे। यह हमारा कर्तव्य है, यह हमारी जिम्मेदारी है।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

पाकिस्तान और पीओके में, जिस तरह से हमारी आर्म्ड फोर्सेज ने आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गौरव का विषय है।

मैं देशवासियों को भरोसा देता हूँ। ऐसे रिसपोंसबल रिस्पोंस के लिए हम आगे भी पूरी तरह तैयार हैं। और यदि हमारी यह तैयारी बनी हुई है, तो इसमें आपका एक बहुत बड़ा रोल है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं, कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए से हो। परंतु इसका अर्थ यह नहीं है, कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए। यदि कहीं, कोई, हमारे इस संयम का फायदा उठाने की कोशिश करता है, तो उसे कल की तरह ही।

**– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# सिंदूर के ठीक पूर्व जाति जनगणना की घोषणा

**सामयिक**

**-डॉ. प्रवीण दाताराम**

भारत की एकता-अनेकता, खंडन-मंडन-विखंडन, रसता-समरसता, श्रेय-हेय, उत्कर्ष-निष्कर्ष, सफलता-असफलता, सबलता-निर्बलता आदि-आदि जैसे सभी तत्व हमारी जाति व्यवस्था के सुफलित होने पर ही निर्भर करता है।

पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा बाईस अप्रैल के पहलगाम अटैक के बाद कुछ लोग कह रहे थे कि यह देश का ध्यान बाँटने का केंद्र सरकार का प्रयत्न है। वस्तुतः जाति आधारित जनगणना की घोषणा का यदि कोई देवयोग था, तो वह पाकिस्तान पर भारतीय हमले की यह पूर्वसंध्या ही थी। यह देश को एक करने, एक रखने, एक दिशा में बढ़ाने का सर्वाधिक सटीक समय है। अब राष्ट्रीय संकट के इन दिनों, महीनों या वर्षों में हम जातिगत गणना भी करेंगे और सभी जातियाँ एकात्म होकर भारतीय सेना के संग खड़ी भी दिखेंगी। यही है नया भारत।

मूल बात- ह्लसंघ का दृष्टिकोण- यदि, जातिगत जनगणना का उद्देश्य न्याय और कल्याण है, तो समर्थन है; यदि इसका उद्देश्य राजनीति और समाज को बांटना है, तो उसका सदैव ही विरोध हैह्व।

भारत की एकता-अनेकता, खंडन-मंडन-विखंडन, रसता-समरसता, श्रेय-हेय, उत्कर्ष-निष्कर्ष, सफलता-असफलता, सबलता-निर्बलता आदि-आदि जैसे सभी तत्व हमारी जाति व्यवस्था के सुफलित होने पर ही निर्भर करता है। जाति व्यवस्था के उत्कृष्ट प्रयोग से हम हमारे देश संगठन का समुत्कर्ष प्राप्त कर सकते हैं तो निकृष्ट उपयोग से हम रसातल में भी जा सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भारतीय जाति व्यवस्था को लेकर यही राय रही है। इस राय के अनुरूप ही आरएसएस भारतीय जाति व्यवस्था पर समय-समय पर प्रयोग-अनुप्रयोग करता है और करता रहेगा।

अपनी सौ वर्षों की यात्रा में संघ का यह जाति विमर्श देश के समक्ष प्रामाणिकता से स्पष्ट व स्थापित है। इस अवसर पर आरएसएस सौ वर्षीय प्रामाणिक जातीय दृष्टिकोण निश्चित ही देश को इस निर्णय की व्यापक पूर्व अध्ययन जनित पीठिका का आभास देता है। ह्लसंघ जो करेगा ठीक ही करेगाह्व, आज देश का जनमानस ऐसा सोचने की सुलभ-सहज स्थिति में है। यह सब एकाएक नहीं हुआ है, यह संघ की शतवर्षीय अनथक, अनवरत यात्रा से उपजा तपोबल है। जनता स्पष्टतः जानती है, यदि भाजपा ने जातिगत गणना में तनिक भी राजनैतिक दृष्टिकोण रखा तो सर्वप्रथम संघ ही उसे रोकेगा।

संघ इस निर्णय को तब तक ही मानेगा जब तक यह ञ्न्याय और कल्याणञ्ञ का उपकरण है। सामयिक, सटीक, नवनुतन रहने वाले संघ ने इस नवीन तथ्य को माना है कि ह्लकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की सटीकता हेतु विवेचक सांख्यिकी अनिवार्य हैं। इस सांख्यिकी के बिना, शासकीय योजनाएं अनुचित वर्ग को लाभान्वित करती हैं, और, दूसरी ओर वंचित वर्ग वंचित ही रह जाता है।

उन्हें इतना सारा मिला, हमें केवल ही इतना मिलाह्व, जैसे भाव समाज में उभरने की पर्याप्त संभावनाएँ हैं। इन भावों के उन्मूलन में भी निश्चित ही अपनी सांगठनिक शक्ति, समाज में पैठ व शुचिता के आधार पर, संघ, देश की मदद कर पायेगा यह विश्वास है। बल्कि, यह भी कहा जा सकता है कि जातिगत जनगणना के मंथन में जो विष निकलेगा उसे पीना और नीलकंठ बनना केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वश की ही बात है। सुधिजन, श्रेष्ठीजन यहाँ यह प्रश्न कर सकते हैं कि यदि संघ को इस मंथन से विष निकलने का इतना ही विश्वास है तो फिर इस मंथन को संघ रोकने का प्रयास क्यों नहीं कर रहा?! इसका उत्तर है कि ह्लएक समय विशेष या कालखंड विशिष्ट में समाज का मंथन भी आवश्यक है और उससे निकले गरल कंठस्थ करना, नीलकंठ बनना और समाज को अमृतपान कराना भी आवश्यक हैह्व। निश्चित ही संघ इस कार्य को भली भाँति कर पायेगा।

मूल भारतीय समाज में, अर्थात हिंदू व हिंदू जनित अन्य धर्मावलंबियों के मानस में एक बात बड़ी स्पष्ट है- ह्लयदि समाज का कोई अंग पीछे है तो उसे आगे लाना ही हैह्व जातिगत सांख्यिकी और उनके विकास के सटीक आंकड़ों से, कई आशंकाओं, विसंगतियों व विराधाभासों का शमन हो जाएगा। इस आधार पर ही संघ ने केंद्र सरकार के जाति आधारित जनगणना के निर्णय के तत्काल बाद कहा- यदि जातिगत जनगणना का उद्देश्य न्याय और कल्याण है।

तो समर्थन योग्य है; और, यदि इसका उद्देश्य राजनीति और समाज को बांटना है, तो उसका सदैव ही विरोधह्व। एक पंक्ति का कथन और सभी को स्पष्ट और दो टूक मार्गदर्शन!

# तुरंत रावलपिंडी छोड़ दो... पाक क्रिकेट बोर्ड का फरमान

**सामयिक**



**भारत**-पाकिस्तान के तनाव के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2025 को बीच में ही रोक दिया गया है। बाकी बचे मैच कराची, दुबई या दोहा में कराए जा सकते हैं। पिंडी स्टेडियम में होने वाला आज का मैच भी रद्द कर दिया गया है। पीसीबी ने विदेशी खिलाड़ियों को रावलपिंडी छोड़ने के लिए कहा है।

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पाकिस्तान की क्रिकेट लीग पीएसएल 2025 को बीच में ही रोकना पड़ सकता है। खबरों के अनुसार, बाकी बचे मैच कराची, दुबई या दोहा में कराए जा सकते हैं। ढउइ ने पहले कहा था कि ऴ20 लीग जारी रहेगी, लेकिन हालात तेजी से बदल गए। आज का पिंडी स्टेडियम का मैच भी रद्द कर दिया गया है। पीसीबी ने पीएसएल में खेल रहे सभी खिलाड़ियों को, जिनमें विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं, रावलपिंडी छोड़ने के लिए कहा है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हुए नुकसान के बाद कुछ कमाई हो रही थी, इसलिए यह उनके लिए एक बड़ा झटका है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (ढरछ) 2025 पर संकट के बादल छा गए हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि बाकी बचे मैचों को पाकिस्तान से बाहर कराने की तैयारी चल रही है। कराची, दुबई और दोहा जैसे शहरों पर विचार किया जा रहा है।

पाकिस्तान ने रावलपिंडी स्टेडियम को बनाने में खर्च किए थे 150 करोड़ रुपये, अब पड़ गए लेने के देने

'ऑपरेशन सिंदूर' से दामन छुड़ाया रिलायंस ने, कहा गलती से आवेदन फाइल हो गया था

अब पाकिस्तान को कौन बचाएगा, पूरे मुल्क में हड़कंप, अमेरिका ने दिया 'डूब मरने' वाला संदेश!

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले कहा था कि भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ऴ20 लीग जारी रहेगी। लेकिन हालात तेजी से बिगड़ गए। ढउइ को अब अपने फैसले पर दोबारा विचार करना पड़ रहा है। खबरों के मुताबिक, आज पिंडी स्टेडियम में होने वाला मैच भी रद्द कर दिया गया है। माना जा रहा है कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित तमाम विदेशी खिलाड़ी तत्काल स्वदेश लौटना चाहते हैं।

इस बीच इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड हरकत में है। बोर्ड ने सुरक्षा जांच को लेकर एक मीटिंग भी बुलाई है। रिपोर्ट की मानें तो डेविड विली और क्रिस जॉर्डन दो ऐसे पहले खिलाड़ी थे, जिन्होंने स्वदेश लौटने की इच्छा जताई थी।

**निर्धन और अविकसित देश पाकिस्तान ने जिस प्रकार युद्ध को दावत दिया उस पर बनायी गयी कॉर्टून। साभार कॉर्टून मूवमेंट**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### लालू पंडा का 72 वर्ष में निधन



**कुजू।** बोंगाबार बंगाली टोला निवासी लालू पंडा (72 वर्ष) का निधन बुधवार देर रात 8:20 बजे अपने पैतृक आवास पर हो गया। इस दौरान पुजारी की निधन की सूचना पर उनके आवास पर तांता लगा रहा। सभी ने मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार को टूटी झरना नदी तट पर किया गया। इस दौरान उनके बड़े पुत्र सौरभ पंडा ने मुखाग्नि दी। दाह संस्कार में बड़ी संख्या में लोग जुटे थे।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम



**रामगढ़।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर गुरूवार को प्रखंड कार्यालय के निकट स्थित रेडक्रॉस कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमेन अनूप कुमार ने किया। रेडक्रॉस के सदस्यों को पिन फ्लैग लगाया गया। इस दौरान डीसी चंदन कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद आदि अधिकारियों को पिन फ्लैग लगाकर सम्मानित किया गया। मौके पर महावीर अग्रावाल, इंद्रपाल सिंह सैनी, अमित कुमार सिन्हा, अजीत जायसवाल, अभिषेक अग्रवाल, दीपक सिन्हा, राजेश प्रसाद, बिनय सिंह, रोहित वर्मा, टिकेश्वर कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

### ओवरब्रिज के पास व्यक्ति का मिला शव



**रामगढ़।** बरकाकाना के घुटवा ओवरब्रिज के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का सर कटा हुआ शव मिला। बरकाकाना ओपी पुलिस ने बताया कि बुधवार मध्य रात्रि रेलवे पुलिस ने बताया कि आउटर सिंगल के पास अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव के पहचान के लिए आसपास के थानों को भेजा, ताकि शव का पहचान हो सके। ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### जय भारत मंच ने सेना को दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जय भारत मंच के प्रांत अध्यक्ष रामेश्वर गोप ने गुरूवार को ऑपरेशन सिंदुर को देश की सुरक्षा की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है जिन्होंने फिर से यह सिद्ध कर दिया कि भारत की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर तैयार हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और तीनों सेनाओं के प्रमुखों को इस साहसिक एवं सफल सैन्य कार्रवाई के लिए बधाई दी। श्री गोप ने देशवासियों से अपील की कि वे राष्ट्रहित में एकजुट होकर सेना और सरकार के प्रयासों का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब किसी भी प्रकार की सुरक्षा चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि देश की एकता और आत्मबल का प्रतीक है।

### बोंगावार में चोरी का मामला दर्ज

**कुजू।** बीते दिनों बोंगाबार निवासी प्रशांत रंजन मिश्र के आवास में चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसे लेकर भुक्तभोगी ने ओपी में आवेदन देकर मामला दर्ज करने की मांग पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच में जुट गई है। उन्होंने बताया कि जनेऊ कार्यक्रम को लेकर अपने पैतृक गांव शिवान गए थे। इस बीच ताला तोडकर घर में रखे नगद 90 हजार रुपए नगदी समेत करीब नौ लाख के जेवरात की चोरी की थी।

### कुजू में कई बेटियों को मिला लहंगा



कुजू। सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से श्री राम लहंगा का वितरण कुजू पूर्वी पंचायत में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस दौरान पंचायत की बेटी अमीषा पटेल पिता पंकज महतो, कुजू दक्षिणी पंचायत में खुशबू कुमारी पिता स्व प्रयाग महतो के घर जाकर श्री राम लहंगा का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा मांडू मंडल महामंत्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद, साहू, आशीष कुमार, मंडल मंत्री डिंपल प्रजापति, पंचित महतो, शंभू लाल ठाकुर, महेश कुमार, रमेश चौधरी उपस्थित रहे।

### रजरप्पा के थाना प्रभारी बने कृष्ण कुमार



**रामगढ़।** रजरप्पा थाना प्रभारी के रूप में कृष्ण कुमार ने गुरूवार को योगदान दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रजरप्पा में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनका लक्ष्य है।

### सेना का प्रजापित ने किया स्वागत

कुजू। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने सराहना व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई स्वागत योग्य है। श्री प्रजापति कहा कि देश के सभी समुदाय के लोग एक साथ होली-दीवाली मना रहे हैं। पाकिस्तान की नापाक हरकतों का जवाब देने के लिए देशवासियों ने एकजुटता का जो परिचय दिया है।

# महिलायें बनेंगी आत्मनिर्भर

## एसएचजी के उत्पादों को बाजार में उतारा जायेगा : सुदिव्य

**नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने बहनों से किया सीधा संवाद और उनके कार्यों की सराहना की**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/हजारीबा।** हजारीबाग के नगर भवन में गुरुवार को राज्य स्तरीय शहरी महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की एक महत्वपूर्ण परिचर्चा आयोजित की गयी। इसमें झारखंड के सभी ज़िलों से आई समूह की बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने उपस्थित बहनों से सीधा संवाद किया और उनके कार्यों की सराहना की। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने घोषणा की कि एसएचजी द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को एकीकृत ब्रांड नाम के तहत बाजार में उतारा जाएगा, ताकि उनकी संगठित और प्रभावी मार्केटिंग की जा सके।

**जल्द ही एक राज्य स्तरीय मेगा कार्यक्रम आयोजित होगा :** उन्होंने बताया कि समूह की बहनों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे और अधिक पेशेवर बन सकें और अपने उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कर सकें। राज्य सरकार की योजना है कि एसएचजी उत्पादों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन मार्केटप्लेस की व्यवस्था की जाये, ताकि उनके सामानों की बिक्री बढ़े और उनकी आमदनी में इजाफा हो सके। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि जल्द ही एक राज्य स्तरीय मेगा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी ज़िलों एसएचजी को एक मंच पर लाकर स्टॉल्स के माध्यम से उनके उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री का अवसर दिया जाएगा। जो समूह मैन्युफै^ रिंग से जुड़े हैं, उन्हें विशेष तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपनी उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता को और बेहतर बना सकें।

**क्रेडिट लिंकेज में आ रही चुनौतियों को दूर किया जाएगा :** उन्होंने कहा कि बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर क्रेडिट लिंकेज में आ रही चुनौतियों को दूर किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अधिक से अधिक समूह इस योजना से लाभान्वित हों।

सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में शहरी स्वयं सहायता समूहों की संख्या को दोगुना किया जाए, जिसके लिए जल्द ही आवश्यक कार्ययोजनाएं तैयार कर क्रियान्वयन प्रारंभ किया जाएगा। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावशाली पहल साबित हुआ, जिसने झारखंड की मेहनती बहनों को एक सशक्त मंच प्रदान किया।

# कुजू को अपराध मुक्त बनायेंगे: आशुतोष

### कुजू ओपी के नये प्रभारी बने आशुतोष कुमार सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुजू।** कुजू ओपी में 53 वां नए ओपी प्रभारी के रूप में रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार निर्देशानुसार अशुतोष कुमार सिंह ने अपना योगदान दिया। आशुतोष कुमार सिंह 2018 बैच के दरोगा है। इससे पूर्व वह रामगढ़ में पदस्थापित थे। पदभार के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त कर शांतिपूर्ण माहौल बहाल रखने को प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के साथ हमेशा मैत्री भाव कायम कर कार्य करेगी। क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार की समस्या होने पर बेहिचक सीधा मुझसे संपर्क कर अपनी शिकायत बता सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के व्यवसाययों को किसी प्रकार की गैंगस्टर द्वारा धमकी दी जाती है तो सीधा हमसे आकर मिले। निश्चित रूप से सभी को सहयोग किया जायेगा। इधर कहा कि विद्यालय व कॉलेजों में भी जाकर जागरूकता अभियान चलाने के साथ लोगों जागरूक करने का काम किया जाएगा।

### महिला सम्मान दल का इचाक में स्वागत

**इचाक।** महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर जागते रहो भारत यात्रा का आगमन महिला मुक्ति संस्था के कार्यक्षेत्र गोहरबंदा पंचायत भवन में हुआ।

सचिव देवयानी वर्मा ने संयोजक राजेन्द्र यादव और अन्य सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान के साथ शारीरिक, मानसिक,आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की जरूरत है। संयोजक राजेन्द्र यादव ने कहा कि महिला मुक्ति संस्था महिलाओं को सम्मान,सुरक्षा,शिक्षा और रोजगार के अवसर पर कार्य कर रही है। वर्तमान समय में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष करने का हैं। शिक्षित और रोजगार से जुड़ी महिलाएं सशक्त होकर भी प्रताड़ित हो रही हैं।

# सौंदा बस्ती में लगा योग शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार द्वारा संचालित दिव्य योग आश्रम सौंदा बस्ती में पांच दिवसीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर चल रहा है। इस शिविर में गुरूवार को योग, यज्ञ और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से रोग निवारण एवं स्वास्थ्य संवर्धन का कार्य किया गया। इसमें स्वामी विप्रदेव (पीएच.डी.,पतंजलि यूनिवर्सिटी, हरिद्वार), स्वामी रामकिशन (हरिद्वार) एवं संतोष साहू (भारत स्वाभिमान, जिला प्रभारी, गुमला) के मार्गदर्शन में लोगों को चिकित्सकीय योग पद्धतियों और उनके लाभों की जानकारी दी गई। लोगों को उनके रोग के अनुसार उचित योगासन, प्राणायाम एवं प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श दिया जा रहा है। इस शिविर में हजारीबाग, सांकुल, भुरकुंडा, वेस्ट बंगाल, स्टीम कॉलोनी, किरीगढ़ा, पतरातू जैसे विभिन्न क्षेत्रों से लोग उपचार के लिए पहुंचे हैं। प्रमुख प्रतिभागियों में सरिता (हजारीबाग), दिलीप (सांकुल), रिंकू धामी (भुरकुंडा), एसपी बिश्वास (वेस्ट बंगाल), अमावस (स्टीम कॉलोनी), भगवान सिंह (किरीगढ़ा), रोहित (पतरातू) एवं राज कुमार (स्टीम कॉलोनी) शामिल हैं। शिविर में प्रतिदिन दो सत्रों में योग कक्षा आयोजित की जाती है। पौने पांच बजे से पौने सात बजे तक एवं शाम पांच बजे से 7 बजे तक योग कक्षा चलाई जा रही है। इन कक्षाओं का संचालन पतंजलि योग समिति रामगढ़ जिला की सक्रिय सहभागिता से किया जा रहा है। कहा गया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता फैलाना एवं निरोग जीवन की प्रेरणा देना है। शिविर में मुख्य रूप से दिव्य योग आश्रम सौंदा बस्ती सह पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रामकिशोर प्रसाद, रोटेरियन प्रवीण शर्मा, अशोक शर्मा, परमजीत सिंह धामी, हृदय नारायण सिंह और शशि भूषण सिंह शामिल हैं।

### रतनपुर : रुद्र महायज्ञ के प्रतिमाओं का नगर भ्रमण

**इचाक ।** प्रखंड अंतर्गत रतनपुर और मनाई गांव में आयोजित श्री श्री 108 श्री राम जानकी सह शिव परिवार तथा रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को प्रतिमाओं का नगर भ्रमण किया गया। जिसकी शुरूआत रतनपुर और मनाई में नवनिर्मित मंदिर स्थित यज्ञ मंडप से हुई। मंदिर प्रांगण से ढोल ताशा और बैजू के साथ निकली नगर भ्रमण शोभायात्रा में हजारों की संख्या में कन्या, महिला, पुरुष, युवा और बुजुर्ग श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर प्रांगण से निकले नगर भ्रमण शोभायात्रा बरका खुर्द,दरिया,बरका कला,खुटरा,हसेल के अलावा संपूर्ण रतनपुर और मनाई गांव का भ्रमण के बाद मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुआ।भगवा पताका हाथों में थामे श्रद्धालुओं ने खूब अबीर गुलाल उड़ाकर नगर भ्रमण की शोभा और बढ़ा दिया। इस दौरान हर हर महादेव,ओम नमः शिवाय, बोल बम, जय श्री राम के गगन भेदी जयकारा से इलाके का वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर भ्रमण में यज्ञ समिति के अध्यक्ष कृष्णकांत मेहता,किशोरी प्रजापति, सचिव विकास पांडे, देवव्रत रजक ,कोषाध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद मेहता, धर्मनाथ मेहता, रोहित यादव ,रेणु देवी, मुखिया सीता कुमारी, सिकंदर कुमार राम, अनीता देवी, इंद्रदेव प्रसाद मेहता, चमन रजक, अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप मेहता, रिंकू देवी, पूर्व प्रमुख कौशल नाथ मेहता,तिलक महतो, मंदिर निर्माता जगदीश साव, अनिल अनिल साव व अन्य उपस्थित थे।

# सुंदरनगर में आजसू की बैठक, कई प्रस्ताव प्रारित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।**आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी की बैठक गुरूवार को सुंदरनगर पंचायत भवन के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव विजय साहू, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा, केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझू, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष हरीरत्नम साहू, केंद्रीय सदस्य राजू कुमार, अशोक पाठक, इमरोज खान, जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा, मुखिया ब्यास पांडेय, भुन्नू सिंह, कैलाश प्रसाद, राणा प्रताप सिंह उपस्थित थे। बैठक के दौरान पार्टी द्वारा कई प्रस्ताव भी पारित किये गये। बैठक को संबोधित करते हुए विजय साहू ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाए रखने के लिए जनता की बीच उपलब्ध रहें। सांसद मनीष जायसवाल व्यवसायिक सांसद प्रतिनिधि मनोनीत कर रहे हैं। इनके इस कार्य से आजसू कार्यकर्ताओं में रोष है। आजसू पार्टी का जनाधार बड़कागांव विधानसभा में सबसे ज्यादा है। जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं की भागीदारी के लिए हर संभव संघर्ष किया जाएगा। पार्टी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि संघर्ष राजनीति का हिस्सा है उसके लिए पार्टी का हर कार्यकर्ता तैयार हैं, लेकिन मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पूरे मामले पर पार्टी केंद्रीय नेतृत्व को मामले की जानकारी दी जाएगी। जनहित के मुद्दों पर पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्व की भांति संघर्षशील रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि आजसू पार्टी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी ने अकेले अपने दम पर लगभग 70 हजार वोट प्राप्त कर सभी

**▶▶ आजसू विरोधियों को सांसद प्रतिनिधि बनाने का किया विरोध**

राजनीतिक दलों को पीछे छोड़ा था। किसी भी जनप्रतिनिधि को आजसू कार्यकताओं के मान-सम्मान से समझौता नहीं करने दिया जाएगा। अगर पार्टी के कार्यकर्ताओं की अनदेखी हुई तो निरंतर विरोध दर्ज किया जाएगा। इसके लिए पार्टी कार्यकताओं ने एकजुट होकर एक स्वर में प्रस्ताव पारित किया। जिस प्रकार गिरिडीह में चंद्रप्रकाश चौधरी ने भाजपा के लोगों को प्रतिनिधि बनाया है उसी प्रकार यहां भी सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि आजसू के कार्यकताओं को बनाने की मांग की गई। सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि के मनोनयन में बराबर ही हिस्सेदारी आजसू की हो। कहा गया कि अगर दस भाजपा के लोगों को प्रतिनिधि बनाया जाता है तो दस

## एक नजर में

### 17 दिन की दुल्हन की मौत, परिजनों ने ससुरालवालों पर लगाया हत्या का आरोप

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी के गोविंदपुर गांव में 17 दिन पहले ब्याही गई मेहर प्रवीण की मौत ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। महज 20 साल की इस नवविवाहिता ने अपने ही घर में फांसी लगा ली। जिस घर में हाल-ए-खुशी की गूंज थी, वहां अब सिसकियों और सवालों का सन्नाटा पसरा है। सुबह का समय था। घर के सभी सदस्य अपने-अपने काम पर निकल चुके थे। मोनू अंसारी, मेहर का पति, गांव में किसी बीमारी के इलाज के लिए गया था। लौटकर आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने दरवाजा खटखटाया, पुकारा पर कोई जवाब नहीं मिला। घबराकर उसने अलबेस्टर तोड़ा। सामने का मंजर देखकर उसकी चीख निकल पड़ी। मेहर फांसी के फंदे पर झूल रही थी। इस दुखद खबर ने गांव में आग की तरह फैलते देर नहीं लगी। मेहर के मायकेवालों को खबर दी गई। बेकाबू होकर वे दौड़े-दौड़े पहुंचे। लेकिन जब तक वे पहुंचे, मेहर की सांसें थम चुकी थीं। गांव वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। मायकेवालों का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। मेहर के पिता ने रुंधे गले से कहा कि मेरी बेटी को ससुरालवालों ने मार डाला। उसे मार डाला। वहीं, मोनू अंसारी ने भी खुदकुशी की कोशिश की। जब गांववालों ने दरवाजा तोड़कर उसे बचाया, तब तक वह बेहोश था। उसे हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### बरही में कैरम बोर्ड प्रतियोगिता आयोजित



**बरही।** प्रखंड के सभी सरकारी,नीजी व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के छात्र छात्राओं की बीच गुरूवार को प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता हुआ। इस प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के अंडर 17 व 19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।खेले गए इस प्रतियोगिता में लड़का वर्ग के अंडर 19 के एकल प्रतियोगिता के फाइनल में विजैया स्कूल के सचिन कुमार, युगल प्रतियोगिता में विजैया स्कूल के सचिन कुमार एवं शनी कुमार तथा लडकी ग्रुप के एकल प्रतियोगिता में कस्तूरबा विद्यालय के सोनी कुमारी विजेता तथा हाई स्कूल बरही के सालेहा प्रवीण उपविजेता रही। तथा अंडर 17 वर्षीय के एकल प्रतियोगिता में विजेता शीतल कुमारी व उपविजेता सोनी कुमारी रही। युगल प्रतियोगिता में परियोजना विद्यालय के नैनी कुमारी और सृष्टि कुमारी विजेता रही तथा कस्तूरबा विद्यालय के करीना कुमारी व प्रिया कुमारी उपविजेता रही। वहीं पुरूष वर्ग के एकल प्रतियोगिता में बरही हाई स्कूल के शक्ति कुमार राणा तथा खोडाआहर विद्यालय के अनिकेत कुमार विजेता रहा तथा युगल वर्ग में विजैया स्कूल के प्रमोद कुमार एवं राजन कुमार विजेता तथा हाई स्कूल बरही के शक्ति कुमार राणा एवं शिवा कुमार उपविजेता रहा। मौके पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, दो गंभीर रूप से घायल

बरही। थाना क्षेत्र अंतर्गत धनबाद रोड कोनरा डीवीसी के समीप बुधवार रात करीब एक बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को बरही अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक डीसीवी स्थित स्वाद जैक्सन होटल में काम करते थे।

### स्कूल वैन में लगी आग, जलकर राख

**बरही।** शिक्षकों को स्कूल छोड़कर लौट रही टाटा मैजिक वैन में बुधवार को बरही थाना क्षेत्र के बरथा मोड़ के पास शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। वैन में चालक समेत चार शिक्षक सवार थे। आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ। इसकी जानकारी थाना में नहीं दी गई थी।

### बरही में सभी मतदान केंद्रों पर लगेगा शिविर

**बरही।** प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर 15 व 30 मई, 14 व 25 जून तथा 15 व 30 जुलाई को मतदान केंद्र पर लगेगा शिविर। बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखंड के सभी बीएलओ व पर्यवेक्षकों को व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए मतदान केंद्र पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी बीएलओ व पर्यवेक्षकों को पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के आदेश पर उन्होंने बरही प्रखंड के सभी मतदान केंद्र स्तर पर शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया है। इसके लिए प्रखंड के सभी बीएलओ व पर्यवेक्षक मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर नए मतदाताओं का नाम जोड़ना, मृत मतदाताओं व स्थान परिवर्तन कर चुके मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाना तथा प्रविष्टि में नाम सुधार के लिए प्रपत्र भरना सुनिश्चित करेंगे और अपने स्तर से सभी जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी देंगे। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व जनप्रतिनिधियों को भी इसकी जानकारी देते हुए कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### मलेरिया टीम ने बरही अस्पताल का किया दौरा

**बरही।** मलेरिया विभाग की जोनल टीम ने गुरुवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने लैब, पुरुष ओपीडी, महिला ओपीडी समेत सभी विभागों का निरीक्षण किया। उसके बाद टीम ने पड़रिया स्वास्थ्य उपकेंद्र और मलकोको आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में जिला कीट वैज्ञानिक महेंद्र पाल, शहजाद अंसारी, लिपिक उदय कुमार, लैब टेक्नीशियन प्रहलाद कुमार, लैब टेक्नीशियन मलेरिया सुपरवाइजर सनोवर प्रवीण, सीएचओ गीता कुमारी, एएनएम खैरुन खातून समेत कई सहिया मौजूद थीं।

### सिलाई प्रशिक्षण का प्रजापति ने किया निरीक्षण



**कुजू।** मोती राम कॉम्पलेक्स में उज्जवला फाउंडेशन ने सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण के शुभारंभ के बाद गुरूवार को फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को जल्द से जल्द सिलाई व कंप्यूटर सिख कर कार्य में प्रगति लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जितना जल्दी महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जायेगा, उतना ही जल्दी वह आत्म निर्भर बनने की ओर अग्रसर होगी। बाद में उन्होंने फाउंडेशन के सदस्यों के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान फाउंडेशन की मजबूती व विस्तार पर चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन से जुड़े महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में पूरी तरह से तत्पर हूं। इसके लिए आने वाले समय में महिलाओं को और भी विभिन्न तरह के प्रशिक्षण कराया जायेगा, जिससे वह आगे चलकर बेहतर कार्य कर सके। बाद में उन्होंने सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 24 महिलाओं के बीच सिफ्ट मैनेज किया। जिसमें 9 बजे से 1 बजे तक पहला सिफ्ट में श्री राम चौक, कुजू चटनिया बस्ती, बोंगावार व 1 बजे 5 बजे तक दूसरा सिफ्ट में दिगवार, पैंकी, बुढ़ाखाप की महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। वहीं सिलाई के लिए मुख्य प्रशिक्षण के रूप में सुनीता कुमारी का चयन किया गया।

### विश्व रेड क्रॉस दिवस पर जेल में रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान पुण्य का कार्य, जीवन बचाने का सर्वोत्तम माध्यम : अजीत बर्णवाल

- 60 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए बढ़े कदम, 10 लोगों ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**कोडरमा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जेल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जेल प्रशासन और रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त सहयोग से किया गया, जिसमें 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

शिविर का उद्घाटन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल, डॉ.अभिषेक कुमार और जेल अधीक्षक अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

वहीं अजीत बर्णवाल ने कहा कि आज विश्व थैलेसीमिया दिवस भी है और जिले में 60 थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे हैं, जिन्हें हर महीने दो यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है। रक्तदान जीवनदान है, यह बहुत ही पुण्य का कार्य है। इससे शरीर शुद्ध होता है और दिल की बीमारियों का खतरा 70 प्रतिशत तक कम हो जाता है। वहीं जेल अधीक्षक अभिषेक कुमार ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची पहचान है। समाज में हर व्यक्ति को आगे बढ़कर इस पुण्य कार्य में भाग लेना चाहिए। वहीं डॉ. अभिषेक कुमार ने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर रक्त विकार है, जिसमें मरीज को नियमित रक्त की आवश्यकता होती है। वहीं डॉ. विशाल सिंह, डॉ. पूजा सिंह, अमन कुमार, सुरेंद्र कुमार, सूर्य भूषण कुमार, राजकुमार यादव, आदित्य कुमार, वीरेंद्र तिवारी, सुरेंद्र कुमार, दीपक राणा ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल ने सदर अस्पताल के मरीजों के बीच फल बांटा।

## प्रेम विवाह के दो माह बाद पत्नी की मौत

- संदिग्ध परिस्थिति में घर के कमरे में दुपट्टा से लटका मिला शव
- मायके वालों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के औरू गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार सुबह 18 वर्षीय सुष्मिता कुमारी (मृतका) का शव घर के कमरे में दुपट्टा से लटका मिला। इधर ग्रामीणों ने इसकी सूचना हंटरगंज पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। सुष्मिता ने दो माह पूर्व औरू गांव निवासी रंजीत भारती के साथ प्रेम विवाह किया था। ग्रामीणों के अनुसार यह प्रेम विवाह प्रेमी के परिजनों को रास नहीं आ रहा था। चार दिन पूर्व ही मायके वालों ने ससुराल पक्ष को बर्तन, पलंग, किचन सामग्री, कपड़ा वगैरह उपहार में दिया था। शुक्रवार को जब ससुराल के परिजनों ने देखा कि उसका शव दुपट्टा से लटक रहा है। पति रंजीत ने तुरंत उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। कुछ ग्रामीणो ने बताया कि सुबह 7 बजे तक सब ठीक ठाक था। मृतका खाना बना रही थी, लेकिन अचानक फांसी लगा ली। ये समझ से परे है। मृतका के मायका पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी समेत मृतका की सास के बीच विवाद की बात सामने आई है। सुष्मिता हंटरगंज थाना क्षेत्र के गेरुआ पंचायत अन्तर्गत जावादोहर निवासी विजय भारती की पुत्री थी। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। हालांकि मौत का स्पष्ट पता पीएम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगी।

## मॉडर्न किड्स पैराडाइज में रेड कलर-डे मना गया




**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल की इकाई मॉडर्न किड्स पैराडाइज में रेड कलर-डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रेड कलर-डे के अवसर पर छात्रों ने लाल रंग के वस्त्र पहने और विभिन्न रंगीन गतिविधियों में हिस्सा लिया। छात्रों के लिए डांस, कविता पाठ, कॉटन डब्बिंग, पेपर पेंटिंग, बैलून प्रिंटिंग जैसे मजेदार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने बच्चों को संबोधित किया और रंगों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि रंग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमें विभिन्न रंगों के महत्व को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को रंगों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं विद्यालय की गतिविधियों में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं रेड कलर-डे के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्रों में रंगों के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तनुश्री सरकार, अंजलि सलूजा, सुमन देवी, प्रिया चंदेल, साक्षी कुमारी, ऋतू कुमारी, सेलिना मुर्मू, आस्था, सलूजा सहित पुरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

## महिला के गले से सोने की चेन काटकर दो बाइक सवार फरार

- चेन स्नेचिंग की घटना से लोगों में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनापट्टी गली में गुरुवार की सुबह एक महिला के साथ हुई चेन स्नेचिंग की घटना ने लोगों को चौंका दिया है। बताते चलें कि मॉर्निंग वॉक से घर लौट रही महिला के गले से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने की चेन झपट लिया और फरार हो गये। वहीं पीड़िता अनिता देवी ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे जब वह सैर कर घर लौट रही थीं, तभी दो युवक बाइक से आए, उनमें से एक ने हेलमेट पहन रखा था, दूसरे युवक ने धारदार औजार से उनके गले से सोने की चेन काटा और दोनों बाइक पर सवार होकर फरार हो गये। वहीं अनिता देवी ने बताया कि वारदात के बाद उन्होंने शोर मचाया, मगर उस समय गली में कोई मौजूद नहीं था। सोने की चेन छीनने के दौरान उनके गले पर खरोंचें भी आ गई हैं। उन्होंने इस घटना को लेकर तिलैया थाना में आवेदन दिया है। पीड़िता के अनुसार छीनी गयी चेन करीब 12 ग्राम की थी, जिसकी कीमत एक लाख रुपये से ज्यादा आंकी जा रही है। मामले को लेकर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। वहीं घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत और नाराजगी देखी जा रही है। वहीं लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में छिनतई की घटनाएं बढ़ी हैं, पुलिस को गश्ती और निगरानी और सख्त करनी चाहिए। इधर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि घटना की जांच तेजी से की जा रही है, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है, बहुत जल्द मामले का खुलासा कर लिया जाएगा और अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**डोमचांच। (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगरीडीह में एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका की पहचान 20 वर्षीय सिमराना परवीन पति सैफुल्लाह रघुनियाडीह निवासी के रूप में की गई है। घटना को लेकर मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। वहीं उन्होंने कहा कि लड़की को गला दबाकर मार दिया और फांसी का रूप दिया गया है। घटना के बाद ससुराल वाले घर से फरार हैं। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## खबर एक नजर में

### चतरा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण और बिजली कनेक्शन को लेकर बैठक आयोजित




**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने की। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण और बिजली कनेक्शन से जुड़ी प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें जिला अभियंता, कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पीएम जनमन योजना के तहत 14 और एनआरईपी योजना के तहत 38 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, सरकारी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में इस माह के अंत तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत प्रमंडल को सूची सौंपी गई।

### चतरा में दो नाबालिग बच्चियों का विवाह रोका गया

**चतरा।** जिले के सिमरिया प्रखंड के जबड़ा पंचायत क्षेत्र में जिला प्रशासन की तत्परता से दो नाबालिग बच्चियों का विवाह होने से रोक दिया गया। 6 मई को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना मिली थी कि दो नाबालिग बच्चियों का विवाह 7 मई की रात को होने वाला है। सूचना मिलते ही चाइल्डलाइन ने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को सूचित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत टीम को मौके पर भेजा गया। जांच में पुष्टि हुई कि दोनों लड़कियां नाबालिग हैं और शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। उप विकास आयुक्त के निर्देश पर बीडीओ सिमरिया, अंचल अधिकारी, पंचायत सचिव, मुखिया प्रतिनिधि, चाइल्डलाइन, परियोजना सहायक और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों विवाहों को रुकवाया। लड़कों की पहचान चतरा और लातेहार जिलों के अलग-अलग गांवों से हुई है। दोनों जिलों के प्रखंड अधिकारियों को जानकारी दी गई है और जांच जारी है। फिलहाल दोनों बच्चियों को चाइल्ड केयर होम में सुरक्षित रखा गया है। जिला प्रशासन ने बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए आम लोगों से अपील की है कि ऐसी किसी भी सूचना के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर तुरंत संपर्क करें।

## गिद्धौर में अफीम तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजा गया



**गिद्धौर।** गुप्त सूचना के आधार पर चतरा पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र के सियारी जंगल के पास अफीम तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। सूचना मिलते ही सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेवाला और गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। दल ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की, जिसमें त्रिभुवन दांगी का पुत्र किशोरी दांगी, ग्राम ठाकुर बाड़ी टोला निवासी को पकड़ा गया। आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में सहायक अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडे और गिद्धौर थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### जिला प्रशासन पीवीटीजी परिवारों के उत्थान के लिए चला रहा है विशेष अभियान

**चतरा।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर चतरा जिला प्रशासन द्वारा आदिम जनजातियों जैसे बिरहोर, परहैया और बैगा समुदायों के उत्थान के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त रमेश घोलप के नेतृत्व में 28 नवंबर 2024 से शुरू इस अभियान के तहत जिले के 74 गांवों में 1653 पीवीटीजी परिवारों का डोर-टू-डोर सर्वे कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। अभियान के दौरान अधिकारियों ने गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान किया। अब तक जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवास, पेंशन, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे कई जरूरी दस्तावेज और सुविधाएं हजारों लोगों को दी जा चुकी हैं। साथ ही, 23 बच्चियों का दाखिला कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कराया गया है। पीवीटीजी बहुल गांवों में सड़क, सोलर लाइट, पुलिया, मॉडल आंगनबाड़ी और आजीविका के साधनों जैसे बकरी, बत्तख पालन आदि के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक मजबूत कदम है। आने वाले समय में भी यह अभियान पूरी गंभीरता से आगे बढ़ाया जाएगा।

## कोडरमा स्टेशन पर चला किला बंदी टिकट चेकिंग अभियान, बेटिकट यात्रियों से वसूला गया जुर्माना



**कोडरमा।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान गुरुवार को कोडरमा स्टेशन पर चेकिंग दस्ता द्वारा किला बंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह चेकिंग अभियान सुनियोजित कार्यक्रम के तहत प्रातः 5 बजे से चलाया गया। वहीं चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशन के प्रत्येक प्रवेश व निकास द्वार तथा मार्गों पर टिकट चेकिंग स्टाफ की इस प्रकार तैनाती की गयी थी कि प्रत्येक आने-जाने वाले यात्री के टिकट की जांच की जा सके। इसके अलावा विभिन्न मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की गयी। इस जांच अभियान में 93 यात्रियों को पकड़ा गया, जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री शामिल थे। इस दौरान उनसे 75 हजार 65 रुपए जुर्माने के रूप में राशि वसूली गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई।

## ग्रिजली कॉलेज में विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजन इकाई एवं कीप स्माइलिंग हिंदुस्तान यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व थैलेसीमिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र गान के साथ किया गया, तत्पश्चात केएसएच यूथ फाउंडेशन के निदेशक विशाल सिंह, अध्यक्ष रीतेश माधव, उपाध्यक्ष तौफिक हुसैन, सदस्य मो. अरशद अंसारी एवं अन्य के द्वारा थैलेसीमिया रोग के लक्षण, कारण, कारक एवं बचाव पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त दिवस की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान होता है, हम सभी को थैलेसीमिया रोग के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में केएसएच यूथ फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सहित महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षु आलोक कुमार, रवि प्रसाद, अमित कुमार, आदित्य कुमार यादव, बिपिन सचदेव, कुणाल कुमार, बलराम कुमार, मो. शोएब अंसारी, ओशो अंशुमन, रोहित कुमार रौशन, मधु कुमारी, स्मिता रंजन, नैंसी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, द्रोपति कुमारी, सृष्टि कुमारी, प्रिया रॉय, पारुल कुमारी, तमन्ना प्रवीण, अन्ना श्री, बुशरा अशरफ, रवीना कुमारी, नंदनी कुमारी, नैंसी कुमारी, डॉ.पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ.पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, डॉ. पूजा कुमारी, डॉ.रविकांत तिवारी, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, सीताराम यादव, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार, ओंकार कुमार, सौरभ शर्मा, अनिल दास आदि मौजूद थे।

## गिद्धौर में चला नशा मुक्ति व विधिक जागरूकता अभियान



**गिद्धौर।** प्रखंड के पहरा पंचायत स्थित खलारी गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत एक नशा मुक्ति और विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम अधिकार मित्र जितेंद्र दास के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान आदिवासी समुदाय के लोगों को नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान और इनके सेवन से बचने की सलाह दी गई। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे जुड़कर अपनी आजीविका बेहतर बना सकें। कार्यक्रम में कई लाभार्थियों के विधवा व वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन लिए गए और संबंधित विभाग को भेजा गया। जितेंद्र दास ने लोगों को यह भी बताया कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी योजनाओं में हस्ताक्षर के बदले पैसे की मांग करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। लोगों को साइबर क्राइम, सड़क दुर्घटनाओं में मुआवजा, असंगठित मजदूरों को मिलने वाली कानूनी सहायता, बाल विवाह और मानव तस्करी जैसे मुद्दों पर भी जानकारी दी गई। साथ ही विधिक सहायता का टोल फ्री नंबर 15100 भी साझा किया गया। कार्यक्रम में पीटर टूटी, सुसना नाग, कुंवर मुंडा, संतोष दास, लाजरस हंसा, हन्ना होरो समेत कई लोग मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई टैगोर की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती बड़े ही उत्साह से मनाई गई। वहीं बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं प्राचार्य राहुल घोष ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए रवींद्रनाथ टैगोर के संगीत और साहित्य के प्रति समर्पण से बच्चों को अवगत कराया। वहीं उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए संगीत और साहित्य का साथ आवश्यक होता है। स्कूली बच्चों ने गुरुदेव के लिखे गीतों पर सुंदर गीत तथा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विविध कार्यक्रमों के माध्यम से गुरुदेव टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्कूल में बच्चों को टैगोर के जीवन की रोचक झलकियां सुनाई गईं। जिससे वे उनके प्रारंभिक जीवन और व्यक्तित्व से परिचित हुए। इसके अलावे छात्रों ने प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से टैगोर के साहित्यिक और शैक्षिक योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं निदेशक रामलखन सिंह ने अपने संदेश में कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर केवल कवि नहीं, बल्कि दार्शनिक, संगीतकार, नाटककार और शिक्षाविद भी थे। उन्होंने गीतांजलि जैसी कृतियों से भारत को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। शांति निकेतन और विश्व भारती की स्थापना कर उन्होंने शिक्षा को नया दृष्टिकोण दिया। उनका राष्ट्रगान हर भारतीय के हृदय में बसता है। मौके पर रिद्धिमा सिंह, शैलजा, आरोही, अंशिका, अनुष्का, एवी ओम कश्यप, केशव सिंह, नय्यारा वसीम, आदित्य राज आदि मौजूद थे।

### कस्तूरबा गांधी और आवासीय विद्यालयों में नामांकन को लेकर बैठक आयोजित



**चतरा।** जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और झारखंड आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 में नामांकन को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने आदिम जनजाति की छात्राओं को प्राथमिकता के साथ नामांकन कराने का निर्देश सभी वार्डन-सह-शिक्षिकाओं को दिया। अल्पसंख्यक वर्ग के रिक्त पदों को भरने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नामांकन प्रक्रिया को तेज करने की बात कही गई। उपायुक्त ने विद्यालयों में जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी सामग्रियों को सुचारू रूप से उपयोग में लाने और छात्राओं को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही पीवीटीजी समुदाय की बच्चियों के नामांकन और उनके विद्यालय में ठहराव को सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया।

## चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

- लोगों को कानून के प्रति जागरूक कर उनके अधिकार दिलवाना शिविर का उद्देश्य : ललन चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष बालकृष्ण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गौतम कुमार की देखरेख एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में गुरुवार को डोमचांच प्रखंड के बगड़ो पंचायत पंचायत सचिवालय भवन में 11 बजे चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में एलएडीसी. के अधिवक्ता ललन चौधरी जबकि विशिष्ट के रूप में बगड़ो पंचायत की मुखिया रेखा देवी, मेडिएटर अधिवक्ता संगीता रानी, मुखिया, पैनल अधिवक्ता रोहित कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि प्रतिनिधि राजेंद्र मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ललन चौधरी ने कहा कि चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का उद्देश्य यह है कि लोगों को कानून के प्रति जागरूक कर उन्हें उनके अधिकारों को दिलवाना। साथ ही उन्होंने कहा कि आज लोग जानकारी के अभाव में बहुत सारे अधिकारों से वंचित रह जाते हैं, इसलिए बहुत जरूरी है उनको कानून की जानकारी होना। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेडिएटर अधिवक्ता पैनल अधिवक्ता रोहित कुमार सिंह ने कहा कि समाज में आज भी बाल विवाह घरेलू हिंसा, बाल श्रम, महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर मामले देखने को मिलते हैं। इसे दूर करने का एक ही उपाय है सबसे पहले लोगों को जागरूक होना होगा, तभी इस तरह के गंभीर मामले को रोका जा सकता है। वहीं विशिष्ट अतिथि मुखिया रेखा देवी ने कहा कि हमारे पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर होना बहुत ही गर्व की बात है। आज के समय में लोगों को कानून की सही जानकारी नहीं होने के चलते उन्हें झूठे मुकदमे में फंसना पड़ता है। इसलिए बहुत ही जरूरी है कि उन्हें कानून की जानकारी हो। वहीं मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा समय-समय पर कानून से जुड़ी जानकारी के लिए इस तरह का शिविर का आयोजन किया जाता है, जिससे ग्रामीण लोग जागरुक हो सकें। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी डोमचांच प्रखंड सुब्रत कुमार मुखर्जी तथा धन्यवाद ज्ञापन पंचायत सचिव केदार यादव ने किया।

मौके पर मनोज कुमार पंकज, मनोज कुमार, अनिल कुमार यादव, गुंजा कुमारी, श्रुति माला, विक्की पासवान, अनिल यादव, सूरज कुमार साहू, सुनील शर्मा, आशा देवी, अनु कुमारी, सुनीता देवी, कुसुम देवी, सोनी कुमारी, बबीता देवी आदि मौजूद थे।

### पीएम आवास को लेकर ग्राम सभा की बैठक में नियमों के उल्लंघन का आरोप, बीडीओ को दी लिखित शिकायत



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड उप प्रमुख राहुल कुमार गुप्ता ने हंटरगंज प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को लिखित शिकायत देकर हंटरगंज प्रखण्ड कार्यालय के ज्ञापंक - 615 दिनांक 03/05/2025 के द्वारा दिनांक 07/05/2025 को जोरी कला पंचायत सचिवालय में पीएम आवास योजना हेतू योग्य आयोग्य लाभुको को चयन हेतु ग्राम सभा की बैठक बुलाने के बारे में नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि केवल एक दो ग्रामीणों की राय मशवरा से मनमाने तरीके से सूची में अंकित लगभग लोगों को आयोग्य लाभुक को योग्य ठहरा दिया गया और पंचायत में इसका उल्लंघन किया गया है। वर्तमान में ग्राम सभा की बैठक 07 मई को बुलाई गई। उक्त बैठक में ना ही जनप्रतिनिधि पहुंचे ना ही कोई ग्रामीण उपस्थित हुए जिसके बाबजूद 20-25 लोगों को बैठाकर ग्राम सभा का कोरम पूरा लिया गया। उपप्रमुख ने आगे आरोप लगाया है कि ग्रामीणों के द्वारा 10-15 लोगो का फर्जी हस्ताक्षर भी कर दिया गया एवं वार्ड सदस्य की अनुपस्थिति में उनका हस्ताक्षर बना दिया गया। जो फोटो, वीडियो एवं पंजी में किए गए हस्ताक्षर से स्पष्ट किया जा सकता है। इसलिए उनकी मांग है कि 07 मई को निर्धारित की गई बैठक को स्थगित किया जाए तथा नियमों के अनुसार इसके लिए आगामी तारीख निर्धारित की जाए।

## स्पीड न्यूज

### हर्ष जोहार के अंतर्गत पीएलसी 7 की बैठक का हुआ आयोजन



गुमला। प्रोजेक्ट हर्ष जोहार के अंतर्गत जिले में एक ऐसे बुद्धिजीवियों की टीम की गठित की गई है। जिसमें एक दूसरे के साथ सामाजिक एवं भावनात्मक का विकास कर एक दूसरे का सहयोग करना है ताकि अपने विभाग तथा अपने पर्सनल लाइफ के काम को समस्या कर सके। आज की यह बैठक समस्याओं का समाधान विषय पर आधारित था। जो हर्ष जोहार पाठ्यक्रम में परिकल्पित प्रमुख क्षमताओं में से एक है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एडीपीओ ज्योति खलको और एपीओ उपस्थित थे बैठक में। पीएलसी 7 बैठक ने एक ऐसा मंच प्रदान किया जहां समस्याओं पर विचार-विमर्श और उनके समाधान का सह-निर्माण किया गया। इसके अलावा बैठक में सभी को अपने अपने ब्लॉक में गुरु गोष्ठी और स्कूल भ्रमण के दौरान हर्ष जोहार के बारे बातचीत करने के लिए कहा गया। इस बैठक में कुल 50 से अधिक जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त संपूर्ण कंसोर्टियम की जिला प्रतिनिधि दिव्यानी, साक्षी शुक्ला, आरती कुमारी ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई, एक ट्रैक्टर व हाईवा किया गया जब्त



गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला में खनन टास्क फोर्स समिति के द्वारा जिले में लगातार अवैध खनन व खनिज परिवहन के विरुद्ध औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में एक ट्रैक्टर एवं हाइवा वाहन को अवैध रूप से बालू उठाव करते हुए पकड़ा गया। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के आलोक में गुरुवार की अहले सुबह गुमला थाना अंतर्गत सिलाफरी पंचायत के नवाटोली चौक के समीप के एक ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से बालू भंडारण कर हाइवा वाहन में बालू लोड किया जा रहा था। खनन टास्क फोर्स को देखते ही ड्राइवर एवं हाइवा चालक वाहन को छोड़कर वहां से भाग गए। जांच में पाया गया कि उक्त स्थान पर किसी को बालू भंडारण हेतु अनुज्ञप्ति पत्र निर्गत नहीं किया गया है। उक्त ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से बालू का उत्खनन एवं व्यापार किया जा रहा है। जिले में अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार के अवैध खनन या खनिज परिवहन की सूचना मिले तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें अथवा दिए गए नंबर 9934887613 पर भी सूचना दे सकते हैं। जानकारी देने वाले की निजी जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

### मदर्स डे पर डीएवी में कार्ड मेकिंग और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन



गुमला। मदर्स डे के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां की महत्ता बताते हुए प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि मातृशक्ति विश्व कि लगभग आधी आबादी है। वे सेवा, शक्ति, संस्कार, संगठन, करुणा, प्रेम, माधुर्य, जीवन, ज्ञान, निर्माण और ईश्वरीय न्याय की प्रतीक हैं। मां के रिश्ते के साथ सामाजिक संरचना है जहां पारिवारिक अस्तित्व से मानव सभ्यता जीवंत है। सीसीए इंचार्ज संयुक्ता खड़ुआ ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर कक्षा षष्ठ से अष्टमी एवं नवम से द्वादश के लिए कार्ड मेकिंग एवं कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कविता पाठ में कक्षा षष्ठ से अष्टम ग्रुप में वंशिका प्रिया ने प्रथम, अद्वैता आहना मैती एवं आराध्या ने द्वितीय तथा शांभवी शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवम से द्वादश ग्रुप में ताशा झा ने प्रथम, सुहानी प्रीत एवं पल्लवी कुमारी ने द्वितीय तथा लक्ष्मी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका मिथलेश दुबे, पार्थ प्रतिम मैती एवं प्रिया कुमारी ने निभाई।

### बाल विवाह व बाल श्रम पर बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



जारी। लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के नेतृत्व में गुरुवार को जारी प्रखंड के आर सी प्राथमिक विद्यालय डुंबरटोली के बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में बच्चों ने बाल विवाह मिटाना है,बोझ न समझो बेटी को अब आजादी दो बेटी को, शिक्षा जीवन का आधार है, इसके बिना जीवन बेकार है, हम सबका है एक विचार बाल विवाह मुक्त परिवार, सुनो गौर से देश वासी अब ना होगी बच्चों की शादी, आओ मिलकर बढ़ाए कदम बाल विवाह मिलकर करें खत्म, बाल विवाह अपराध है लड़का हो या लड़की दोनों के लिए श्राप है, बाल मजदूरी पाप है इसके जिम्मेदार हम और आप है जैसे नारा लगाये गये। मौके पर उपस्थित लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के सीएसडब्लू नीलम बेक ने कहा कि बाल श्रम बच्चों का अधिकारों का उलघंन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय डुंबरटोली के शिक्षक अनिमा मिंज, अश्विन मिंज एवं स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।

### पिकअप के पलटने से तीन घायल

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर में बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। गुमला की ओर से आ रहे एक बोलेरो पिकअप वाहन ने नियंत्रण खो दिया और पलट गया। इस हादसे में ड्राइवर और दो सहचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप वाहन तेज गति से गुमला से चैनपुर की ओर जा रहा था। अचानक गाड़ी का नियंत्रण खो गया और वह पलट गई। इस दुर्घटना में चालक सचिन गोप 27 वर्ष के कान, हाथ और माथे में गंभीर चोटें आईं। वहीं सहचालकों लवकुश कुमार 25 वर्ष और आनंद किशोर एक्का 23 वर्ष के माथे में भी चोटें आईं। घायलों को तत्काल चैनपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सचिन गोप को गंभीर हालत में सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया। चैनपुर थाना पुलिस जवान घटना स्थल पर पहुंचे और जानकारी ली।

**लोहरदगा : छोटागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का हुआ महाधिवेशन**

## गरीबों का आवाज उठाते है और उठाते रहेंगे : धीरज प्रसाद साहू

>> कार्यक्रम में सूबे के वित मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित कई विधायक हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले में बॉक्साइड मजदूरों के हितों के लिए किस्को फुटबॉल मैदान में छोटागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का हुआ महाधिवेशन। छोटागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले महाधिवेशन का आयोजन पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के बॉक्साइड माइंस में काम करने वाले हजारों मजदूरों का महाजुटान हुआ जहां मजदूर हित की बात की गई साथ कार्यक्रम के माध्यम से मजदूरों को होने वाली परेशानी और उनके हालात पर चर्चा हुई और मजदूरों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर भी कार्य किया जाएगा साथ ही मजदूरों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव धीरज प्रसाद साहू सहित कांग्रेस के कई विधायक और बड़े नेता शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम के दौरान नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमे कई नागपुरी कलाकार शामिल हुए। नागपुरी सिंगर पवन रॉय, नितेश कच्छप सहित कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा हमारा पूर्वज शुरू से ही गरीबों का मदद करते आये है और हम हमेशा से नीचे तबके लोगो का आवाज उठाते है और उठाते रहेंगे। उन्हें शोषित होने से बचाते है यह कार्यक्रम मजदूरों के लिए किया गया ताकि मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ी जा सके और मजदूरों को न्याय मिले। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कुडू प्रखंड में बाल विवाह रोका गया

### जिला टीम की तत्परता से नाबालिग लड़की को मिला संरक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला प्रशासन की सक्रियता व जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार मार्गदर्शन मे कुडू प्रखंड के अंतर्गत गुरुवार को एक नाबालिग लड़की का बाल विवाह समय रहते रोका गया। चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) पर प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने विवाह स्थल पर पहुंचकर विवाह को रुकवाया। यह कार्रवाई बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 और झारखंड बाल विवाह प्रतिषेध नियमावली, 2015 के अंतर्गत की गई। मौके पर टीम द्वारा लड़की और उसके माता-पिता की काउंसलिंग की गई। जिसमें उन्हें बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए भी अत्यंत घातक है। लड़की के परिजनों से लिखित शपथपत्र लिया गया कि जब तक लड़की 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं कर लेती, तब तक उसका विवाह नहीं किया जाएगा। लड़के के परिवार को भी कड़े शब्दों में समझाया गया और कानून का हवाला देते हुए चेतावनी दी। इस संयुक्त अभियान में बीडीओ मधुश्री मिश्रा, पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष कुंती साहू, अनुरंजन कुमार, संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक- देखरेख, चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर अर्चना मिश्रा, जितेंद्र कुमार जिला समन्वयक, अभिलाषा कुमारी शामिल थे।

## स्कूलों के समीप दुकानों में मादक पदार्थो के खिलाफ चला गया छापामारी अभियान

एसडीओ बसिया के निर्देश पर उत्पाद विभाग सक्रिय



खबर मन्त्र संवाददाता

बसिया। बसिया एसडीओ जयवंती देवगम के निर्देश पर उत्पाद विभाग के द्वारा बसिया थाना क्षेत्र में संचालित कई हाई स्कूलों के समीप के दुकानों में मादक व नशीली पदार्थो की बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान संत जोसेफ हाई स्कूल, उसुर्लाइन कॉन्वेंट, मोंटफोर्ड सेकेंडरी हाई स्कूल के आसपास अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान उन्हें किसी प्रकार का कोई मादक व नशीली पदार्थ नहीं मिला। मौके पर उपस्थित उत्पाद निरीक्षक प्रदीप कुमार करमाली ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर स्कूलों के आसपास किसी भी दुकान में मादक व नशीली पदार्थों की बिक्री की जाती है और वे पकड़े जाते हैं तो उनपर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशीली पदार्थो की बिक्री स्कूलों के आसपास किये जाने से बच्चो पर बुरा दुष्प्रभाव पड़ता है। ये बच्चे हमारे व आपके ही हैं जो देश के भविष्य है। इन्हें हर दुष्प्रभाव से बचाने में आम जनों की भी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी स्कूल के इर्द गिर्द कोई दुकानदार चोरी छुपे नशीली पदार्थो यथा पान, गुटखा, खैनी, बीड़ी सिगरेट आदि की बिक्री करता है तो उन्हें इसकी गुप्त सूचना दें। विभाग फौरन इस पर कार्रवाई करेगी। मौके पर विभाग के सहायक अवर निरीक्षक विकास कुमार निराला, समेत सिपाही एवं गृह रक्षक उपस्थित थे।

**विश्व थैलेसीमिया दिवस पर कर्ण सत्यार्थी ने किया रक्तदान, पीड़ित बच्चों से की मुलाकात**

## थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार है : डीसी



थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान करते डीसी कर्ण सत्यार्थी ।



थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को खिलौना प्रदान करते डीसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर गुरूवार को गुमला सदर अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी कर्ण सत्यार्थी ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

4

शिविर में डीसी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। विशेषकर थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोग से ग्रसित बच्चों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक होता है। डीसी ने थैलेसीमिया रोग की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक अनुवांशिक रक्त विकार है। जिससे पीड़ित अधिकांश बच्चे जीवन भर नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों का जीवन बचाने के लिए समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में भागीदार बनना चाहिए। इस अवसर पर डीसी सत्यार्थी ने अस्पताल परिसर स्थित थैलेसीमिया सेंटर में उपचार के लिए आए बच्चों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने बच्चों के बीच खिलौनों का वितरण किया और बच्चों के परिजनों से बातचीत कर उन्हें बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी की। वहीं शिविर में मिशन बदलाव सदस्य सय्याद खातुन व जनक गोप ने भी रक्तदान किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस रक्तदान शिविर में सदर अस्पताल के डेम प्रमोद कुमार साहू सहित कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया और रक्तदान किया।

## बंगलादेशियों को राज्य से बाहर निकालना मेरी पहली प्रथमिकता : चंपई सोरेन



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। निजी कार्यक्रम में गुमला पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का युवामोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में जिले की ओर से पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा आम जनता का जुड़ाव भाजपा से किस प्रकार अधिक हो इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। जिस पर सोरेन ने कहा कि मैं पूरे प्रदेश के दौरे में निकल चुका हूं और सभी आदिवासी भाइयों को एकजुटत करना ही मेरा मकसद है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। क्योंकि बांग्लादेशी घुसपैठियों से सबसे अधिक क्षति आदिवासी समाज को ही हो रहा है। आदिवासियों की जमीन के दलाली कांग्रेस और जेएमएम के आदिवासी नेता ही कर रहे हैं। मौके पर निर्मल गोयल जी, भूपन साहू जी, रामावतार भगत, संदीप कुमार, भोला चौधरी, रविंद्र सिन्हा, विकास सिंह, हरिहर कुमार, कौशलेंद्र जमुवार, भिखेस्वर नागमणि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीसी ने सोमेर गांव का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में गुरूवार को कामडारा प्रखंड के रामतोलिया पंचायत के सोमेर गांव का दौरा किया। डीसी ने गांव में हुए कृषि एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। गांव भ्रमण के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने उपायुक्त को बताया कि पूर्व में यह क्षेत्र पूरी तरह से बंजर था और यहां किसी प्रकार की कृषि नहीं होती थी। परंतु प्रशासन व विभिन्न सहयोगी संस्थाओं विशेषकर जेएसएलपीएस और प्रदान संस्था के संयुक्त प्रयासों से गांव की तस्वीर बदल गई है। महिलाएं अब सक्रिय रूप से कृषि कार्यों में भागीदारी कर रही हैं तथा उन्होंने डीसी को सामाजिक, जल संसाधन से संबंधित विभिन्न विकासात्मक मानचित्र भी प्रस्तुत किए। ग्रामीणों ने बताया कि पहले संस्था के लोगों से संवाद में संकोच होता था। लेकिन निरंतर प्रयास एवं विश्वास निर्माण के कारण अब वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं। लगभग 7.5 एकड़ बंजर भूमि पर 14 लाभुकों के माध्यम से आम बागवानी का कार्य संचालित है।

### लोहरदगा : नाबालिका से दुष्कर्म मामले में तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा





लोहरदगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने एक नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराते हुए गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी सेन्हा थाना क्षेत्र के गड़गांव सेमरटोली निवासी मंटू सिंह, फुल्केश्वर उरांव और संतोष उरांव हैं जो पहले से न्यायिक हिरासत में हैं। यह मामला वर्ष 2021 का है जब पीड़िता, जो सातवीं कक्षा की छात्रा थी, शौच के लिए घर से दूर खेतों में गई थी। वहां आरोपियों ने उसके साथ झाड़ियों में सामूहिक दुष्कर्म किया था। धमकी के कारण पीड़िता ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी थी। बाद में आरोपियों ने पीड़िता को बाइक से अपहरण करने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों के हस्तक्षेप से वे भाग गए थे। इसके बाद पीड़िता ने परिजनों को सारी घटना बताई और महिला थाना में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि अदालत में साक्ष्य और दलीलें प्रस्तुत कर सजा दिलाने में सफलता मिली। इस फैसले से नाबालिकों के खिलाफ यौन अपराधों में कड़ी कार्रवाई का संदेश गया है।

### अंजुमन के पदाधिकारियों का पगड़ीपोशी सह शपथ ग्रहण समारोह आज

कैरो। कैरो प्रखंड मुख्यालय के अंजुमन इस्लामिया कैरो के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं पगड़ी पोशी का कार्यक्रम गुरुवार को कैरो मकतब में बाद नमाज जुमा आयोजित की जाएगी।अंजुमन चुनाव कमिटी कैरो के अध्यक्ष अलीरजा अंसारी ने बताया कि अंजुमन इस्लामिया कैरो की नई कमिटी में सदर पद पर इम्तियाज अंसारी, सेक्रेटरी–मुस्लिम अंसारी तथा खजांची पद पर सादाब अंसारी निर्विरोध चुन कर आए हैं। इन सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं पगड़ी पोशी जुमा बाद कैरो मकतब में की जाएगी। कार्यक्रम में प्रखंड अंजुमन के पदाधिकारियों को शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम में समाज के लोगों को ससमय उपस्थित रहने की अपील की है।

### बीडीओ ने बीएलओ के साथ की समीक्षा बैठक

घाघरा। घाघरा ब्लॉक परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने बीएलओ कर्मी के साथ बैठक किया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में बीएलओ कर्मी के संपूर्ण विवरणी एरो नेट में संपादित कराया गया। जहां 50% बीएलओ का संपूर्ण विवरण एयरोनॉट में संपादित किया गया। वहीं बीडीओ दिनेश कुमार ने सभी बीएलओ को प्रपत्र 6,7,8 भरने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि मृत व्यक्तियों का नाम हटाएं, 18 वर्ष के नए मतदाताओं का नाम जोड़े। सभी बीएलओ ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर निर्वाचन कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### भ्रष्टाचार विरोधी मंच की बैठक 10 को

गुमला। भ्रष्टाचार विरोधी मंच गुमला की जिला स्तरीय बैठक 10 मई को आयोजित की गई है। पूर्व में 11 बजे से बैठक रखी गई थी परंतु अपरिहार्य कारणों से समय का बदलाव करते हुए 9 बजे से आवश्यक बैठक रखी गई है। बैठक में जिले के भ्रष्टाचार का विरोध करने वाले इच्छुक व्यक्तियों को सादर आमंत्रित किया गया है। बैठक में सही समय पर आकर जिले में भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम जो शुरू होनेवाली है। उसमें अपना भी योगदान दे सकते हैं। बैठक जिला मुख्यालय कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास आयोजित की जाएगी। यह जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, लोहरदगा इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा की भावना से ओतप्रोत बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस आयोजन का उद्देश्य रक्त की आवश्यकता के समय जरूरतमंदों की मदद करना और समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि रेड क्रॉस का उद्देश्य पीड़ित मानवता की सेवा है। रक्तदान एक ऐसा कार्य है, जिससे हम बिना किसी नुकसान के किसी की जान बचा सकते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सेवा भाव बढ़ता है। सचिव अरुण राम ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद को समय पर रक्त मिले। कोषाध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि आज के दिन हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हर तीन महीने में नियमित रूप से रक्तदान करें। शिविर प्रभारी देशराज गोयल ने आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मानवता अभी भी जीवित है। शिविर के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और उपहार स्वरूप स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। रक्तदान शिविर में इंद्रजीत भगत, युवराज खत्री, शुभम गुप्ता, देशराज गोयल, दीपक कुमार, रोहित कुमार, दीपक कुमार महतो, मनीष कुमार, आलोक कुमार प्रजापति, इरफान रजा, शाहिद अफरीदी, खालिद खान इत्यादि ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ विनीता हीरो, उमेश प्रसाद, सजल कुमार, विकास कुमार ने भूमिका निभाई।

### घाघरा : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की हुई मौत

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के आरंगी पतरा के पास मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। शव की पहचान ग्रामीणों द्वारा सोंगरा निवासी मारवाड़ी उरांव के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर थाना ले आई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति अपने गांव से आरंगी की ओर निकला था। जहां आरंगी पतरा के समीप सड़क से नीचे मोटरसाइकिल सहित पेड़ से जा टकराया। हालांकि आने जाने वाले लोगों को इसकी जानकारी नहीं हुई। वहीं पैदल जा रहे हैं ग्रामीणों द्वारा देर शाम व्यक्ति के मोटरसाइकिल और शव को देखा। इसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दिया।

## जिप सदस्य ने दिखाई दरियादिली, ध्वस्त सड़क का खुद कराया मरम्मत

### ग्रामीणों ने जताया हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क मरम्मत कराते जिप सदस्य।



पहले ये हाल था सड़क का।

लोहरदगा। आज के दौर में राजनीति में सीधा जनता से जुड़ाव काफी कम लोगो में देखने को मिलता है। जो जनता के सुख दुख में सीधा जुड़ा हो। कुछ ऐसे ही एक जनप्रतिनिधि के रूप में किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने कर दिखाया है।

उन्होंने ग्रामीणों की समस्या और परेशानी को देखते हुए स्वयं के निजी खर्च से कई कार्य करके आम लोगों के परेशानियों को दूर करने में लगे हुए है। गुरुवार को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने बेटहट पंचायत के लावागईं से पत्तगच्छा के बीच सुकरी नदी में 8 माह पूर्व अगस्त 2024 में बाढ़ के कारण ध्वस्त हुए सड़क का मरम्मत अपने निजी खर्च से कराया। जिससे आम लोगों को काफी राहत मिला। संदीप कुमार ने स्वयं पहल करते हुए जेसीबी जुगाड कर ध्वस्त सड़क को मरम्मत कराया, जिससे इस सड़क पर बड़ी गाड़ियों का परिचालन आरंभ हो सका। सड़क मरम्मत ही जाने से दर्जनों गांव के ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। इस संबंध में संदीप कुमार ने बताया कि 8 माह पूर्व 16 अगस्त 2024 को इस सड़क के ध्वस्त होने की सूचना पर वो स्वयं मौके पर पहुंचकर इसकी जानकारी प्रखंड मुख्यालय और जिला प्रशासन को दी थी और उनसे सड़क की महता को समझते हुए जल्द से जल्द ध्वस्त सड़क का निर्माण कराने की मांग की थी, लेकिन 8 माह बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा डीपीआर तैयार हो रहा के रट से अजीज आकर और लोगो की परेशानियों को देखते हुए खुद के खर्च से सड़क की मरम्मत कराया।

जो कार्य मुखिया और पंचायत सेवक कर सकते थे, वो कार्य जिप सदस्य खुद के पैसे से करा दिया।

### भारी बारिश से 8 माह पहले बहा था सड़क

जिला मुख्यालय से बमनडिहा बेटहट होते हुए पेसरार को सीधा जोड़ने वाले आरईओ द्वारा निर्मित सड़क पिछले वर्ष अगस्त में भारी बारिश के बाद आए बाढ़ से बह गया था। जिससे जिला मुख्यालय से कई गांव के ग्रामीणों का संपर्क टूट गया था। चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गयाथा। बताते चले की बेटहट पंचायत को सीधे पेसरार से जोड़ने वाली इस सड़क के बह जाने से कई गांव के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है था। लगभग 20 फीट सड़क बह गई थी हालांकि प्रखंड प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई थी। लेकिन घटना के 8 माह बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त था। इसे लेकर किस्को के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन को त्वरित जानकारी देते हुए गार्डवाल के साथ टूटे सड़क का निर्माण करने की मांग की थी। ग्रामीणों ने जिप सदस्य के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सड़क के टूट जाने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, खासकर शादी विवाह के सीजन में बड़ी गाड़ियां नहीं जा पाती थी जिससे बाराती और सराती आए लोगों को पैदल ही अपने गंतव्य स्थल तक जाना पड़ता था। वही एम्बुलेंस भी इस सड़क से नहीं जा पाता था जिससे लोगो को काफी परेशानी होती थी। सड़क निर्माण हो जाने से लोगो को काफी लाभ होगा।

## प्रधानमंत्री और अबुवा आवास योजना की गति में तेजी लाये : चैनपुर बीडीओ

चैनपुर के कुटवा गांव में संचालित विकास योजनाओं का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के बामदा पंचायत के कुटवा गांव का प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिव महताब आलम, बीपीआरओ राममोहन साहू और आवास कॉर्डिनेटर कमलेश बारला के साथ मिलकर सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस निरीक्षण में प्रमुख रूप से प्रधान मंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों को इनके बारे में जागरूक करते हुए बताया कि योजनाओं का लाभ उठाने में कोई भी चूक न होने पाए। उन्होंने यह निर्देश दिया कि जिन लाभुकों के खातों में पैसे पहुंच गए हैं, लेकिन कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। उन्हें जल्दी से कार्य प्रारंभ करने की आवश्यकता है। बीडीओ बैठा ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय पर कार्य शुरू नहीं किया गया तो इसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य की गति को तेज करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी। इस निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित किया कि योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो और किसी भी लाभुक को योजनाओं का लाभ लेने में समस्याओं का सामना न करना पड़े। बीडीओ ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं सीधे उनसे साझा करें ताकि उन्हें हल किया जा सके। इस तरह के निरीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि सरकार ग्राम विकास को लेकर कितनी गंभीर है और योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुँचाने के लिए कितनी सक्रियता से कार्य कर रही है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्वागत किया और संबोधित करने के लिए उनका धन्यवाद किया। निरीक्षण के बाद बामदा पंचायत में विकास कार्यों की गति में सुधार होगा और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

# निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

## वैसे जरूरतमंदों की सेवा करना है जो आर्थिक तंगी की वजह से कृत्रिम हाथ पैर नहीं लगा पाते हैं: प्रकाश राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर गुरूवार को रेडक्रॉस सोसाइटी लातेहार एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची के संयुक्त तत्वावधान में सदर अस्पताल स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक लातेहार प्रकाश राम, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा दिव्यांग जनों को जरूरत के अनुसार कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश राम ने कहा कि इस निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण में दूर दूर से आए लाभुक को लाभ मिल रहा है यह सराहनीय कदम है। उन्होंने इसके लिए रेडक्रॉस सोसाइटी एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर के सराहनीय कार्य एवं सहयोग के लिए पूरी टीम को धन्यवाद दिया। आगे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे सभी जरूरतमंदों की सेवा करना है जो आर्थिक तंगी की वजह से कृत्रिम हाथ पैर नहीं लगा पाते हैं।


विधायक शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए।

किसी दिव्यांग को कोई सहायता मिल जाता है तो यह बड़ी बात है। इस शिविर के माध्यम से कई दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए गए, जिनके हाथ या पैर किसी कारणवश कट गए हैं या फिर वे जन्म से ही शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि कुल 68 जरूरत मंदो को निःशुल्क कृत्रिम उपकरण वितरण किया गया हैं। तीन दिवसीय शिविर में अब तक कुल 68 दिव्यांगों का पंजीकरण हुआ है। इस निशुल्क शिविर के माध्यम से दिव्यांग जनों को बैसाखी एवं किसी तरह के दुर्घटना में अपना हाथ या पर गंवाने वाले दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग का भी निशुल्क रूप से प्रत्यारोपण का लाभ दिया गया। उन्होंने कहा की हर कोई जो सक्षम है वे सहयोग में निश्चित रूप से आगे आएं। जरूरतमंद की सेवा करें। इस शिविर में जो लाठी के सहारे चलकर आए हैं वे कृत्रिम अंग लगने के बाद खुद चलकर जाएंगे। इससे अच्छी बात नहीं हो सकती है।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह, रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति महेंद्र प्रसाद गुप्ता, उप सभापति विनीत मधुकर, सचिव जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू, स्टेट मेंबर सुशील कुमार अग्रवाल, विनोद कु महलका, विशाल शर्मा, रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य व अन्य लोग उपस्थित थें।

## न्यूज डायरी

### मां की डांट के बाद युवती ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास


सुचिता उरांव।

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र के फुलसु पंचायत अंतर्गत बारीबाद ग्राम में गुरुवार को मां की डांट के बाद युवती ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुचिता उरांव 18 वर्ष पिता तेतर उरांव ग्राम बारीबाद थाना बारियातु निवासी को उसकी मां ने किसी बात को लेकर डांटा था। जिसके बाद गुस्से में आकर युवती ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों द्वारा अचेता अवस्था में युवती को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

### टेम्पू ने मारी बाइक सवार को टक्कर, तीन घायल

**चंदवा।** एनएच 99 रांची चतरा मुख्य मार्ग पर कुजरी गांव के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात टेम्पू ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमे बाइक पर सवार विपिन उरांव, आर्यन उरांव व धर्मशीला देवी घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचर किया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल आर्यन उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध मे बताया जाता है कि आर्यन उरांव अपने परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के घर हिसरी गांव शादी में आया था जिसके बाद शादी समारोह से वह अपने परिवार के साथ घर बारी, छाता सेमर लौट रहा था, इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही टेम्पू ने टक्कर मार दी।

### स्कॉर्पियो पलटने से तीन गंभीर रूप से घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ टंडवा मुख्य पथ पर जरी ग्राम के समीप बुधवार देर रात एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सहदेव उरांव 70 वर्ष,रविंद्र उरांव 45 वर्ष, सोमो देवी 60 वर्ष सभी ग्राम बजरमरी थाना बारियातु निवासी चंदवा से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान जरी ग्राम के समीप स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे स्कार्पियो में सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में चार घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ ग्राम में गुरुवार को दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।घायलों में मनीष कुमार 20 वर्ष पिता भुवनेश्वर गंझु,राजन कुमार 16 वर्ष पिता भुवनेश्वर गंझु, आशीष कुमार 16 वर्ष पिता भुवनेश्वर गंझु सभी ग्राम केडु थाना हेरहंज निवासी वहीं दूसरे मोटरसाइकिल में सवार छोटू गंझु 21 वर्ष पिता सुरेश गंझु ग्राम केडू खपिया थाना हेरहंज निवासी शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों बाइकों में टक्कर हेरहंज थाना क्षेत्र के बंदुआ ग्राम के पास हुई। जिसमें सभी घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। मनीष कुमार को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने कांड संख्या 44/25 के आरोपी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया की सूरज उरांव 24 वर्ष पिता सुखदेव उरांव ग्राम पचफेड़ी थाना बालूमाथ निवासी के ऊपर एक युवती ने आरोप लगाया था कि शादी का झांसा देकर सूरज ने उसके साथ कई वर्षों तक यौन शोषण किया। और शादी का दबाव बनाने पर उसने शादी से मुकरते हुए दूसरे महिला से शादी रचा लिया। मिली शिकायत के बाद बालूमाथ थाना में मामले को लेकर कांड संख्या 44/25 के तहत मामला दर्ज करते हुए सूरज उरांव को गिरफ्तार कर लातेहार जल भेज दिया गया।

## मजदूरों ने बीडीओ को आवेदन देकर मजदूरी भुगतान कराने की लगाई गुहार

# आम्रपाली साल्वे रेंची के दर्जनों मजदूरों ने किया था एक माह काम, मजदूरी मांगने पर फटकारा लगाया जा रहा हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत ग्राम रेंची के दर्जनों मजदूरों ने गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर बीडीओ के नाम एक आवेदन सौंपा है। लिखित आवेदन के माध्यम से मजदूरों ने बीडीओ को बताया है की आम्रपाली के ठेकेदार द्वारा हम सबों से एक माह तक काम करवाने के बाद मजदूरी नहीं दे रहा है। साथ ही बताया कि हम सभी मजदूर गरीबी के कारण दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते हैं। ग्राम इटके निवासी मो फिरोज (पिता-जियाउर्रशीद उर्फ ननका मियां) ने हम मजदुरों को चतरा जिला के टंडवा प्रखंड स्थित आम्रपाली कोल परियोजना परिसर में बन रहे


मजदूरी को लेकर गुहार लगाते मजदूर।

क्वार्टर में मजदूरी का काम दिलाने कि बात कह कर अम्रपाली ले गया। जहां हम सभी मजदूरों ने लगभग एक माह तक क्वार्टर निर्माण कार्य में मजदूरी किये। जब ठेकेदार से मजदूरी की मांग की तो ठेकेदार फिरोज ने कई बहाने बनाते हुए कहा कि कंपनी से पैसा नहीं मिला है। मिलने पर भुगतान कर दिया जाएगा। जबकि कंपनी के अधिकारियों से बात किया तो बताया कि ठिकेदार को पुरा भुगतान कर दिया गया है। हम सबों को छोटे छोटे बच्चे हैं भरण पोषण व दवा इलाज पढ़ाई लिखाई कराने के लिए घर परिवार से दूर होकर मजदूरी किए और काम करवाकर मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण हम सभी काम छोड़कर घर लौट आयें। और अब मजदूरी मांगते हैं तो ठेकेदार फिरोज गाली-गलौज कर भगा देता है। मजदूरों ने आवेदन के माध्यम से बीडीओ से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी ठिकेदार पर नियम संगत कार्रवाई करते हुए हम सभी मजदूरों को जल्द से जल्द भुगतान कराया जाय।

आवेदन देने वालों में संजय गंझू, छोटू कुमार, बोलें उरांव, शंकर गंझू, पियुष गंझू, कुलेश्वर गंझू, बसंत गंझू, बालदेव गंझू, लक्ष्मण गंझू, उमेश गंझू, उपेंद्र गंझू, पिंटू गंझू, बालजीत भुईयां, सहित कई मजदूर शामिल थे। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार पासवान से पुंछे जाने पर बताया कि मजदुरों द्वारा ठिकेदार पर मजदुरी नहीं देने कि जो शिकायत मिली है वह गम्भीर है। मामले कि जांच करवा रहे हैं दोषी पाये जाने पर संबंधित ठिकेदार के खिलाफ कानुनी कार्रवाई करते हुए बकाया मजदुरी भुगतान कराया जाएगा।

## हरैया ठाकुरबाड़ी मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा व भंडारा आज

**वैदिक मंत्रोच्चार व पूजा-अर्चना से वातावरण हुआ भक्तिमय**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** हरैया में नवनिर्मित श्री श्री 108 श्री ठाकुरबाड़ी मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा शुक्रवार को की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा पश्चात भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीसरे दिन गुरूवार को रूद्राभिषेक व देवी-देवताओं का पूजन किया गया। बुधवार को कुलदेवी पूजन एवं क्षत्रपाल पूजन किया गया था। बनारस से आए आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री, पं. वैभव सारस्वत, पं. शिवन गौड़, पं. प्रमोद गरोनकर, पं. मोहित शर्मा व पं. राघव शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बतौर यजमान डा. मनीष कुमार व डा. प्रिया कुमारी के साथ अन्य पूजा-अर्चना में हिस्सा ले रहे हैं। अनवरत की जा रही पूजा-अर्चना


पुजा अर्चना करते श्रद्धालु।

और वैदिक मेंत्रोच्चार के बीच वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालुओं द्वारा श्री श्री 108 श्री ठाकुर जी भगवान की जय, जय श्री राम, जय श्री कृष्ण, सिद्धि विनायक की जय समेत अन्य नारे लगाए जा रहे हैं।

मंदिर निर्माणकर्ता संतोष सिंह, प्रतिमा देवी, मृत्युंजय सिंह, के साथ पं. अमरेश दुबे, प्रमोद जायसवाल, बिहारी सिंह, सुबोध जायसवाल, अजय जायसवाल, दीपक भगत, नरेश अग्रवाल, प्रमोद गिरी, कैलाश जायसवाल, रमेश जायसवाल, शंकर साहू, जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, शशिकांत गिनोडिया, रविकांत गिनोडिया, आनंद कानोडिया, देवंती देवी, चंदा देवी, विद्या रानी, आद्या रानी, श्रुति समेत अन्य श्रद्धालु चार दिवसीय पूजन और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कार्यक्रमों की सफलता को लेकर तन्मयता से जुटे हैं।

## राष्ट्रीय पशु नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित बैठक का आयोजन


प्रखंड सभागार में बैठक करते बीडीओ एवं अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** गुरूवार को प्रखंड सभागार गारू में अभय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी गारू के द्वारा प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक, एसएलआरएम एवं पशुपालन के राष्ट्रीय पशु नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित की बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड समन्वय समिति की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मनरेगा, आवास, समाज कल्याण समेत अन्य विभागों अंतर्गत संचालित योजनाओं के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा सभी मुखिया से आग्रह किया कि सभी तरह के पशुओं का टीकाकरण हेतु पशुपालकों की प्रोत्साहित करें। देश एवं समाज के हित में ज्यादा से ज्यादा पशुओं को एफएमडी और एलएसडी का टीका लगाने की जानकारी दी गई। प्रखंड में सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत अपशिष्ट प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर प्रखंड को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा हैं। प्रतिष्ठान, दुकानों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें। गीले कचरे (जैसे कि खाने-पीने का कचरा, सब्जी के छिलके, आदि) को हरे रंग के डस्टबिन में डाले। सूखे कचरे (जैसे कि प्लास्टिक, कागज, आदि) को लाल रंग के डस्टबिन में डाले, ताकि कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित कर रीसायकल या खाद्य के रूप में उपयोग किया जा सके। प्रखंड को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। बैठक में प्रखण्ड प्रमुख, थाना प्रभारी गारू, शाखा प्रबंधक एसबीआई गारू सभी पंचायत सचिव , रोजगार सेवक, प्रखंड के सभी कर्मी/पदाधिकारी, उपस्थित थे।

## चयन समिति की निगरानी में हुआ कस्तूरबा आवासीय के छात्राओं का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को नामांकन चयन समिति की मौजूदगी में वर्ग 6 में नामांकन को लेकर छात्राओं के नामांकन हेतु चयन की प्रक्रिया पूर्ण किया गया। चयन समिति में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य पश्चिमी


बैठक में मौजूद चयन समिति के लोग।

सरोज देवी, प्रमुख मनीष उरांव, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, बीडीओ चंदन प्रसाद, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पुरी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, भाजपा नेता रवि राज, राजू उरांव मौजूद थे। सभी की उपस्थिति में वर्ग 6 में नामांकन हेतु बच्चियों का चयन किया गया, इस दौरान सभी मानकों का ध्यान रखा गया कुल 75 बच्चियों का वर्ग 6 में नामांकन के लिए चयन किया गया। जिला परिषद सदस्य श्रीमती देवी ने कहा कि चयन के दौरान नामांकन के सभी मनको को देखा गया है, गरीब लाचार एवं जरूरतमंद बच्चियों को यहां नामांकन में प्राथमिकता दी गई है। मौके पर बीपीओ सुबोध चंदेल, बीआरपी प्रतीक सिन्हा, वार्डन प्रीति कुमारी, शिक्षिका वर्षा पाठक, शिक्षा विभाग के जेईई कृष्णा राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बाइक-ट्रैक्टर की टक्कर में एक युवक की मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव के पास बुधवार की शाम साढ़े आठ बजे बाइक-ट्रैक्टर की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान रवि सिंह (25) के रूप में हुई है। घायलों में आकाश सिंह (21) और विकास सिंह (18) शामिल हैं। तीनों लातेहार थाना क्षेत्र के होसिर गांव के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि तीनों युवक अपने गांव से अपाची बाइक पर सवार होकर लातेहार की ओर आ रहे थे। इसी दौरान गोवा गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे रवि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आकाश और विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद आकाश सिंह को रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि विनोद को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है। ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।

## भूमि अधिग्रहण और मुआवजा को लेकर चेटर में लगा शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। जिला भू अर्जन पदाधिकारी सक्षम प्राधिकार लातेहार के द्वारा एनएच 39 (एनएच 75) के चौड़ीकरण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण को लेकर गुरुवार को चेटर पंचायत सचिवालय में विशेष कैम्प का आयोजन में किया गया। जिसमें चीरो, टूढ़ामू, रुद, लटदाग, नवाड़ी ग्राम से संबंधित रैयतों को कैंप में आमंत्रित किया गया था। इस विशेष कैंप की अध्यक्षता अंचल निरीक्षक महेश सिंह ने की। सीआई श्री सिंह बताया कि अधिग्रहित भूमि के मुआवजा राशि के भुगतान हेतु भूमि का सत्यापन राजस्व कागजातों के आधार पर किया जाना है, राजस्व कागजात के अभाव में भुगतान करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए यह विशेष कैम्प आयोजित किया गया है। इस कैंप के माध्यम से रैयतों को अपने कागजात राजस्व कर्मचारी व अंचल निरीक्षक के पास जमा करे ताकि भुगतान की कार्रवाई की जा सके। शिविर में दर्जनों रैयतों ने अपने अपने राजस्व कागजात जमा किया। इस दौरान 17 रैयतों के समस्या का निष्पादन ऑन दी स्पॉट किया गया। सीआई ने बताया कि कागजातों की जांच कर भुगतान की कार्रवाई तेजी से की जाएगी। मौके पर राजस्व कर्मचारी राजेंद्र कुजूर समेत दर्जनों रैयत मौजूद थे।

## सेवानिवृत होने वाले सात शिक्षकों को सम्मान के साथ विदाई दी गई


विदाई समारोह में मौजूद डीसी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** गुरूवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पेंशन दरबार-सह-सेवा निवृति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के अधीन अप्रैल 2025 में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को उपायुक्त ने सेवानिवृत हुए कुल 07 शिक्षकों को मोमेंटो, शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी सेवानिवृत शिक्षक, शिक्षिकाओं को सेवानिवृत्ति के बाद उनके बेहतर स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की।

जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू ने बताया कि सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी सेवानिवृत्ति पावना (सेवानिवृत्ति लाभ) का भुगतान किया गया।

## एक सप्ताह से सोलर जलमीनार खराब, पेयजल के लिए ग्रामीण परेशान

**बारियातू।** प्रखण्ड के शिबला पंचयात अंतर्गत ग्राम मकरा स्थित बघौता टोला मे जल जीवन मिशन योजना के तहत लगाये गए सोलर जलमीनार पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानी हो रही है। माई माह के भीषण गरमी मे पेयजल के लिए परेशानी बड़ी हुई है। ग्रामीण राजू कुमार रवि, मोहन कुमार रवि, लीलावती देवी, प्रतिमा देवी, सविता देवी, सुषमा देवी कौलश्वर राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की सोलर जलमीनार पिछले एक सप्ताह से खराब होने के कारण हम लोगों को पानी पीने में परेशानी हो रही है। अभी गर्मी के दिनों मे सोलर जलमीनार से ही अपना पेयजल एवं दैनिक कार्य पूरी कर लेते थे। लेकिन अभी जलमीनार से पानी आना बंद हो गया है। जिससे हम सभी ग्रामीणों को पीने के लिए पानी दूर के कुआं सें पानी लाकर पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों नें उपायुक्त से खराब जलमीनार को दुरस्त करवाकर पेयजल बहाल सुविधा कराने की मांग की है।


खराब पड़ी जलमीनार।

# चंदवा: विनोद यादव के परिजनों से मिले पीएलवी राजेश प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा ग्राम पंचायत से काम करने गुजरात के भरूच जिला अंतर्गत दहेज काम करने गए मजदूर विनोद यादव के मौत मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वॉलेंटियर राजेश प्रसाद बुधवार को मृतक के पुत्र रवि यादव, बड़े भाई कुशेश्वर यादव एवं परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। परिजनों से विनोद उरांव के शव को गुजरात से वापस लाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी राजेश प्रसाद के सहयोग के लिए आभार जताया है। रवि यादव ने कहा कि उनके पिता लगभग तीन वर्ष पूर्व काम करने गुजरात गए थे, जहां बीते शुक्रवार को उनकी मौत हो गई, शनिवार की देर शाम गुजरात पुलिस के माध्यम से उन्हें विनोद


मृतक के पुत्र से मुलाकात करते हुए।

यादव की मौत की खबर मिली। इसके बाद रविवार को शव को गांव लाने को लेकर अधिकारियों से मिलने लातेहार गए लेकिन रविवार अवकाश होने के कारण कोई अधिकारी उनसे नहीं मिले, लातेहार से लौटने के बाद पीएलबी राजेश प्रसाद से मिले, जिन्होंने लातेहार प्रशासन एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव से विनोद यादव के शव को गांव वापस लाने में मदद की अपील की। जिसके बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के प्रयास से शव वापस पहुंच पाना संभव हुआ। परिजनों ने कहा की अगर पीएलवी राजेश प्रसाद उन्हें रास्ता नहीं दिखाते तो शायद विनोद यादव का शव नहीं पहुंच पाता। हम सभी ने तो उम्मीद ही छोड़ दिया था। हम सभी अस्थियां लाने में भी काफी असहाय थे। हम सभी शव लाने की उम्मीद ही छोड़ दिए थे। लेकिन इसी बीच पीएलवी राजेश प्रसाद के मदद और सूचना सोशल मीडिया में देने के बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव के सार्थक मदद के बाद लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल , गुजरात सचिवालय व भरूच के जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर रविवार अवकाश होने के बावजूद गुजरात सचिवालय से शव वापसी की सारी प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए शव को गांव पहुंचाया गया था।

इसके लिए 1600 किलोमीटर की दूरी तय कर चंदवा के जमीरा गांव पहुंचा था। वही पीएलवी राजेश प्रसाद ने परिजनों को ढांढस बांधते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जो भी सहायता मदद होगा उसे दिया जायेगा।इस मौके पर कई मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बोकारो में नागरिक अधिकार मंच ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम किया आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** नागरिक अधिकार मंच द्वारा एक भारत, श्रेष्ठ भारत-कार्यक्रम के तहत सेक्टर 3ए स्थित मंच के प्रधान कार्यालय में केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल की अध्यक्षता व मंच के महासचिव रघुवर प्रसाद के संचालन में संपन्न बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बिहार के एमएलसी दिलीप कुमार सिंह उपस्थित थे। हर प्रांत के निवासियों में आपसी सामंजस्य और एकता बनाए रखने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए इस कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की हर जगह प्रशंसा हो रही है। विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह इसी कार्यक्रम के माध्यम से बोकारो में निवास करने वाले बिहार के प्रमुख लोगों से मिलने हेतु कई दिनों से यहां प्रवास कर रहे हैं। मौके पर मुख्य अतिथि दिलीप सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सुशासन वाली सरकार विकास का नया कीर्तिमान गढ़ रही है। बिहार के लोग जहां भी निवास कर रहे हैं उनका भी ये फर्ज बनता है कि इस सुशासन की सरकार को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए इसे पुनः सेवा का मौका प्रदान करें। इस अवसर पर मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि बिहार के सभी निवासी वर्तमान बिहार सरकार के कार्यों से प्रसन्न हैं तथा चाहते हैं कि आगे भी ये सुशासन वाली सरकार बनी रहे। बिहार आज तेजी से हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। बोकारो नगर भाजपा के अध्यक्ष अनिल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में औरंगाबाद जिला के भाजपा उपाध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्र रघुवर प्रसाद रमण ठाकुर अनिल सिंह लक्ष्मण शर्मा मुन्ना तिवारी कृपा शंकर दुबे ललित कुमार महेश ओझा हरेश ओझा सुनील सिंह विजय गुप्ता विजय त्रिपाठी पिंटू सिंह अनुराग मिश्र अभय कुमार गोलू बीके सिंह चंदन कुमार शंकर रजक धर्मेंद्र सिंह आरएल द्विवेदी भगवान पांडेय उपेंद्र नाथ पांडेय अनिल उपाध्याय संजय सिंह चंद्रशेखर कुमार सहित कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

# कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का हो सफल संचालन : एसडीएम दुमका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** बीएड-एमएड एवं बीपीएड परीक्षाओं के सुचारु, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त संचालन के उद्देश्य से जिला प्रशासन की गुरूवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कौशल कुमार ने की। अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा केंद्रों की तैयारी, गोपनीयता, निगरानी व्यवस्था और अभ्यर्थियों की उपस्थिति के संबंध में विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम ने निर्देश दिया कि परीक्षा संबंधी गोपनीय पैकेट्स केवल केन्द्राधीक्षक एवं स्टेटिक दण्डाधिकारी की उपस्थिति में ही खोले जाये। इसके अतिरिक्त, सभी परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाये। जिससे परीक्षार्थी की पहचान में कोई भ्रम की स्थिति नहीं हो। स्टेटिक दण्डाधिकारी बायोमैट्रिक डाटा के संग्रहण की निगरानी करेंगे। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा का संचालन किया जाएगा। सभी केंद्रों पर परीक्षा से एक दिन पूर्व कैमरों की जांच सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है। सुविधा की दृष्टि से परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, पर्याप्त बेंच-डेस्क, प्रकाश व्यवस्था एवं पंखे आदि की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे मोबाइल, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, पेजर, डिजिटल डायरी, लॉग टेबल आदि को परीक्षा केंद्र में पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। एसडीएम ने कहा कि परीक्षा के पहले रोल शीट-अटेंडेंस शीट प्राप्त कर मिलान किया जाएगा। जिससे उपस्थिति से संबंधित कोई गड़बड़ी नहीं हो। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा का संचालन पूरी तरह कदाचार मुक्त वातावरण में होना चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

## एक नजर में

### बोकारो व गोमिया में युद्ध जैसे हालात को लेकर हुआ मॉक ड्रिल : डीसी

**बोकारो।** डीसी विजया जाधव ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार देशभर के 244 चिन्हित जिलों में मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इस क्रम में बोकारो जिले के बोकारो स्टील प्लांट क्षेत्र एवं गोमिया के आईईएल प्लांट क्षेत्र में संपन्न मॉक ड्रिल का मकसद यह जांचना है कि जंग जैसे हालात–मिसाइल हमले या हवाई हमलों के दौरान आम जनता कितनी जल्दी अपनी सुरक्षा को लेकर सक्रिय हो सकती है। डीसी ने बताया कि इस मॉक ड्रिल में असल हालात जैसे दृश्य प्रस्तुत किए गए। मसलन हवाई हमले का सायरन बजना–शहरों की बिजली बंद करना–आम लोगों का शरण लेने का अभ्यास और आपातकालीन सेवा आदि की उपलब्धता। इस मॉक ड्रिल का मकसद अफरा–तफरी से बचाव व घबराहट को कम करना और जानें बचाना है। डीसी ने आमजनों से अपील की कि यह वास्तविक आपदा नहीं हैं–कृपया घबराएं नहीं। उक्त मॉक ड्रिल में स्थानीय प्रशासन सिविल डिफेंस वार्डन होम गाड्‌र्स नेशनल कैडेट कोर नेशनल सर्विस स्कीम नेहरू युवा केंद्र संगठन और स्कूल–कॉलेजों के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया।

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई : माकपा

**बेरमो/बोकारो थर्मल।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना पर गर्व करते हुए उन्हें बधाई दी है। माकपा बोकारो जिला सचिव–सह–राज्य कमिटी सदस्य भागीरथ शर्मा ने पार्टी पोलित ब्यूरो के बयान के आधार पर कहा कि आपरेशन सिंदूर भारतीय शसशस्त्र बलों द्वारा पीओके और पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों और बुनियादी ढांचें को नष्ट करने के उद्देश्य से चलाया गया था। सशस्त्रबलों के अनुसार ये हमले निश्चित स्थानों पर केंद्रित और गैर उकसावेपूर्ण था। भारतीय सेना ने पीओके के नौ आतंकवादी ठिकाने को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। मालूम हो कि पहलगांव आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक मे सीपीआई (एम) सहित सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवादियों और उनके सभी आकाओं के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों का समर्थन किया था। सीपीएम पोलित ब्यूरो ने मांग किया है कि इन कार्रवाईयों के साथ–साथ पाकिस्तान पर यह दबाव भी जारी रहना चाहिए कि वह पहलगांव में निर्दोष लोगों के नरसंहार के लिए जिम्मेदार आतंकियों को भारत को सौंप दे और यह सुनिश्चित करे कि उसके क्षेत्र से कोई आतंकवादी शिविर संचालित न हो। साथ ही भारत सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए लोगों की एकता देश की अखंडता की रक्षा हो।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस ने धनंजय के हत्यारों को किया गिरफ्तार



बोकारो। बोकारो स्टील सिटी के एनएच 23 के निकट प्राप्त सेक्टर 9 निवासी धनंजय गुप्ता की हत्या उसके बड़े भाई अजय गुप्ता ने अपने गुर्गों से करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनंजय का अपने अग्रज की साली काजल कुमारी के साथ एक तरफा प्रेम प्रसंग था जो अजय को नागवार गुजरा। अजय ने लगभग डेढ़ लाख में धनंजय के हत्या की सुपारी दी। पुलिस ने दो अभियुक्तों 19 वर्षीय रोहित यादव एवं अभिषेक महतो की गिरफ्तारी के साथ हत्या में प्रयुक्त चाकू व स्कूटी भी बरामद कर लिया है।

### गोमिया थाना प्रभारी का विधायक प्रतिनिधि ने स्वागत किया



बेरमो। गोमिया विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान बृहस्पतिवार को गोमिया थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी रवि कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। विधायक प्रतिनिधि ने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इसपर नव पदस्थापित थाना प्रभारी ने क्षेत्र के लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही। कहा कि क्षेत्र में अमन शांति के लिए हर प्रकार का कार्य किया जाएगा। थाना प्रभारी ने आम जनों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करने की बात कही।

### पथरगामा भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप नारायण का निधन

गोड्डा। पथरगामा भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप नारायण भगत का गुरुवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। दीप नारायण भगत भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं में गिने जाते थे और उन्होंने पार्टी के लिए लंबे समय तक महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उनके बड़े पुत्र संतोष कुमार भगत ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार पारिवारिक एवं धार्मिक रीति–रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। स्थानीय नेताओं और भाजपा पदाधिकारियों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है और शोक–संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पूर्व भाजपा विधायक अमित मंडल एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव मेहता भी अंतिम दर्शन को पहुंचे।

### पेटरवार : दो सड़क दुर्घटना में तीन घायल

बेरमो। रांची–बोकारो मुख्य मार्ग पर पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना प्रखंड मुख्यालय के समीप उस वक्त हुई जब दो मोटरसाइकिलों की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में मंजरी देवी (50 वर्ष), निवासी रघुनाथपुरम पेटरवार, जो दारिद एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं, और हैरी सोरेन (29 वर्ष), कोजरम निवासी, जो चरगी से पोडदाग की ओर जा रहे थे, घायल हो गए। दूसरी घटना पोड़दाग बजरंगबली मंदिर के समीप हुई, जहां एक बड़ी गाड़ी द्वारा चकमा दिए जाने के कारण मोटरसाइकिल सवार संदीप करमाली (22 वर्ष), निवासी रामगढ़, बड़गांव चैनपुर, असंतुलित होकर गिर पड़े और घायल हो गए।

# गर्मी में पेयजल मुहैया कराना सबसे बड़ी सेवा : पीडीजे गोड्डा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** गोड्डा में चिलचिलाती धूप को देखते हुए, बेचैन राहगीरों के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शीतल पेय, ओआरएल व इलेक्ट्रोल पैकेट आदि का वितरण किया गया। शीतल पेय का वितरण प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार, परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशिभूषण शर्मा, एसीजेएम प्रताप चन्द्रा, डालसा सचिव दीपक कुमार, रजिस्टार सतीश मुंडा, एलएडीसी आदि ने किया। उन्होंने दोपहर की कड़ी धूम में गुजर रहे आम लोग, ठेला चालक, रिक्शा चालक, मजदूर, पुलिस आदि के बीच पानी की बोतल, के साथ- साथ धूप से बचाव को लेकर अन्य सामग्रियों को भी बांटे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार ने कहा कि झालसा के निर्देश पर इस चिलचिलाती धूप में आम लोगों को पानी के साथ-साथ ओआरएस व इलोक्ट्रल का पैकेट मुहैया कराने को लेकर यह शिविर लगाया गया है।यह शिविर धूप में चल रहे अभिवंचितों, रिक्शा, ठेला, चालकों, कचहरी आने वाले लोगों, पुलिस कर्मियों व राहगीरों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म व मानवता है। आम लोगों के बीच पानी की बोतल के साथ-साथ ओआरएस घोल भी दिये जा रहे हैं। यह कार्यक्रम सतत जारी रहेगा। परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि झालसा के निर्देश पर आयोजित इस शिविर से चिलचिलाती धूप में दूर-दराज क्षेत्र से कोर्ट आने वाले लोगों, स्थानीय मजदूरों, ठेला चालकों सहित आम राहगीरों, वंचितों, बाजार आने वाले लोगों, धूप में ड्यूटी करने वाले पुलिस को बहुत राहत मिलेगा। इस अवसर पर एलएडीसी संजय कुमार सहाय, राहुल कुमार, रीतेश कुमार, लीली कुमारी, पीएलवी नवीन कुमार, अविनाश, इंतेखाब, धनंजय, लोबिन, जायसवाल मांझी, अजय टुडू, बासुदेव, हसीब, सहित राकेश कुमार, ब्रजेश कुमार, प्रधान मरांडी, प्रीतम कुमार सहित अनेक कर्मी सहयोग कर रहे थे।

# दुकानदारों के हित में पूर्व विधायक बिरंची ने डीआरएम को सौंपा मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो के निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण पिछले दिनों स्टेशन पर अगलगी में बर्बाद हुए दुकानदारों की आजीविका और उनकी जिंदगी फिर संवारने को लेकर संजीदा कदम आगे बढ़ा चुके हैं। आद्रा जाकर वह मंडल रेल प्रबंधक से मिले। उन्होंने डीआरएम को एक मांग पत्र सौंपते हुए अगलगी की घटना में नष्ट हुई दुकानों को फिर से व्यवस्थित करने की मांग की। कहा कि रेल प्रबंधन दुकानदारों और रेल यात्रियों के हित में दुकानों को व्यवस्थित करे। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर 1966 में उसकी स्थापना के साथ ही छोटी-छोटी फुटपाथ दुकानें लगी थीं जिन्हें व्यवस्थित किया जाना चाहिए। ज्ञात हो कि विगत 24 अप्रैल को देर रात बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर फुटपाथ दुकानें जलकर राख हो गईं थी। उसके बाद से स्थानीय रेल प्रबंधन उन्हें पुनः दुकान नहीं लगाने दे रहा है। उन्होंने आद्रा मंडल के डीआरएम से उन दुकानों के एक प्रतिनिधिमंडल को भी मिलवाया और कहा कि ये लोग रेलयात्रियों और रेलकर्मियों की सेवा में लगे हुए हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि इसका महत्व तब और बढ़ जाता है जब दूसरे जिलों और राज्यों से परीक्षार्थी और अभ्यर्थी बोकारो परीक्षा अथवा बहाली में भाग लेने आते है। स्टेशन से शहर दूर है ऐसी स्थिति में उन बच्चों और उनके अभिभावकों को भोजन और नाश्ता इन्हीं फुटपाथ दुकानों से मिलता है। ये फुटपाथ दुकानदार रेलयात्री और रेलकर्मी सभी एक-दूसरे के पूरक हैं। भयंकर आगजनी में उन्हें लाखों की क्षति हुई है और अब इन्हें दुकान लगाने से रोकने के कारण इनके परिवार के लिए रोजी- रोटी का संकट हो गया है।

# बेरमो एसडीपीओ ने की सभी थाना प्रभारियों के साथ की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के द्वारा कार्यालय कक्ष तेनुघाट में अपराध गोष्ठी की गई।

जिसमें अनुमंडल अंतर्गत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी बैठक में उपस्थित हुऐ। वहीं बैठक में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुऐ कहाँ की सभी लंबित कांडों को शीघ्र निष्पादन और चोरी, छिनतई जैसे मामले को शीघ्र उद्भेदन करने पर जोर दिया। अभी हाल ही अंतर राज्य वाहन चोर गिरोह को पकड़ उद्भेदन किया गाय है।

अविलंब और भी कई मामलों का उद्भेदन शीघ्र किया जाएगा। बहुत से पेंडिंग कांडों का निष्पादन किया गया है,और नई केशो का रिव्यू किया जा रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने अनुमंडल अंतर्गत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी को उनके कार्य के प्रति की गई मेहनत पर हौसला बढ़ाते हुए सराहा है और निष्ठा पूर्वक कार्य करने की सलाह दिया।

# दुमका : स्कूल की छुटटी के बाद गायब छात्राओं को पुलिस ने बेतिया से सकुशल बरामद किया, 1 गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

छात्राओं को भगा ले जाने वाला साहेब सिंह गिरफ्तार, एक फरार

ट्रक पकड़ प्रेमी युगल पहुंचे भागलपुर, मॉल में कपड़ा खरीद छात्राओं को पहनाया



**दुमका।** शहर के सेक्रेट हार्ट स्कूल से सोमवार की दोपहर छुटटी के बाद गायब हुई कक्षा छह की छात्राओं का पुलिस बुधवार को देर शाम बरामद कर दुमका लाने में सफल रही। पुलिस नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने वाला एक आरोपी युवक को गिरफ्तार करने में सफल रही। हालांकि एक आरोपी युवक पुलिस के हाथों से बच निकलने में सफल रहा। गिरफ्तार आरोपी बिहार के चंपारण जिला के बेतिया के बैरिया थाना क्षेत्र के लौकरिया गांव के बलुआ टोला निवासी साहेब सिंह उर्फ बाबू साहेब, पिता लालबाबु सिंह है। वहीं फरार आरोपी बेतिया के रामनगर थाना क्षेत्र के इमारती कठहरवा गांव निवासी धर्मेंद्र राय उर्फ संदीप राय, पिता गोरख राय है। पुलिस गुरूवार को गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां बयान दर्ज करा आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं छात्राओं का न्यायालय में बयान दर्ज कर सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां सीडब्लूसी सदस्यों ने छात्राओं का बयान दर्ज कर उसके माता-पिता को सौंप दिया। गिरफ्तार साहेब सिंह ने पुलिस को दिए स्वीकृति बयान में बताया कि वह अपने मामा के साथ दिसंबर 2024 में दुमका पहुंचा था। वह और उसका दोस्त संदीप राय राजमिस्त्री का सहायक के रूप में काम करता था। स्कूल के सामने किराना दुकान से सामान लेने के दौरान एक छात्रा से मुलाकात हुई। चुकी किराना दुकान छात्रा के पिता संचालित करते थे। जहां धीरे-धीरे दोनों में बातचीत शुरू हुई। उसके बाद फोन नंबर आदान-प्रदान हुआ। वहीं साहेब के दोस्त संदीप की छात्रा के सहेली से संपर्क हुआ। उसके बाद दोनों युवकों ने दोनों छात्राओं से व्हाट्सऐप के जरीए एक-दूसरे से मैसेज का आदान प्रदान होने लगा। इसके बाद चारो प्रेमी युगल फरार होने का मनसुबा बना सोमवार को स्कूल की छुट्टी के बाद भाग निकले। स्कूल से कुछ दूरी पर टोटो पकड़ रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां सभी को भनक लगी की परिजन तलाश रहे है। इसके बाद सभी ने रेलवे स्टेशन से भाग रिंग रोड़ हाईवे पर पहुंचे। जहां ट्रक चालक से किसी प्रकार विनती कर भागलपुर पहुंचे। जहां एक मॉल में दोनों छात्राओं के लिए नए कपड़े खरीद स्कूल ड्रेस छात्राओं ने बदला। पुनः प्रेमी युगल भागलपुर से ट्रेन पकड़ कर पटना पहुंचे।

# गोड्डा : खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गोड्डा।** झुंझुनूं की दादी जी और खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठान को लेकर अनुष्ठान के चौथे दिन निशान व प्रतिमा के नगर भ्रमण को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री श्याम खाटू मंदिर से निकलकर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरती हुई रत्नेश्वर धाम शिवमंदिर पहुंची। अंतिम दिन नौ मई को पूजन के उपरांत कोलकाता के सौरभ शर्मा ग्रुप की ओर से भक्ति जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष अरूण टेकरीवाल, मुरारी अग्रवाल, पंकज गाडिया, प्रितम गाडिया सहित पूरा मारवाड़ी समाज एक ही रंग के परिधान मे महिलाओ और पुरुषों ने नाच गाकर बाबा श्याम का भजन कीर्तन कर रही थी। मंदिर मे खाटू श्याम जी, राणी सती दादी, शिव परिवार, हनुमान जी और शितला माता की प्रतिमा स्थापित हो रही है। मंदिर में राजस्थान से आये आचार्य उमेश शास्त्री और विद्वान पंडितों के द्वारा प्रतिदिन विधिवत पूजन करवाया जा रहा है। जजमान के तौर पर प्रितम गाडिया, ओमप्रकाश टेकरीवाल, पियूष खेमानी, आकाश बजाज और राकेश अग्रवाल शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप जायसवाल, सचिव मुकेश गाडिया, अनुप सरावगी, प्रकाश अग्रवाल, बिकास गाडोदिया, अविनाश गाडिया, सुनिल टेकरीवाल, सुमित टेकरिवाल, पंकज गाडिया, सचिन गाडिया, मीठू टेकरीवाल, अविनाश अग्रवाल, रितेश, अंकित गाडिया, विक्की गाडिया, पियूष बजाज, अमित बजाज आदि सैकड़ो महिलाए और पुरुष शामिल हुए। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को जगह-जगत शीतल पेय व ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा था।

# जो देश की ओर आंख उठायेगा, उसे मिटा दिया जायेगा : दीपिका पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के प्रतिशोध में भारतीय सेवा द्वारा पाकिस्तान के अनेक आतंकवादी ठिकानों पर किए गए एयर स्ट्राइक से सभी क्षेत्रों में खुशी की लहर है। सेना की कार्रवाई की हर और प्रशंसा हो रही है। भारत द्वारा पाकिस्तान के नौ आतंकवादी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक पर झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री एवं महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने सेना के शौर्य को सलाम करते हुए कहा है कि जो देश की ओर आंख उठाएगा, उसे मिटा दिया जाएगा। भारत माफ नहीं करता।दीपिका पांडेय सिंह ने एक्स हैंडल पर बयान जारी करते हुए लिखा कि हमारी सेना सिर्फ. बंदूक नहीं चलाती, बल्कि इंसाफ की आखिरी लकीर खींचती है। यह बदला नहीं, बल्कि एक कड़ा संदेश है कि भारत शांत है, लेकिन कमजोर नहीं। उन्होंने कहा कि पूरे देश को भारतीय सेना पर गर्व है।अंत में उन्होंने भारत माता की जय के नारे के साथ अपनी बात समाप्त की।

## पेज एक का शेष

### कराची, लाहौर और...

पाकिस्तानी सेना ने स्वयं इस बात की पुष्टि की। भारत ने लाहौर, कराची, और रावलपिंडी जैसे प्रमुख शहरों समेत कम से कम 12 शहरों को निशाना बनाया और दहला कर रख दिया। कई जगहों पर बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

**लाहौर, कराची, इस्लामाबाद एयरपोर्ट बंद :** लगातार हो रहे ड्रोन हमले से भय के मारे पाकिस्तान ने लाहौर, कराची और इस्लामाबाद हवाई अड्डे को बंद कर दिया है। हवाई अड्डों के आसपास के इलाकों को भी खाली करा दिया गया है। पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय और नौसेना अकादमी पर भी ड्रोन हमले जारी है।

**पाक का एयर जिफेंस सिस्टम ध्वस्त, 4 मारे गये :** भारत ने पाकिस्तान सेना की एयर डिफेंस यूनिट पर अटैक कर उसे मिट्टी में मिला दिया। लाहौर में धमाके के बाद पाकिस्तान में अफरा-तफरी का माहौल है। लाहौर, कराची, इस्लामाबाद हवाई अड्डे बंद कर दिये गये हैं। लाहौर में गुरुवार को भारत के ड्रोन हमले में पाकिस्तान सेना के 4 जवान मारे गये। मृतकों में लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक तक का अधिकारी है। उनके नाम हवलदार नावेद, सिपाही डार मोहम्मद, लेफ्टिनेंट अब्दुल्लाह और लेफ्टिनेंट कर्नल आमिर शामिल है। पाकिस्तान का दावा है कि उसने 25 ड्रोन हमले को नाकाम कर दिया। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ आपातकालीन बैठक में जुटे हैं।

**सुदर्शन चक्र के सहारे घर में घुस कर मारा :** हताश पाकिस्तान ने बुधवार रात जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक कम से कम 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की। भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने इन हमलों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। इतना ही नहीं जवाबी कार्रवाई में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली को भी मिट्टी में मिला दिया। भारत के जबरदस्त पलटवार से पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया।

**'सुदर्शन चक्र' का जलवा :** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एयर डिफेंस सिस्टम में शामिल एस-400 'सुदर्शन चक्र' लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम है। इसे रूस के अल्माज-एंटी द्वारा विकसित किया गया है। इसमें स्टेल्थ फाइटर जेट, बमवर्षक, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल और यहां तक कि मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) सहित कई हवाई लक्ष्यों को मार गिराने की क्षमता है। इसमें चार अलग-अलग प्रकार की मिसाइलें हैं जो 400 किलोमीटर की दूरी तक के लक्ष्य को भेद सकती है। यह एक साथ 80 हवाई लक्ष्यों को निशाना बना सकता है। यह सिग्नल मिलने के 3 मिनट के भीतर फायरिंग के लिए तैयार हो जाता है। पाकिस्तान ने बुधवार रात जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक कम से कम 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की है। सुदर्शन चक्र ने इन हमलों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर अभी ...

तमाम नेता थे बैठक में मौजूद : बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, विदेश मंत्री एस जयशंकर , वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण , सपा के रामगोपाल यादव , द्रमुक के टीआर बालू , एआईएमआईएम के असद्दुदीन ओवैसी , टीएमसी के सुदीप्त बंदोपाध्याय , शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, आप के संजय सिंह , माकपा के जॉन ब्रिटास , लोजपा के चिराग पासवान, बीजद के सस्मित पात्रा और द्रमुक के तिरूचि शिवा ने बैठक में हिस्सा लिया।

### बालू घाटों की...

इन पदों 50 फीसदी सीधी नियुक्ति और 50 फीसदी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा से होगी। पहले नियमावली नहीं होने के कारण इन्हें प्रोन्नति का लाभ नहीं मिल रहा था। कैबिनेट के फैसले के बाद इस संवर्ग के पुलिसकर्मी प्रोजेक्ट भवन में अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार भी किया। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के दो आश्रम विद्यालयों को प्लस टू में अपग्रेड करने की स्वीकृति दी गयी। इसके तहत पर्वत बिहार जामताड़ा और सिसई के आश्रम विद्यालय अपग्रेड किये जायेंगे।

### झारखंड व बंगाल के...

ईडी को संदेह है कि आरोपियों ने कथित तौर पर 14,325 करोड़ रुपये के फर्जी चालान बनाये, जिसके परिणाम स्वरूप 800 करोड़ रुपये से अधिक के अयोग्य आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) किए गए। ईडी के मुताबिक छापेमारी का उद्देश्य धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अपराध की कथित आय से जुड़े दस्तावेज और संपत्ति जुटाना है।

**मास्टरमाइंड के ठिकाने :** 800 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले में एजेंसी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल के कुल 9 ठिकानों पर सुबह 7 से ही छापेमारी शुरू की। जीएसटी घोटाले के मास्टरमाइंड झारखंड और पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। जिन्होंने फर्जी दस्तावेज के आधार पर फर्जी कंपनियां बनाकर अनुचित तरीके से लाभ कमाया। झारखंड में एजेंसी की ओर से जीएसटी घोटाले को लेकर यह पहली छापेमारी है। छापेमारी के दौरान विभिन्न ठिकानों से क्या-क्या बरामद हुआ है इसकी अभी सूचना नहीं मिल पाई है।

# नौसेना को मिला पहला तटीय व उथले जल का एंटी सबमरीन जहाज

एजेंसी

▸▸ अत्याधुनिक पोत भारतीय तटवर्ती जलक्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों की निगरानी और हमला करने में सक्षम है

**कोलकाता ।** भारतीय नौसेना को उथले व तटीय जल का पहला एंटी सबमरीन जहाज आईएनएस अर्नाला गुरुवार को मिल गया। रक्षा पीएसयू गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने यह जानकारी दी। यह अत्याधुनिक पोत भारतीय तटवर्ती जलक्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों की निगरानी, और हमला करने में सक्षम है। जीआरएसई के अनुसार, 77.6 मीटर लंबे और 10.5 मीटर चौड़े इस शैलो वॉटर क्राफ्ट में तटीय क्षेत्रों की पूरी तरह से सब-सर्फेस निगरानी की क्षमता है। यह पोत विमान के साथ मिलकर संयुक्त पनडुब्बी रोधी अभियान भी संचालित कर सकता है। कंपनी के अनुसार उसने तटीय व उथले पानी के 8 एंटी सबमरीन युद्ध पोत में से पहला भारतीय नौसेना को सौंप दिया है।

भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुए आईएनएस अर्नाला का निर्माण पीपीई मॉडल के तहत जीआरएसई ने निजी शिपयार्ड एल एंड टी कट्टुपल्ली के साथ मिलकर किया है। जीआरएसई द्वारा जारी बयान के अनुसार जहाज 77.6 मीटर लंबा व 10.5 मीटर चौड़ा है। इस तरह के जहाज समुद्र में तटीय व कम पानी वाले क्षेत्रों में भी निगरानी व हमला करने में सक्षम होते हैं।



साथ ही एयरक्राफ्ट के साथ सहयोगात्मक रूप से एंटी सबमरीन आपरेशन में सक्षम हैं। जहाज का नाम अर्नाला द्वीप के नाम पर रखा गया है जिसे छत्रपति शिवाजी महाराज ने समुद्री सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया था। जीआरएसई अभी 16 अन्य युद्ध पोत का निर्माण कर रही है जिनमें से 7 इसी तरह के हैं।

## लखनऊ में ब्रह्मोस यूनिट का उद्घाटन 11 को

**लखनऊ।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते भारत अब अपनी सामरिक क्षमता को और धार दे रहा है। दुनिया की सबसे विध्वंसक मानी जाने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का निर्माण अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस ड्रीम परियोजना डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर 11 मई को ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण यूनिट का उद्घाटन कराने की तैयारी है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन कर रही यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश सरकार की ओर से ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई गई है और यूनिट के विकास पर लगातार नजर रखी गई है। मात्र साढ़े तीन वर्ष में यह यूनिट बनकर उत्पादन के लिए तैयार है। लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस के साथ ही अन्य डिफेंस इक्विपमेंट्स बनाए जाने की तैयारी है, जो डिफेंस सेक्टर में लखनऊ और उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान देने का काम करेगा। योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस ड्रीम परियोजना डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में ब्रह्मोस एयरोस्पेस की यह यूनिट 300 करोड़ रुपये के निवेश से तैयार हुई है।

## भारत में ओटीटी पर सभी पाकिस्तानी कंटेंट प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान पर डिजिटल स्ट्राइक करते हुए ओटीटी प्लेटफार्म पर चल रहे उनके वेबसीरीज, डिजिटल सामग्री को तुरंत बंद करने करने के निर्देश जारी किए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को जारी निर्देश में कहा कि भारत में हुए कई आतंकी हमलों में पाकिस्तान स्थित सरकारी और गैर-सरकारी तत्वों हाथ रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में भारत में संचालित सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म, मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को सलाह दी जाती है कि वे पाकिस्तान से आने वाली वेब-सीरीज, फिल्में, गाने, पॉडकास्ट और अन्य स्ट्रीमिंग मीडिया सामग्री को तत्काल प्रभाव से बंद कर दें, चाहे वे सदस्यता आधारित मॉडल पर ही क्यों न उपलब्ध हों ।

## स्पीड न्यूज

### बोलान : विस्फोट में पाक के 14 सैनिक मरे

**क्वेटा।** पाकिस्तान सशस्त्र बलों के लिए दोहरा सिरदर्द बनते हुए, बलूच लड़ाकों ने बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिया है। यह हमला भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिए जाने के बाद हुआ है, जिसमें पाक अधिकृत कश्मीर और पंजाब में विभिन्न आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के कार्मिक वाहनों पर लक्षित हमले में, बलूच लिबरेशन आर्मी ने बुधवार को एक आईईडी विस्फोटक से पाकिस्तानी सेना के ट्रक को उड़ा दिया, जिससे 14 सैनिक मारे गए।

### उत्तर कोरिया ने दागीं छोटी दूरी की कई मिसाइलें

सियोल/प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने गुरुवार को जापान सागर की ओर छोटी दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं जो समुद्र में गिरने से पहले करीब 800 किलोमीटर तक उड़ीं। दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप ने कोरिया गणराज्य के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के हवाले से बताया कि उत्तर कोरिया ने आज तड़के छोटी दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जो समुद्र में गिरने से पहले लगभग 800 किलोमीटर (497 मील) तक उड़ीं।

### पटना एयरपोर्ट से सात उड़ानें रद्द

**पटना।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पटना का जयप्रकाश नारायाण एयरपोर्ट भी हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गुरुवार को उड़ान भरने वाली सात उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। जिन उड़ानों को रद्द किया गया है, उनमें पटना से भुवनेश्वर, मुंबई, और चंडीगढ़ जाने वाली उड़ानों के साथ-साथ इन शहरों से पटना आने वाली उड़ानें शामिल हैं। एयरलाइंस ने यात्रियों को सूचित कर वैकल्पिक व्यवस्था की जानकारी दी गयी।


### पुनौराधाम में सीता महोत्सव कल

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में 10 मई को सीता महोत्सव होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भाग लेंगे। वे मां सीता के जीवन और योगदान को लेकर अपने विचार साझा करेंगे। महोत्सव में सांस्कृतिक सुरों की शाम भी सजेगी। बिहार के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित उदय कुमार मलिक और भजन गायक डॉ. सुरेन्द्र कनौजिया अपने संगीत से भक्तों और श्रद्धालुओं को भाव विभोर करेंगे।

### चेन्नई हवाई अड्डे पर 10 उड़ानें रद्द

चेन्नई। सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान संचालन लगातार दूसरे दिन बाधित रहा, जहां गुरुवार को 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं। हवाई अड्डा अधिकारियों ने पुष्टि की कि पांच प्रस्थान और पांच आगमन उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। रद्द की गई उड़ानों में चेन्नई से हिंडन (एयर इंडिया एक्सप्रेस), मुंबई (एयर इंडिया की सुबह 8:00 बजे और 9:35 बजे की उड़ानें), चंडीगढ़ (इंडिगो की सुबह 11:10 बजे की उड़ान), और शिवमोग्गा स्पाइसजेट की दोपहर 2:00 बजे की उड़ान शामिल हैं।

### सेना ने मां-बहनों के सिंदूर की लाज रखी : गिरिराज



पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी सेना के पराक्रम को सलाम किया है। गिरिराज सिंह ने गुरुवार को कहा कि सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। सेना ने मां-बहनों के सिंदूर की लाज रखी है। उन्होंने कहा कि आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले का जिस तरह से जवाब दिया गया है, उससे पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। भारतीय सेना हर परिस्थिति में जवाब देने में सक्षम है। आगे भी अगर जरूरत पड़ी तो दुश्मनों को उसी भाषा में जवाब मिलेगा, जिस भाषा को वो बाखूबी समझते हैं।

# देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जायेंगे

## रक्षा मंत्री ने सेना के पराक्रम की तारीफ की, पाकिस्तान को दिया सख्त संदेश

एजेंसी


▸▸ भारत हमेशा एक जिम्मेदार राष्ट्र होने की भूमिका बड़े संयम से निभायी : राजनाथ

▸▸ उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों से सफल हुआ ऑपरेशन सिंदूर

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत ने हमेशा जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका निभायी है लेकिन यदि कोई सहनशीलता और संयम का नाजायज फायदा उठायेगा तो देश की संप्रभुता की रक्षा में भारत किसी भी हद तक जा सकता है।

श्री सिंह ने गुरूवार को रक्षा उत्पादन तथा गुणवत्ता आश्वासन संगठन के एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना की और कहा कि भारत ने हमेशा जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका संयम से निभायी है लेकिन इसका नाजायज फायदा उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने हमेशा ही एक जिम्मेदार राष्ट्र होने की भूमिका बड़े संयम से निभायी है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं, कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए से हो। परंतु इसका अर्थ यह नहीं है, कि हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा उठाए। यदि कहीं, कोई, हमारे इस संयम का फायदा उठाने की कोशिश करता है, तो उसे कल की तरह ही क्वालिटी कार्रवाई का सामना करने के लिए भी पूरी तरह तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता की सुरक्षा में, कोई भी हद हमारे लिए बाधा नहीं बनेगी, इसका मैं देशवासियों को भरोसा देता हूँ। ऐसी जिम्मेदाराना कार्रवाई के लिए हम आगे भी पूरी तरह तैयार हैं। श्री सिंह ने कहा कि यदि भारत की यह तैयारी बनी है, तो इसमें गुणवत्ता आश्वासन संगठन की बड़ी भूमिका है। भारत का यह निरंतर बढता औद्योगिक दायरा देश को एक अभूतपूर्व संबल प्रदान कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत के दुर्जेय और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित सशस्त्र बलों के उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों से लैस होने के कारण ही ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सका है ।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों द्वारा बिना किसी निर्दोष व्यक्ति को नुकसान पहुँचाए और न्यूनतम क्षति के साथ ऑपरेशन को अंजाम देने की सटीकता की सराहना की और इसे राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण बताया। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविर नष्ट कर दिए गए और बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। यह दर्शाता है कि राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में गुणवत्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है।



नयी दिल्ली में गुरुवार को राष्ट्रीय क्वालिटी कान्क्लेव का उद्घाटन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य।



## राष्ट्रपति से मिले ईरान के विदेश मंत्री

**नयी दिल्ली। इस्लामिक गणराज्य ईरान के विदेश मंत्री डॉ. अब्बास अराघची ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद एकजुटताके लिए ईरान को धन्यवाद भी दिया।**

# सैन्य हमला हुआ तो मिलेगा करारा जवाब : जयशंकर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और ईरान के बीच 20वीं संयुक्त आयोग बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत का इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है लेकिन पाकिस्तान की ओर से सैन्य हमला होता है तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। ईरान के विदेश सैयद अब्बास अराकची भारत दौरे पर हैं। उनके साथ संयुक्त आयोग की बैठक की सह अध्यक्षता करते हुए जयशंकर ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि

### ईरानी विदेश मंत्री के साथ बैठक में डॉ. जयशंकर ने पाकिस्तान को दी चेतावनी

यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत हाल ही में जम्मू-कश्मीर में हुए बर्बर आतंकी हमले का जवाब दे चुका है। ईरानी प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक पड़ोसी और करीबी साझेदार के रूप में आपका इस स्थिति को समझना जरूरी है। भारत और ईरान के द्विपक्षीय संबंधों पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग कई क्षेत्रों में आगे बढ़ा



है, हालांकि कुछ मुद्दों पर चर्चा की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी और ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियान की अक्टूबर 2024 में कजान में हुई मुलाकात और 26 अप्रैल की टेलीफोन बातचीत ने इस साझेदारी को नई दिशा दी है।

# छेड़ने वालों को मांद में घुसकर मारता है नया भारत : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि विकसित भारत किसी को छेड़ता नहीं है। अनावश्यक किसी के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन अगर कोई हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके हमारे नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है तो नया भारत उसको छोड़ता भी नहीं है। उसकी मांद में घुसकर मारता है। कल इस भारत की ताकत का एहसास पूरी दुनिया ने किया है और आने वाले समय में भी दुनिया इसका एहसास करेगी। योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 494 सहायक



अध्यापक तथा 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि दुनिया बदल चुकी है। हमें उसके साथ अपने आप को लेकर चलना होगा।

# बीजापुर में आठ नक्सली ढेर, पांच जवान शहीद

एजेंसी

### करेर्गुट्टा पहाड़ में मुठभेड़, दो नक्सली कमांडर मारे गये

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में करेगुंट्टा पहाड़ पर चल रहे सबसे बड़े अभियान के बीच तेलंगाना में नक्सलियों ने ग्रेहाउंड्स की टीम को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है जिसकी चपेट में आकर ग्रेहाउंड्स के पांच जवान शहीद हो गए। इस बीच हुए मुठभेड़ में जवानों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया है, इनमें दो नक्सली कमांडर बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, ग्रेहाउंड्स की टीम एंटी नक्सल अभियान पर वाजिदु (टीजी) से निकली थी। तेलंगाना और बीजापुर की सीमा पर नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट में अब तक पांच जवान शहीद हुए हैं, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। मुठभेड़ में सीसी सदस्य चंद्रना और एसजेडसीएम बंडी प्रकाश समेत आठ नक्सली मारे गये। हमले के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव है और सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभालते हुए इलाके में मुठभेड़ शुरू कर दी है।

## इसरो 18 मई को रडार इमेजिंग सैटेलाइट इओएस-9 का प्रक्षेपण

**चेन्नई।** सीमा पर बढ़ते तनाव और पाकिस्तान के आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत के बीच इसरो 18 मई को रडार इमेजिंग सैटेलाइट ईओएस -09 के प्रक्षेपण के लिए कमर कस रहा है, जो विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की उच्च-रिजॉल्यूशन रडार इमेजरी प्रदान करेगा। पीएसएलवी - सी61/आरआईएसएटी-1बी का प्रक्षेपण 18 मई को सुबह 06.59 बजे श्रीहरिकोटा के शार रेंज के पहले लॉन्च पैड से होगा।

## शहीद दिनेश का राजकीय सम्मान के साथ संस्कार

**पलवल(हरियाणा)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में शहीद हुए हरियाणा के जिला पलवल, उपमंडल होडल के गांव नगला मोहम्मदपुर के लांस नायक दिनेश कुमार शर्मा का गुरुवार को उनके पैतृक गांव में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र और पिता ने दी मुखाग्निः शहीद दिनेश कुमार शर्मा के अंतिम संस्कार में उनके पुत्र दर्शन कुमार और पिता दयाचंद ने मिलकर पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी।



# मॉस्को में रूस का विजय दिवस परेड आज

## 29 देशों के राष्ट्राध्यक्ष होंगे शामिल, जिनपिंग क्रेमलिन पहुंचे

एजेंसी

**मॉस्को।** द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत का जश्न मनाने के लिए समूचा रूस तैयार है। इस विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर नौ मई को मॉस्को के रेड स्क्वायर में होने वाली विक्ट्री परेड में 29 देशों के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग परेड के मुख्य अतिथि होंगे। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आमंत्रण पर शी क्रेमलिन पहुंच चुके हैं।

रूस की समाचार एजेंसी तास के अनुसार रूस और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की आमने-सामने की मुलाकात होगी। इसके बाद दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच विस्तृत बातचीत होने की उम्मीद है। क्रेमलिन प्रेस सेवा के अनुसार



राष्ट्राध्यक्ष यूक्रेन संघर्ष और रूस-अमेरिका संबंधों सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस साल की शुरूआत से दोनों नेताओं के बीच तीसरी बार बातचीत होगी। दोनों ने जनवरी में वीडियो कॉन्फ्रेंस मीटिंग की और फरवरी के अंत में फोन पर बात की थी। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी भी विजय दिवस में हिस्सा लेने के लिए आज मॉस्को के लिए रवाना हुए हैं। उनके कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। अल-यूम अस-सबिया समाचार वेबसाइट के अनुसार, बयान में कहा गया है कि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी 9 मई को विजय दिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए ग्रीक की राजधानी एथेंस से मॉस्को की यात्रा पर रवाना हो गए। अल-सिसी की यह यात्रा रूस के राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर हो रही है।

मॉस्को विजय परेड में 29 देशों के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करेगा। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो, चीन के नेता शी जिनपिंग और वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव टो लैम के अलावा अजरबैजान, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, अब्खाजिया, बोस्निया, हजेगोविना, ब्राजील, बुर्किना फासो, वेनेजुएला, वियतनाम, गिनी-बिसाऊ, जिम्बाब्वे, कांगो, क्यूबा, लाओस, मंगोलिया, म्यांमार, फिलिस्तीन, सर्बिया, स्लोवाकिया, इक्वेटोरियल गिनी, इथियोपिया और दक्षिण ओसेशिया के नेता मौजूद रहेंगे। पुतिन द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के समारोह के लिए सितंबर में बीजिंग की यात्रा कर सकते हैं।

रूस की राजधानी में 29 देशों के नेताओं का आगमन वैश्विक मंच पर रूस के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। पुतिन शुक्रवार को चीन, ब्राजील और अन्य राष्ट्राध्यक्षों के समारोह की मेजबानी करेंगे। रूस के राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि भारत, निकारागुआ और दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व उल्लेखनीय रूप से उच्च स्तर पर होगा।

